# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में निवेशकों ने कहा



‘आत्मनिर्भर भारत’ के विकास पथ का ‘ध्वजवाहक’ मप्र



## 60 से अधिक देशों के विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया

### जीआईएस 2025 में बना ‘रिकॉर्ड’

*25 हजार से अधिक हुए रजिस्ट्रेशन*



*जीआईएस के लिए 9 देश पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागी हुए। इसमें कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान, मोरक्को, पोलैंड, रूस, रवांडा व यूनाईटेड किंगडम रहे।*

# 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए

सीएम ने कहा कि यह दिन मप्र के आर्थिक और औद्योगिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की ऐतिहासिक पहल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में हुए आठवें ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) में रिकॉर्ड 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए। यह पहली बार हुआ कि मप्र की नीतियों पर देश-विदेश के निवेशकों ने भरोसा जताया।

सबसे अधिक प्रस्ताव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के कुल 5 लाख 72 हजार करोड़ रुपए के आए। खनिज के कुल 3.22 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए। शहरी विकास एवं आवास विभाग के 1.97 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए। इसमें भी सबसे अधिक अडाणी ग्रुप ने 2.11 लाख करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया है। मप्र के दो दिनी जीआईएस में उद्योगपतियों व निवेशकों का भारी रूझान देखने को मिला। देश-विदेश से बड़ी संख्या में निवेशक जीआईएस में शामिल होने के लिए भोपाल आए।

यह पहली बार हुआ कि मप्र की नीतियों पर देश-विदेश के निवेशकों ने भरोसा जताया। सबसे अधिक प्रस्ताव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के कुल 5 लाख 72 हजार करोड़ रुपए के आए।

दो दिनी जीआईएस में उद्योगपतियों व निवेशकों का भारी रूझान देखने को मिला

### ◆ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही केंद्र सरकार के 12 मंत्री हुए शामिल



*समिट के दूसरे दिन अनलॉकिंग लैंड वैल्यूज इन सिटीज सेशन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी शामिल हुए।*

### मप्र की औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम अध्याय

जीआईएस के बेहद सफल आयोजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह दिन मप्र के आर्थिक और औद्योगिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की समिट अपनी अभूतपूर्व विशिष्टताओं और थीम अनंत संभावनाएं के कारण विशेष रही। पहली बार समिट एक मल्टी समिट प्रारूप में आयोजित की गई। इसमें विभिन्न क्षेत्रीय और सेक्टोरल विषयों पर केंद्रीत चर्चाएं हुईं।

#### ज्यादातर निवेशकों ने क्षेत्रीय स्तर पर उद्योग लगाने की पेशकश की

समिट की एक और खासियत यह रही कि उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा समापन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया। समिट में कई बड़े उद्योगपति गौतम अडाणी से लेकर नादिर गोदरेज, बिड़ला, जिंदल, टोरंट जैसे कंपनियों के निवेशक शामिल हुए। इसमें फोर्ज लिमिटेड के बाबा एन कल्याणी, राहुल अवस्थी ग्लोबल हेड आफ ऑपरेशन, सन फार्मा के नीरज अखौरी के साथ ही उद्योग से जुड़े कुल 12 कंपनियों ने भागीदारी की। जबकि शहरी विकास में कुल 10, ऊर्जा में 6, खनिज में 12, नवकरणीय ऊर्जा में 7, पर्यटन में 10 बड़ी कंपनियों ने भागीदारी की। इसमें ज्यादातर निवेशकों ने भोपाल, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, चंबल, के साथ ही ग्वालियर, शहडोल, सागर, रीवा में उद्योग लगाने की पेशकश की।

### यह विदेशी प्रतिनिधि जीआईएस में हुए शामिल

*समिट में जिंबाब्वे सरकार के उप मंत्री राज मोदी, नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, मोरक्को के राजदूत मोहम्मद मलीकी, जिंबाब्वे के राजदूत सुश्री स्टेला न्कोमो, बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिजायर बोनिफेस सोम, माली के राजदूत फेलिक्स डायलो, मोल्दोवा के राजदूत सुश्री अना तबान, फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी, रवाना के उच्चायुक्त सुश्री जैकलीन मुकांगीरा, लेसोथो के राजदूत सुश्री लेबोहांग वेलेंटाइन मोचाबा, जापान के महावाणिज्यदूत यागी कोजी, स्विट्जरलैंड के महा वाणिज्य दूत मार्टिन मेयर, रूस के महा वाणिज्य दूत इवान वाई फेटिसोव, इटली के महा वाणिज्य दूत वाल्टर फेरारा, थाईलैंड के महा वाणिज्य दूत डोना विट पूल्सावत, कनाडा के सीईओ जेंस माइकल शाल, जापान के महानिदेशक हिरोयुकी कितामुरा, नार्वे के पूर्व मंत्री एरिक गुडब्रांड शामिल हुए। इसके अलावा 300 से अधिक बृहद इकाइयों के चेयरमैन, सीईओ व मैनेजिंग डायरेक्टर भी शामिल हुए।*

### प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह केवल निवेश का मंच ही नहीं था, बल्कि विचार मंथन, नीति निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर था। उन्होंने कहा कि मप्र की यह यात्रा यहीं नहीं रूकेगी, हम निवेशकों के विश्वास को मजबूती देंगे। नई नीतियां लागू करेंगे। आधारभूत संरचना को और सशक्त करेंगे। प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि मप्र आत्मनिर्भर भारत के विकास पथ का ध्वजवाहक बने। यह समिट इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।*

### सीएम का आभार, हमें आमंत्रित कर हमारे देश का सम्मान बढ़ाया: जेकलीन मुकन्गिरा

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मैं आभारी हूं कि उन्होंने हमें आमंत्रित कर हमारे देश का सम्मान बढ़ाया है। यह बात ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल होने आए रवांडा प्रतिनिधि जेकलीन मुकन्गिरा ने कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश भारत और मध्यप्रदेश के साथ व्यापार, वाणिज्य एवं औद्योगिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है। मध्यप्रदेश में आज हर क्षेत्र में निवेश के लिए अपार संभावनाएं बनी हैं। जेकलीन ने कहा कि जुलाई 2018 में प्रधानमंत्री रवांडा आए थे। उसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार, वाणिज्य, उद्योग में सहभागिता बढ़ी है। दोनों देशों के मधुर संबंध है। मप्र में रक्षा, कृषि, अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिक संभावनाएं है। हमारे देश के राष्ट्रपति ने भी पांच बार भारत की यात्रा की है।*

### भोपाल में हुए सत्कार से अभिभूत: सेबेस्टीयन डुबोलोस्की

*ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में पौलेंड के प्रतिनिधि सेबेस्टीयन डुबोलोस्की ने कहा कि मैं भोपाल, मध्यप्रदेश में हुए सत्कार से अभिभूत हूं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में सबकुछ मुमकिन है। गत वर्ष मोदी पौलेंड गए थे। उसके बाद से वहां विकास के नए अवसर खुले है। पोलेंड में व्यापार और निवेश करना अत्यंत आसान है। मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश के लिए प्रतिनिधि देश है। उसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार, वाणिज्य, उद्योग में सहभागिता बढ़ी है। भोपाल में हुई समिट में आकर मुझे ऐसा लग रहा है कि मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अच्छी अपॉर्चुनिटी हैं। भोपाल में मिले मान सम्मान के लिए मैं मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। यहां पर हुए हुए सत्कार से अभिभूत हुआ।*

### फिजी एक छोटा हिन्दुस्तान: जगन्नाथ सामी

*भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे रिश्ते है। फिजी एक छोटा हिन्दुस्तान है। इस रिश्ते की शुरूआत वर्ष 1879 में हुई जब भारत से 60 हजार व्यक्ति गन्ने की खेती करने फिजी आए, उनमें से 40 हजार व्यक्ति यहीं रह गए। आज भी फिजी की जनसंख्या में 33 प्रतिशत भारतीय हैं। यह कहना है ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में भोपाल आए फिजी के प्रतिनिधि जगन्नाथ सामी का। सामी ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिजी आए थे। भारत द्वारा फिजी में 100 बिस्तरीय आधुनिक चिकित्सा सुविधा वाला चिकित्सालय बनबाया जा रहा है। समिट में शामिल होकर महसूस किया कि मप्र में भी कृषि, ऊर्जा, वन, स्वास्थ्य, विनिर्माण, मत्स्य पालन, खनन आदि क्षेत्रों में दोनों के बीच व्यापार व्यवसाय और निवेश की बड़ी संभावनाएं है।*

### मैने भी गंगा में डुबकी लगाकर अपने पाप धोए: एरिक गुडब्रांड

भोपाल भारत की स्वच्छत राजधानी है। यहां की खूबसूरती मन मोह लेती है। यह बात नार्वे के प्रतिनिधि एरिक गुडब्रांड ने कही। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में भोपाल आए गुडब्रांड ने प्रयागराज महाकुंभ की सराहना करते हुए कहा कि विश्व का अद्भूत आयोजन है, मैने भी गंगा में डुबकी लगाकर अपने पाप धोए है। जीआईएस में प्रधानमंत्रीमोदी ने ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में अपार संभावनाओं का उल्लेख किया। इस दिशा में हम कार्य करने के इच्छुक है। मध्यप्रदेश भारत का टाईगर स्टेट है। उज्जैन में महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर में आदिशंकराचार्य आध्यात्म के प्रतीक हैं। गुडब्रांड ने कहा कि यह विश्व सभ्यता को भारत का अमूल्य योगदान है।

### नेपाल में अंग्रेजी कैलेंडर नहीं उज्जैन का विक्रम संवद् : डॉ. शंकर प्रसाद

*नेपाल के प्रतिनिधि डॉ. शंकर प्रसाद ने कहा कि उज्जैन से विक्रम संवद् का प्रारंभ हुआ था। आज भी नेपाल में अंग्रेजी कैलेंडर नहीं बल्कि विक्रम संवद् प्रचलन में है। यह भारतीय संस्कृति के प्रति हमारी अटूट आस्था को प्रकट करता है। भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ काडमांडू नेपाल में है। नेपाली और हिंदी दोनों भाषाएं संस्कृत से निकली है। नेपाल बुद्ध सर्किट, रामायण सर्किट का हिस्सा है और अब शिव सर्किट का भी हिस्सा बनने वाला है। नेपाल में बनी चीजें ड्यूटी फ्री और कोटा फ्री है। यहां आने के लिए पासपोर्ट और वीजा नहीं लगता है। नेपाल के साथ भारत*

### मध्यप्रदेश में अच्छी अपॉर्चुनिटी: ओविलिया फर्नांडिस

दुबई के ओजोन ग्रुप की फाउंडर ओविलिया फर्नांडिस ने बताया कि हमारी कंपनी एविएशन फील्ड में मध्यप्रदेश में निवेश करने जा रही है। मध्यप्रदेश में अच्छी अपॉर्चुनिटी हैं। मुझे ऐसा लग रहा है कि हरदा में ईको एग्रीकल्चरल टूरिज्म बेस्ट है। महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर में यूरोपियन टूरिस्ट आ सकते हैं। हम यहां यूरोपियन टूरिज्म के लिए तीन हवाई जहाज शुरू करने का प्लान कर रहे हैं। यूरोपियन टूरिज्म की सुविधा के लिए दुबई का ओजोन ग्रुप ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ एक एमओयू साइन किया हैं। भोपाल अतुलनीय भारत का हृदय है। भारत के दुबई के बहुत अच्छे व्यापार संबंध है। मध्यप्रदेश के साथ कार्य करने के लिए उत्सुक है।

**महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन**

*प्रातः 9 से 12 बजे तक 11 ब्राह्मणों द्वारा होगा लघुरुद्राभिषेक*

## आज रात 2.30 तक खुले रहेंगे महाकाल मंदिर के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन




महाकालेश्वर मंदिर में शिव नवरात्र के रूप में इस पर्व को मनाया जाता है। इन नौ दिनों में भगवान का विशेष अभिषेक, पूजन, कथा कर नित नए श्रृंगार बाबा महाकाल के किए जाते हैं। वरिष्ठ पुजारी महेश पुजारी ने बताया कि यह पर्व फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी से प्रारंभ होता हैं इसके अंतर्गत कोटि तीर्थ कुंड पर कोटेश्वर महादेव पर नौ दिनों तक 11 ब्राह्मणों द्वारा अभिषेक किया जाता है पश्चात वीरभद्र पूजन कर बाबा महाकाल का प्रातः 9 से 12 बजे तक 11 ब्राह्मणों द्वारा लघुरुद्राभिषेक किया जाता है। सायंकाल में भगवान के नित नए श्रृंगार होते हैं जिसमें पंचमी के दिन चंदन श्रृंगार करने के बाद वस्त्र धारण कराए जाते हैं। दूसरे दिन चंदन श्रृंगार कराकर वस्त्र ओर शेषनाग धारण कराए जाते हैं। तीसरे दिन घटाटोप मुखारबिंद से,चौथे दिन छबीना श्रृंगार ,पांचवे दिन होलकर मुखौटा श्रीनगर, छठे दिन मन महेश मुखौटा श्रृंगार, सातवें दिन उमा महेश श्रृंगार ओर आठवें दिन अर्थात फाल्गुन द्वादशी प्रदोष पर्व पर शिव तांडव का श्रृंगार किया जाता है। जिसका भक्त लोग दर्शन करते हैं इस वर्ष 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर रात 2:30 बजे मंदिर के पट खुलेंगे।

*महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु आ*

## 100 से लेकर 500 किलो से ज्यादा वजन के त्रिशूल लेकर आ रहे भक्त

सादिक अली ⏭ पचमढ़ी

महादेव की पवित्र नगरी पचमढ़ी में महाशिवरात्रि मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 17 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु भगवान चौरागढ़ महादेव एवं जटाशंकर के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। अब तक लगभग 1,50,000 से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालु नांदिया जंक्शन होते हुए भी चौरागढ़ महादेव तक पहुंच रहे हैं। इस मंदिर में त्रिशूल का बहुत महत्व है। यहां आने वाले भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए त्रिशूल चढ़ाते हैं। इस बार भक्त 500 किलो व 100 किलो से ज्यादा वजनी त्रिशूलों को लेकर पहाड़ पर चढ़ते दिखे रहे हैं। दरअसल, बात उस समय की है जब यहां चोरा बाबा ने तपस्या की थी। जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए और अपना त्रिशूल इसी स्थान पर छोड़ कर चले गए थे। ठीक उसी समय के बाद से चौरागढ़ मंदिर में त्रिशूल चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई थी।







महाकुंभ अपने चरम पर पहुंच चुका है।




## महाशिवरात्रि से पहले महाकुंभ में उमड़ा जन सैलाब

# 64 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया पुण्य स्नान

## मेला प्रबंधन का स्वास्थ्य व सुरक्षा पर विशेष ध्यान

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकुंभ अपने चरम पर पहुंच चुका है। 144 साल बाद बने इस अद्भुत संयोग का साक्षी बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु संगम तट पर उमड़ पड़े हैं। चहुंओर केवल श्रद्धालुओं का रेला दिखाई दे रहा है। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ महाकुंभनगर

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकुंभ अपने चरम पर पहुंच चुका है। 144 साल बाद बने इस अद्भुत संयोग का साक्षी बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु संगम तट पर उमड़ पड़े हैं। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में रोज सवा करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगाकर शांति और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। 10 दिन से लगातार चढ़ रहे आस्था के इस महाज्वार को देखते हुए स्वास्थ्य और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान के सहभागी बन चुके हैं। इसे देखते हुए महाशिवरात्रि पर यह आंकड़ा 66 करोड़ के पार हो जाने की संभावना है। सनातन धर्मावलंबी दुनिया में आज तक कहीं दूसरी जगह एक साथ ऐसे नहीं देखे गए। गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा सात बार दो करोड़ के पार जा चुका है।

### स्नान मार्ग तय किए

- दक्षिणी झूसी से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार ऐरावत घाट पर स्नान कर सकेंगे।
- उत्तरी झूसी से आने वाले श्रद्धालु संगम हरिश्चंद्र घाट और संगम ओल्ड जीटी घाट पर स्नान करेंगे।
- परेड से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार भारद्वाज घाट, संगम द्वार नागवासुकि घाट, संगम द्वार मोरी घाट, संगम द्वार कालीघाट, संगम द्वार रामघाट, संगम द्वार हनुमान घाट पर स्नान करेंगे।
- अरैल से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार अरैल घाट पर स्नान करेंगे।
- दूध, सब्जी, दवाइयां, पेट्रोल/डीजल, एम्बुलेंस जैसी आवश्यक सामग्रियों की गाड़ियों और सरकारी कर्मचारियों (डॉक्टर, पुलिस, प्रशासन) के वाहनों पर कोई रोक-टोक नहीं होगी।

### *महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश के नए पंच तीर्थ को जोड़ा: योगी*

*लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में कहा कि महाकुंभ ने प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा, गोरखपुर को नए पंच तीर्थ के रूप में जोड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अब नए युग की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में सभी को अपनी दृष्टि के अनुरूप चीजें देखने मिली है। योगी ने कहा कि महाकुंभ दुनिया में अब तक हुए सभी आयोजनों के रिकॉर्ड तोड़ रहा है।*

### महाशिवरात्रि पर प्रयागराज में नो-व्हीकल जोन प्लान लागू

प्रयागराज की पावन धरती पर चल रहे महाकुंभ 2025 का समापन अब बेहद करीब है। भक्ति, आस्था और श्रद्धा के इस महासंगम को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए मेला पुलिस प्रबंधन ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व में भीड़ प्रबंधन को लेकर आज मंगलवार से मेला क्षेत्र और प्रयागराज में नो-व्हीकल जोन लागू कर दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को स्नान और दर्शन का अवसर निर्बाध रूप से मिल सके। 25 फरवरी को अपराह्न 4:00 बजे से नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है, जबकि प्रयागराज कमिश्नरेट को सायंकाल 6:00 बजे से नो-व्हीकल जोन बनाया जाएगा।

### हर-हर महादेव, हर-हर गंगे...नूपुर ने लगाई डुबकी

आस्था के सबसे बड़े समागम प्रयागराज महाकुंभ में देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन जारी है। भाजपा की पूर्व नेता नूपुर शर्मा मंगलवार को प्रयागराज पहुंची और उन्होंने संगम में स्नान किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हर-हर महादेव, हर-हर गंगे।

## खबर संक्षेप

### केरल में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से शख्स की मौत




**तिरुवनंतपुरम।** केरल में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से पीड़ित एक 58 वर्षीय शख्स की सोमवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान जॉय इयपे के रूप में हुई हो जो कोच्चि के कवाना का रहने वाला था। जॉय को इलाज के लिए कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।

### होस्टल में 10वीं की छात्रा ने बच्चे को दिया जन्म



**मलकानगिरी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में एक सरकारी आवासीय स्कूल के छात्रावास में 10वीं कक्षा की एक छात्रा के एक बच्चे को जन्म देने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने बताया,सोमवार को बोर्ड परीक्षा देने के बाद छात्रावास लौटने पर बच्ची को जन्म दिया।

### मंत्रालय की 7वीं मंजिल से लगा दी छलांग



**मुंबई।** महाराष्ट्र से एक चौंकाने वाली खबर है। यहां एक शख्स ने मंत्रालय (मुंबई में महाराष्ट्र सरकार का प्रशासनिक मुख्यालय) की 7वीं मंजिल से छलांग लगा दी है। गनीमत ये रही कि शख्स की जान बच गई क्योंकि बीच में सुरक्षा जाली लगी हुई थी। ये शख्स जमीन के मामले में धोखा होने से न्याय मांगने के लिए आया था।

### मिड-डे मील खाने से 84 बच्चे हो गए बीमार



**लखीसराय।** यहां मिड-डे मील खाने से 84 बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चों को आनन-फानन सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के उपरांत सभी बच्चों को घर वापस भेज दिया गया है। घटना सोमवार को पिपरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुड़वरिया में घटित हुई है।

### शिकायत करने पहुंची नाबालिग से रेप, अरेस्ट



**बेंगलुरु।** जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो जनता को न्याय कहां से मिलेगा? ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंची एक नाबालिग लड़की के साथ रेप की घटना हुई है और रेप के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है।

## कैग रिपोर्ट : शराब बिक्री का कमीशन 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किया गया

# 2000 करोड़ का घाटा, लाइसेंस देने में की गई भारी अनियमितता, एक को दिए दर्जनों लाइसेंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*सीएम रेखा ने दिल्ली विधानसभा में पेश की कैग रिपोर्ट, हंगामा*

*मंगलवार को 14 कैग रिपोर्ट में से पहली रिपोर्ट रखी*

दिल्ली विधानसभा सत्र का मंगलवार को दूसरा दिन था। सबसे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इसके बाद दिल्ली सरकार ने कैग रिपोर्ट को पेश किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन में शराब नीति से जुड़ी कैग रिपोर्ट को विधानसभा में रखा।

14 कैग रिपोर्ट में से मंगलवार को पहली कैग रिपोर्ट रखी गई है। नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को करीब 2000 हजार करोड़ का घाटा लगा। नई शराब नीति में पहले के एक व्यक्ति को एक लाइसेंस मिलता था। लेकिन नई नीति में एक शख्स को दो दर्जन से ज्यादा लाइसेंस ले सकता था। पहले दिल्ली में 60 फीसदी शराब की बिक्री 4 सरकारी कॉर्पोरेशन से होती थी। लेकिन नई शराब नीति में कोई भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस ले सकती है। शराब बिक्री का कमीशन 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किया गया। कैग रिपोर्ट में बताया गया है कि थोक का लाइसेंस शराब वितरक और शराब निर्माता कंपनियों को भी दे दिया गया, जो कि उल्लंघन था। लाइसेंस देने से पहले आर्थिक या आपराधिक कोई जांच नहीं की गई।



### *कैग रिपोर्ट पेश करने में लापरवाही की: स्पीकर*

*दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कैग रिपोर्ट को लेकर कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने कैग रिपोर्ट को लेकर बेहद गंभीर टिप्पणी की थी। कैग रिपोर्ट को पेश करने में लापरवाही बरती गई थी। कैग रिपोर्ट को पिछली सरकार ने जानबूझ कर रोके रखा था। उपराज्यपाल के पास समय रहते रिपोर्ट को नहीं भेजा गया था। आज एक रिपोर्ट पेश की गई है। रिपोर्ट कई हैं। मैं चाहता हूं कि हर विभाग की कैग रिपोर्ट को पेश किया जाए।*

### *नई शराब नीति में आप सरकार ने किया कई नियमों का उल्लंघन*

*लिक्वर जाइन के लिए 100 करोड़ के निवेश की जरूरत होती थी। लेकिन नई पॉलिसी में इसे खत्म कर दिया गया। शराब लाइसेंस देने में राजनीतिक दखल और भाई-भतीजावाद हुआ। विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज किया था। रिपोर्ट में 941.53 करोड़ के राजस्व के नुकसान का दावा है। गैर अनुरूप नगरपालिका वार्ड में शराब की दुकानें खोलने के लिए समय पर अनुमति नहीं ली गई। लाइसेंस शुल्क के रूप में लगभग 890.15 करोड़ का नुकसान हुआ। लाइसेंसधारियों को अनियमित अनुदान छूट के कारण 144 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ।*

### 28 फीसदी से ज्यादा भ्रष्टाचार ठेकेदारों ने किया: आतिशी



पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष की नेता आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस रिपोर्ट ने हमारी बात को पुख्ता किया है। शराब की कितनी बिक्री हो रही थी, इसमें भ्रष्टाचार था। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि 28 प्रतिशत से ज़्यादा भ्रष्टाचार ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा था और पैसा दलालों की जेब में जा रहा था। शराब की कालाबाज़ारी हो रही थी, और सबको पता था कि शराब के ठेके किस पार्टी के लोगों के पास हैं। शराब के ठेकेदारों ने लागत मूल्य की गलत गणना करके मुनाफ़ा कमाया।

### एलजी ने सत्र को किया संबोधित

## महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपए देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता



दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपए देने का वादा करते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को 'विकसित दिल्ली' घोषणापत्र को नई सरकार के मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में रेखांकित किया, जो भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका सम्मान का पालन करेगी। सत्र को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका सम्मान' मेरी सरकार की दिशा तय करेगी, मेरी सरकार लोगों की बढ़ती उम्मीदों और आकांक्षाओं के प्रति पूरी तरह सचेत है..मेरी सरकार इन 10 क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देगी- भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, महिला सशक्तिकरण, गरीबों का कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, अच्छा शिक्षा मॉडल, विश्व स्तरीय सड़कें, स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त दिल्ली, स्वच्छ यमुना, स्वच्छ जल और अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण।

### आतिशी समेत विपक्ष के सभी विधायक निलंबित

दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल वीके सक्सेना अभिभाषण के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। अभिभाषण शुरू होते ही आप विधायकों ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से भीमराव आंबेडकर की फोटो हटाने का विरोध करना शुरू कर दिया। इस पर गुप्ता ने सभी विधायकों को पूरे दिन के लिए सदन से निष्कासित कर दिया। अभिभाषण में भाजपा सरकार की भावी योजना का उल्लेख किया साथ ही आप की पिछली सरकार की नाकामियों की भी चर्चा की। उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भाजपा विधायक 'मोदी-मोदी' के नारे लगाते दिखे।

### सीजेआई ने ढांडा की अर्जी ठुकराई

## बांग्लादेश पड़ोसी देश है, हम अर्जी पर दखल नहीं दे सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने लुधियाना स्थित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष और इस्कॉन मंदिर संचालन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश ढांडा द्वारा दायर उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर लक्षित हिंसा से हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की गई थी। सीजेआई और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने विदेशी मामलों और पड़ोसी देश के आंतरिक घटनाक्रमों के मुद्दों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

### याचिका खारिज कर दी



लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार सीजेआई ने दो टूक कहा कि यह विदेश का मामला है और यह अदालत दूसरे देश के मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकती है। यह बहुत अजीब होगा अगर यह अदालत दूसरे देश के मामले में हस्तक्षेप करेगी। हम कैसे इस मामले में दखल दे दें, वह हमारा पड़ोसी देश है। इसके बाद वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने जनहित याचिका वापस ले ली, फिर पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

### वाणिज्य मंत्री गोयल और ब्रिटेन के राज्य मंत्री जोनाथन की सेल्फी पोस्ट की

### कांग्रेस से बढ़ी तल्खियों के बीच यह भी खूब

## मोदी के मंत्री संग थरूर ने ली सेल्फी एफटीए वार्ता को स्वागतयोग्य बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यापार राज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट की और कहा कि लंबे समय से रुकी हुई भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता का पुनरोद्धार स्वागत योग्य है।

सोमवार को एक कार्यक्रम में अपनी मुलाकात के बारे में उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- जोनाथन के साथ गोयल की मौजूदगी में बातचीत करके अच्छा लगा। थरूर ने एक्स पर कहा कि लंबे समय से रुकी हुई एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो बहुत स्वागत योग्य है।

### थरूर की पोस्ट से सियासी हलचल बढ़ी



थरूर की पोस्ट ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, क्योंकि यह एक अखबार में उनके हाल के लेख को लेकर विवाद के बीच आया है, जिसमें केरल के कुछ कांग्रेस नेताओं ने राज्य में निवेश के माहौल को बढ़ावा देने के लिए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार की कथित प्रशंसा के लिए आलोचना की थी। एलडीएफ सरकार के तहत केरल में उद्यमशीलता के विकास की प्रशंसा करते हुए एक अंग्रेजी भाषा के दैनिक में थरूर के लेख ने एक सप्ताह पहले राज्य में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था, जिसमें कांग्रेस ने सवाल उठाए थे, जबकि सीपीआई (एम) ने स्वागत किया था।

### डबल इंजन की स्पीड से असम को मिला डबल एडवांटेज

# भाजपा सरकार में यहां की इकोनॉमी दोगुनी हो गई

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को असम की राजधानी गुवाहाटी के खानापाड़ा में दो दिनों के एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है तब से असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर 6 लाख करोड़ रहो गया है। यह डबल इंजन सरकार और डबल इंजन की स्पीड का असर है। पूर्वी भारत और नॉर्थ-ईस्ट की पवित्र धरती पर आज नए भविष्य की शुरुआत हो रही है। ये एडवांटेज पूरी दुनिया को असम की प्रगति से जोड़ने का महाअभियान है।

*गुवाहाटी में बोले पीएम मोदी*



### *भारत अपनी स्थानीय सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा*

*पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत अपनी स्थानीय सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है। आज भारत, दुनिया के अलग-अलग इलाकों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार मजबूत हो रही है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा भी अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है।*

### *भारत लंबे विजन पर काम कर रहा*

*पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत आने वाले 25 सालों की 21वीं सदी के दीर्घकालिक विजन को ध्यान में रखते हुए एक के बाद एक कदम उठा रहा है। बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। आज दुनिया को भारत की युवा आबादी पर भरोसा है जो बहुत तेजी से स्किल्ड हो रही है। आज दुनिया को भारत के 140 करोड़ लोगों पर भरोसा है जो राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत निरंतरता का समर्थन करते हैं। आज दुनिया को भारत की गवर्नेंस पर भरोसा है, जो लगातार सुधार कर रही है।*

### *6 साल में अर्थव्यवस्था में आया उछाल*

*पीएम मोदी ने कहा कि आज असम का योगदान तेजी से बढ़ रहा है। 2018 में एडवांटेज असम का पहला संस्करण लॉन्च किया गया था। भाजपा सरकार के शासन में असम की अर्थव्यवस्था 6 साल में दोगुनी हो गई है। यह डबल इंजन वाली सरकार का दोहरा असर दिखाता है। पहले रेल बजट के लिए औसतन 2,100 करोड़ मिले थे, लेकिन 10,000 करोड़ तक कर दिया।*

### नगरकुरनूल सुरंग हादसा

## चौथे दिन श्रमिकों से 40 मीटर दूर रहे हाथ, जीएसआई विशेषज्ञ बुलाए गए

एजेंसी ▶▶ नगरकुरनूल

तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा ढहने के बाद से वहां फंसे आठ श्रमिकों के बचने की संभावनाएं लगातार कम होती दिख रही है।

लगातार बढ़ रहे जलस्तर और कीचड़ के चलते बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। लोगों को बचाने आगे का रास्ता सुझाने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान



संस्थान (एनजीआरआई) के विशेषज्ञों की मदद ली है। एक अधिकारी ने बताया कि जीएसआई और एनजीआरआई के विशेषज्ञों को बचाव प्रयासों में शामिल किया गया है। जिलाधिकारी बी. संतोष ने कहा कि आगे कोई भी कदम उठाने से पहले सुरंग की स्थिरता को ध्यान में रखा गया है।

जबलपुर
बुधवार, 26 फरवरी 2025
■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष -14
■ वर्ष : 19, अंक : 293
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 12

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

कुबेरेश्वरधाम पर आस्था का महाकुंभ



## रुद्राक्ष महोत्सव शुरू, 2 हजार सेवादार और 3 हजार से ज्यादा पुलिस तैनात

- यह महोत्सव 3 मार्च तक चलेगा
- पंडाल और डोम श्रद्धालुओं से भरे

इस बार एक करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को अभिमंत्रित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शिव पुराण का यही संदेश है कि भगवान शिव की आराधना करने वाला दुखीनहीं रहता । भगवान भोलेनाथ की भक्ति में बहुत ही शक्ति है। भोलेनाथ पर विश्वास करने वालों की पलट जाती है किस्मत। उक्त विचार पं. प्रदीप मिश्रा ने जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर मंगलवार से आरंभ हुए सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के पहले दिन लाखों श्रद्धालुओं से कहे।

पहले दिन यहां पर रुद्राक्ष के निर्मित रुद्राक्ष शिवलिंग का पूर्ण विधि-विधान से अभिषेक का क्रम सुबह नौ बजे से आरंभ किया गया और दोपहर में शिव महापुराण का शुभारंभ किया गया। यह महोत्सव 3 मार्च तक चलेगा।

### चार लाख स्क्वायर फीट में पांच डोम और भव्य पंडाल

महोत्सव में 27 फरवरी और 1 मार्च को प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से 2000 से अधिक सेवादार व्यवस्था के लिए पहुंचे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आयोजन के लिए यहां चार लाख स्क्वायर फीट में पांच डोम और भव्य पंडाल बनाए गए हैं, जो फुल हो गए थे। शिवमहापुराण समारोह को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा पहले ही पार्किंग व्यवस्था और रूट डायवर्ट किया गया था। जिला प्रशासन ने भी एक दर्जन से अधिक विभागों के आला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। दोपहर में 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथा और रात्रि में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री शाह ने किया जीआईएस का समापन, कहा-पीएम के लक्ष्यों को साकार करने में सहायक होगी यह समिट

# मप्र में लैंड-लेबर फोर्स, माइंस-मिनरल्स सब कुछ, इसलिए यहां संभावनाएं ज्यादा

मप्र बीमारू था भाजपा सरकार ने 20 साल में बदल कर रख दिया

सारी अनुमितयों के लिए सिंगल खिड़की प्रणाली है और नीतियों नियमों को सरल बनाया गया

*शाह ने कहा कि कोई एक सरकार देश का विकास नहीं कर सकती। टीम इंडिया में राज्य सरकार और भारत सरकार को मिलकर काम करना होगा*





### सीएम डॉ. यादव की तारीफ

शाह ने कहा कि सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह भी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निवेश के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश में लैंड है, लेबर फोर्स भी और माइंस-मिनरल्स भी भरपूर मात्रा में हैं। इस कारण यहां औद्योगिक विकास की सभावनाएं और अवसर ज्यादा हैं। शाह मंगलवार को भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता के सामने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य भी रखा है। उन्होंने कहा कि मप्र की ये समिट दोनों लक्ष्यों को साकार करने में सहायक होगी। कोई एक सरकार देश का विकास नहीं कर सकती। टीम इंडिया में राज्य सरकार और भारत सरकार को मिलकर काम करना होगा।

### देश को रास्ता दिखाएगी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

शाह ने कहा यह समिट मप्र के लिए युग परिवर्तनकारी है। उन्होंने मध्यप्रदेश में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के प्रयोग की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि ये नया प्रयोग आने वाले दिनों में बहुत सारे प्रदेशों को रास्ता दिखाने वाला है। शाह ने कहा कि हर क्षेत्र का एक अलग इन्वेस्टमेंट समिट 2 दिन का करके पूरे मध्यप्रदेश का समविकास करने का प्रयास किया गया है। मध्यप्रदेश के अंदर उद्योगगत इन्वेस्टमेंट बढ़ाने का काम इस प्रयोग ने किया है, ऐसा मैं मानता हूं।

### मार्केट का एक्सेस भी मप्र से ज्यादा कहीं नहीं

*शाह ने कहा कि मप्र में एक स्ट्रैटेजिक लोकेशन है। बेहतरीन इंफ्रास्ट्रचर यहां बन चुका है। ईकोसिस्टम भी प्रशासन ने उपलब्ध कराया। मार्केट का एक्सेस भी मप्र से ज्यादा किसी स्टेट को उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा पारदर्शी शासन ने लोगों को इन्वेस्टमेंट के लिए आकर्षित किया है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनकी वजह से निवेशकों को कोई परेशानी नहीं होंगी। सारी अनुमितयों के लिए सिंगल खिड़की प्रणाली है और नीतियों, नियमों को सरल बनाया गया है।*

### शाह का भोपाल आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत

शाह का मंगलवार को भोपाल आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। शाह शाम 4 बजे विशेष विमान से राजकीय विमानतल पर पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका पुष्प-गुच्छ भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया। डीजीपी कैलाश मकवाना, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा ने भी उनका स्वागत किया।

### अधिकतर एमओयू जमीन पर उतरेंगे

शाह ने कहा कि समिट में लोकल और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट के कई डायमेंशन अचीव किए गए हैं। समिट में 200 से अधिक भारतीय कंपनियां, 200 से अधिक वैश्विक सीईओ, 20 से अधिक यूनिकॉन संस्थापक और 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश में इन्वेस्टमेंट करने के लिए और यहां के माहौल को देखने के लिए आए हैं। ये मध्यप्रदेश के लिए बहुत बड़ा अचीवमेंट है। उन्होंने कहा कि देश में मध्य प्रदेश निवेश के लिए एक बड़ा आकर्षण केंद्र बना है। जो मध्य प्रदेश कभी बीमारू राज्य माना जाता था, उसे भाजपा की सरकार ने 20 साल में बदलकर रख दिया है। शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह की कार्ययोजना सरकार ने बनाई है, इसमें से अधिकतर एमओयू जमीन पर उतरेंगे। भाजपा सरकार के 20 साल के कार्यकाल में मप्र में आज 5 लाख किमी रोड नेटवर्क है। 6 हवाई अड्डे हैं, 31 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता है। इसमें से 30 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी है। देश भर में सबसे ज्यादा खनिज संपदा पैदा करने वाला राज्य भी यह प्रदेश है। मप्र देश का कॉटन कैपिटल भी बन गया है। फूड प्रोसेसिंग के लिए भी मप्र महत्वपूर्ण राज्य माना जाता है।

कार्य और उपलब्धियों के आधार पर चयन

## आईएसओ पाने वाला बना देश का पहला भोपाल आयकर कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नवीन आयकर भवन भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय भोपाल को लोक प्रशासन की कैटेगरी में आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। यह सर्टिफिकेट यूनिवर्सल सर्टिफिकेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड भोपाल ने क्वालिटी मैनेजमेंट सर्विसेस के लिए दिया है। यह सर्टिफिकेट पाने वाला यह भारत का पहला प्रशासनिक आयकर कार्यालय है। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) पुरुषोत्तम त्रिपुरी ने कहा कि इस कार्यालय में पदस्थ सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के कुशलता पूर्वक संपन्न किए गए।

*महाकुंभ के आखिरी स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 9 मिनट से लेकर 5 बजकर 59 मिनट तक*

# महाकुंभ का आखिरी स्नान आज, 44 दिन में 64.33 करोड़ ने लगाई डुबकी

प्रशासन बोला- नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जाएं

महाशिवरात्रि पर हर साल शहर में 16 किमी की शोभायात्रा निकाली जाती है, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार यह यात्रा नहीं निकाली जाएगी

निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात किए गए



मेले के आखिरी दिन प्रयागराज में वाहन बैन

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ का समापन महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर यानी बुधवार को समापन होगा। आस्था के इस महापर्व में देश-विदेश से आए करोड़ों लोग त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में मंगलवार को जबरदस्त भीड़ रही। शाम 4 बजे तक 97.21 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। इस तरह 13 जनवरी से अब तक 44 दिन में 64.33 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाशिवरात्रि के स्नान पर्व को देखते हुए ट्रैफिक प्लान बदला गया है।

### महाकुंभ आखिरी स्नान और दान का शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन महाकुंभ के आखिरी स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 9 मिनट से लेकर 5 बजकर 59 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा प्रातः संध्याः 05:34 बजे से लेकर 06:49 बजे तक रहेगा। अमृत कालः 07:28 बजे से लेकर 09:00 बजे तक रहेगा। विजय मुहूर्तः 02:29 बजे से लेकर 03:15 बजे तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्तः 06:17 से लेकर 06:42 बजे तक रहेगा।

### रीवा में एसयूवी ट्रक से टकराने से 3 श्रद्धालुओं की मौत

जिले में प्रयागराज में महाकुंभ से लौटते समय एक वाहन के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि सात अन्य घायल हो गए। मनगवा पुलिस थाने की अधिकारी वर्षा सोनकर ने बताया, कि यह घटना रीवा जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोमवार रात करीब 10.30 बजे हुई, जब वाहन चालक को झपकी आ गई ।







### सिख विरोधी दंगे में सज्जन को उम्रकैद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख दंगे से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। सज्जन सिंह पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से इन्हीं दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा पा चुके हैं। सज्जन कुमार का नाम दिल्ली में सिखों के खिलाफ दंगों को भड़काने में आता है।

युवाओं के लिए बड़ा अवसर

# केंद्र सरकार ने की डेटा-विजुअलाइजेशन हैकथॉन की घोषणा, सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करना होगा, पहला स्थान पाने वाले को मिलेंगे 2 लाख रुपए

*25 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलेगा*

*दूसरे स्थान पर आने वाले को मिलेंगे एक लाख रुपए*

*20 हजार रुपए के 25 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने युवाओं को डेटा के माध्यम से नवाचार और नीति निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'इनोवेट विद जीओआईस्टेट्स' नामक डेटा-विजुअलाइज़ेशन हैकथॉन की घोषणा की है। इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा माईगॉव प्लेटफॉर्म के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलेगा और इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध छात्र भाग ले सकते हैं। इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं को सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना है।

इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं को सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना है। इसकी थीम 'विकसित भारत के लिए डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि' रखी गई है यानी सरकारी डेटा का उपयोग करके देश की प्रगति में योगदान देना है




## सरकारी आंकड़ों का करना होगा विश्लेषण

प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों को सरकारी आंकड़ों (डेटा) का विश्लेषण कर उसे विज़ुअल (ग्राफिक्स, चार्ट, रिपोर्ट आदि) के रूप में प्रस्तुत करना होगा। इस डेटा में रोजगार (पीएलएफएस), घरेलू उपभोक्ता व्यय (एचसीईएस), उद्योगों की रिपोर्ट (एएसआई), महंगाई और कीमतों के आंकड़े (सीपीआई) और देश की आर्थिक स्थिति (जीडीपी) जैसी जानकारियां शामिल हैं।

## 30 विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

इस प्रतियोगिता में 30 विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पहले स्थान पाने वाले को 2 लाख, दूसरे स्थान पर आने वाले दो विजेताओं को 1 लाख और तीसरे स्थान पर आने वाले दो विजेताओं को 50,000 रुपए मिलेंगे। इसके अलावा, 25 सांत्वना पुरस्कार के रूप में 20,000 रुपए दिए जाएंगे। इस हैकथॉन में भाग लेने से युवाओं को सरकारी डेटा के साथ काम करने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा जिससे वे नीति निर्माण में योगदान दे सकेंगे और अपने विश्लेषणात्मक कौशल को निखारने का अवसर प्राप्त करेंगे।

## पोर्टल पर करें पंजीयन



अगर आप इस रोमांचक अवसर का हिस्सा बनना चाहते हैं तो **https://innovateindia.mygov.in/goistats** पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता डिजिटल इंडिया और डेटा-ड्रिवन नीति निर्माण को बढ़ावा देने की सरकार की एक नई पहल है। यदि आपको डेटा और विश्लेषण में रुचि है तो यह आपके लिए सुनहरा मौका है।

---

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान की जेल से रिहा हुए 22 मछुआरे



**अहमदाबाद।** पाकिस्तान की कराची जेल से रिहा हुए 22 भारतीय मछुआरे मंगलवार को गुजरात के गिर सोमनाथ पहुंचे और अपने देश लौटने पर सभी ने खुशी जताई। 22 मछुआरों को पाकिस्तान की नौसैनिक सुरक्षा एजेंसी ने अप्रैल 2021 और दिसंबर 2022 के बीच गुजरात के पास अरब सागर में समुद्री सीमा के पास मछली पकड़ते समय पकड़ा था। कुछ दिन पहले मछुआरों को वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंपे गया था।

### चीन में एआई रोबोट ने भीड़ पर किया हमला



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक एआई रोबोट ने इंसानों पर हमला कर दिया। यह मामला चीन का है। एक इवेंट के दौरान ह्यूमनॉइड रोबोट भीड़ की तरफ बढ़ता है और लोगों पर घूंसे चलाने लगता है। इसके बाद रोबोट को तुरंत ही कुछ लोगों ने पकड़ लिया और उसे लोगों से दूर ले गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। बताया गया कि रोबोट के सॉफ्टवेयर में कुछ गड़बड़ियां आ गई थी।

### यूट्यूबर तन्मय का ट्विटर अकाउंट हैक



**मुंबई।** तन्मय भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम के जरिए जानकारी दी कि उनका ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। ऐसे में उनके ट्विटर अकाउंट पर कोई मैसेज नजर आए, जिस पर उनकी तरफ से कुछ लिखा गया हो? तो उसे सच ना माना जाए। उस बात को अवॉयड किया जाए। तन्मय भट्ट ने अपने फैंस को यह भी बताया है कि वह कोशिश कर रहे हैं कि ट्विटर अकाउंट का एक्सेस उनके पास जल्द आ जाए। इसके लिए वह कोशिश कर रहे हैं, जरूरी बातों को फॉलो कर रहे हैं।

---

यूनुस सरकार को लगा बड़ा झटका

## नाहिद ने कैबिनेट से दिया इस्तीफा, लॉन्च करेंगे पार्टी



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन की अगुआई कर रहे स्टूडेंट लीडर नाहिद इस्लाम ने मोदम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार से इस्तीफा दे दिया है। वे सूचना व प्रसारण मंत्रालय और पोस्ट, टेलिकम्युनिकेशन और आईटी मंत्रालय में सलाहकार थे। उन्होंने मंगलवार को मोदम्मद यूनुस को अपना इस्तीफा दिया। ऐसी चर्चा है कि नाहिद इस्लाम बांग्लादेश में छात्र नेताओं के साथ मिलकर अब एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगे। नाहिद इस्लाम इस पार्टी के संयोजक बन सकते हैं। बता दें, बांग्लादेश में पिछले साल आरक्षण की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन हिंसक होता चला गया, जिसके बाद शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी थी। तब से नाहिद इस्लाम सरकार में सलाहकार थे। नाहिद यूनुस सरकार के कामकाज से नाराज बताए जा रहे हैं।

### जल्द हो सकते हैं चुनाव

कैबिनेट से नाहिद इस्लाम का इस्तीफा और आंदोलनकारी छात्रों द्वारा नई पार्टी के गठन से इस बात की संभावना को बल मिला है कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में जल्द ही चुनाव हो सकते हैं और लोकतंत्र की बहाली हो सकती है। नए कदम से शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन करने वाले छात्र नेताओं ने यूनुस सरकार पर इसका दबाव बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि,मोहम्मद यूनुस कह चुके हैं कि 2025 के अंत तक चुनाव हो सकते हैं। यूनुस एक अनिर्वाचित और अलोकप्रिय नेता हैं। उन्हें जनसमर्थन हासिल नहीं है। अंतरिम सरकार का मुखिया बनने के बाद से ही उनके कार्यकाल में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमले भी बढ़े हैं। उन्होंने इस्लामवादियों को खुली छूट दे रखी है। इस वजह से उनकी चौतरफा आलोचना भी हो रही है।

### संयोजक की जिम्मेदारी संभालेंगे

उम्मीद है कि नाहिद इस्लाम आगामी शुक्रवार को लॉन्च होने जा रही नई राजनीतिक पार्टी के संयोजक की जिम्मेदारी संभालेंगे। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन और राष्ट्रीय नागरिक समिति की पहल पर यह नई राजनीतिक पार्टी शुरू होने जा रही है। पार्टी गठन की चर्चा कई दिनों से चल रही थी। रविवार को इस्लाम ने मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। तभी से अटकलें लगाई जा रही थीं कि उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। जब वे यूनुस के आवास पर बैठक के लिए पहुंचे तो उनकी कार पर सरकारी झंडा लगा था, लेकिन बैठक के बाद जब वे निकले तो झंडा गायब था।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईसीजी के 32 जवानों को वीरता और सेवा पदक से किया सम्मानित

# तटरक्षक बल को मजबूत करने के लिए केंद्र ने 9676 करोड़ दिए, पहले से 26.5% अधिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जवानों को 32 वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 18वें आईसीजी अलंकरण समारोह के दौरान 2022, 2023 और 2024 में जवानों के उनके शौर्य और समर्पण के लिए प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों में 6 राष्ट्रपति तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा के लिए), 11 तटरक्षक पदक (वीरता के लिए) और 15 तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा के लिए) शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने सभी सम्मानित जवानों को बधाई देते हुए कहा कि ये पदक सिर्फ एक सम्मान नहीं बल्कि उनकी बहादुरी, धैर्य और देश की सुरक्षा के प्रति उनकी निःस्वार्थ प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। उन्होंने आईसीजी की तटीय सुरक्षा, प्रशासनिक दक्षता, नशीली दवाओं की जब्ती, बचाव अभियानों और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों में भूमिका की सराहना की।

राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत की समुद्री सीमाएं काफी बड़ी हैं जिससे कई तरह की सुरक्षा चुनौतियां सामने आती हैं। जहां भारतीय सशस्त्र बल युद्ध जैसी स्थितियों से निपटते हैं वहीं आईसीजी का मुख्य कार्य समुद्री डकैती, आतंकवाद, घुसपैठ, तस्करी और अवैध मछली पकड़ने जैसी चुनौतियों से लड़ना है। उन्होंने आईसीजी को दुनिया की सबसे सक्षम और विश्वसनीय समुद्री सुरक्षा बलों में से एक बताया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, आईसीजी महानिदेशक परमेश शिवमणि और रक्षा मंत्रालय एवं आईसीजी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**आईसीजी दुनिया के सबसे विश्वसनीय व सक्षम समुद्री सुरक्षा बलों में से एक**

**समुद्री डकैती, आतंकवाद, घुसपैठ, तस्करी जैसी चुनौतियों से लड़ रहे**



169 लोगों की जान बचाने का किया सराहनीय प्रयास

### डिजिटल चुनौतियों के प्रति रहें सतर्क

रक्षा मंत्री ने आधुनिक सुरक्षा खतरों पर भी ध्यान आकर्षित किया और आईसीजी के जवानों को साइबर हमले, डेटा चोरी, सिग्नल जैमिंग, रडार बाधा और जीपीएस स्पूफिंग जैसी डिजिटल चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने आईसीजी के डिजिटलीकरण और "डिजिटल कोस्ट गार्ड प्रोजेक्ट" की सराहना की जो तटरक्षक बल की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार आईसीजी को पूरी तरह से समर्थन देती रहेगी ताकि वह हर तरह के खतरों का प्रभावी रूप से सामना कर सके।

### कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं

*राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले एक साल में आईसीजी ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दौरान 14 संदिग्ध नावों और 115 समुद्री डाकुओं को पकड़ा गया 37,000 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स जब्त की गईं और 169 लोगों की जान बचाई गई। इसके अलावा, आईसीजी ने 29 गंभीर रूप से घायल लोगों को मेडिकल सहायता भी प्रदान की। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं बल्कि आईसीजी के साहस और समर्पण की सच्ची कहानी है।*

### आधुनिकीकरण और नई तकनीकों पर दे रहे ध्यान

भारतीय तटरक्षक बल को और मजबूत करने के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 9,676.70 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है जोकि पिछले बजट से 26.5% अधिक है। इस फंड का उपयोग आईसीजी के आधुनिकीकरण और नई तकनीकों की खरीद के लिए किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने घोषणा की कि आईसीजी के लिए 14 तेज गश्ती पोत, 6 एयर कुशन वाहन, 22 इंटरसेप्टर बोट, 6 नेक्स्ट जनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स और 18 नेक्स्ट जनरेशन फास्ट पेट्रोल वेसल्स खरीदे जाएंगे।

---

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी का आग्रह

## भारत को आत्मनिर्भर बनाने निजी उद्योग रक्षा निर्माण में आएं, बजट 1 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अगर भारत को आत्मनिर्भर बनना है, तो निजी उद्योग को रक्षा विनिर्माण में आगे आना होगा। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने यह बात कही है। उन्होंने इसे रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में सुधार के लिए महत्वपूर्ण बताया है। नौसेना प्रमुख ने यह बात मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने निजी क्षेत्र से जुड़े उद्योगों से आगे आकर देश को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने के लिए कहा। कहा कि रक्षा मंत्रालय ने उनके आधुनिकीकरण बजट का 75 प्रतिशत रक्षा उद्योग के लिए निर्धारित किया है और यह लगभग 1 लाख करोड़ रुपए है।

### सेमीकंडक्टर नीति नई ऊर्जा देगी

*एडमिरल त्रिपाठी के मुताबिक अब सेमीकंडक्टर नीति से सकारात्मक उम्मीदें हैं। यह नीति अर्थव्यवस्था के लिए नई ऊर्जा की तरह काम करेगी। नई नीति में कई छोटी परियोजनाओं को 1.5 करोड़ रुपए तक का अनुदान देने का प्रावधान है। वहीं अदिति योजना में बेहतर काम करने वाली प्रौद्योगिकियों के लिए 25 करोड़ रुपए तक का वित्तपोषण का प्रावधान है।*

### आधुनिकीकरण के लिए एक लाख करोड़

*नौसेना प्रमुख ने कहा कि इसमें भी निजी रक्षा उद्योग के लिए 25 प्रतिशत बजट निर्धारित किया गया है। वर्ष 2018 में इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस की स्थापना की गई थी जिसके बाद से इस योजना के तहत 400 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस वर्ष, 'इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस' योजना के लिए 450 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।*

---

1984 सिख विरोधी दंगा मामला

## कोर्ट ने सज्जन को उम्रकैद की सजा सुनाई, 12 फरवरी को माना था दोषी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



साल 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। यह मामला 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में दो सिख नागरिक जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह को जिंदा जलाने का है। इस दौरान सिखों का नरसंहार हुआ था और उनके घरों को आग के हवाले कर दिया गया था। अदालत ने गत 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था। इस मामले को लेकर शुरुआत में पंजाबी बाग थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में जस्टिस जीपी माथुर कमेटी की सिफारिश पर गठित विशेष जांच दल ने आरोप पत्र दाखिल किया। समिति ने 114 मामलों को फिर से खोलने की सिफारिश की थी, जिनमें यह मामला भी शामिल था।

---

4 दिवसीय फ्रांस दौरे पर भारतीय सेना प्रमुख

## भविष्य की लड़ाकू कमान के बारे में ली जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी 24 से 27 फरवरी तक आधिकारिक फ्रांस दौरे पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान उन्होंने फ्रांस की थर्ड डिवीजन सैन्य अभ्यास 'शक्ति', 'स्कॉर्पियन' आधुनिकीकरण और 'भविष्य की लड़ाकू कमान' कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने पेरिस में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और जनरल शिल के साथ सैन्य सहयोग पर चर्चा की।



### शहीद भारतीय सैनिकों को देंगे श्रद्धांजलि

आज जनरल द्विवेदी 'न्यू चैपल भारतीय युद्ध स्मारक' पर जाएंगे जहां वह प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद, वह फ्रांस की जॉइंट स्टाफ कॉलेज 'युद्ध स्कूल' में एक व्याख्यान देंगे।

---

रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ पर कई वैश्विक नेता कीव पहुंचे

यूक्रेन के बिना शांति वार्ता स्वीकार नहीं

## ट्रंप के आगे झुकने को तैयार नहीं पश्चिमी देश

### ट्रंप ने यूक्रेन को नाटो में शामिल होने से रोका

एजेंसी ▶▶ कीव



रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर कई वैश्विक नेता कीव पहुंचे और यूक्रेन के प्रति अपना समर्थन जताया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से नाराज पश्चिमी देश अब उनके सामने झुकने को तैयार नहीं हैं।

खासतौर पर यूरोप अब खुलकर यूक्रेन को इस संकट में मजबूत समर्थन देने के लिए आगे आ रहा है। यूरोप ने साफ कर दिया है कि वह ट्रंप के दबाव में आकर अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कीव में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा और जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमाक से मुलाकात की। इसके अलावा, स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज, लातविया के राष्ट्रपति एडगर्स रिंकेविक्स, लिथुआनिया के राष्ट्रपति गिटानास नौसेदा और एस्टोनिया के पीएम क्रिस्टन मिखाल भी कीव पहुंचे। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन, नॉर्वे के पीएम जोनास गाहर स्टोरे और स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टर्सन भी यूक्रेनी राजधानी में मौजूद थे।

### यूक्रेन को कई देश सैन्य और आर्थिक मदद देंगे

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि एक स्वतंत्र और संप्रभु यूक्रेन केवल यूरोप के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के हित में है। यूरोप अब यूक्रेन के लिए एक मजबूत ढाल बनकर उभर रहा है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों ने यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक मदद बढ़ाने का ऐलान किया है। जर्मनी ने भी स्पष्ट किया है कि वह यूक्रेन के बिना किसी भी शांति वार्ता को स्वीकार नहीं करेगा। यूरोपीय नेताओं का मानना है कि यूक्रेन को अकेले छोड़ना यूरोप के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

### ट्रंप की नीति से यूरोप नाराज

*ट्रंप ने हाल ही में रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए एकतरफा पहल शुरू की है। ट्रंप सरकार के अधिकारियों ने सऊदी अरब में रूसी अधिकारियों से मुलाकात की और अब कीव में अपने दूत भेजकर यूक्रेन पर दबाव बना रहे हैं। रूस से बातचीत में न तो यूक्रेन को शामिल किया गया है और न ही यूरोप को। इससे यूरोपीय नेताओं में चिंता बढ़ गई है, और वे अब यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने के लिए नई रणनीति बना रहे हैं। ट्रंप का कहना है कि यह युद्ध जल्द खत्म होना चाहिए।*

---

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जताई चिंता

## भारत में 6 करोड़ से अधिक लोगों को बहरेपन की समस्या, कम उम्र के बच्चे भी बने शिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कम सुनाई देना या बहरेपन की समस्या भारत सहित दुनिया के कई देशों में तेजी से बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत की 6.3% आबादी या लगभग 63 मिलियन (6.3 करोड़) लोगों को सुनने की क्षमता में गंभीर कमी या बहरेपन की समस्या है। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि सुनने की क्षमता में कमी की समस्या वालों का एक बड़ा हिस्सा 0 से 14 वर्ष की आयु वाले लोगों का है। साल 2011 की भारतीय जनगणना में बताया गया कि 19% आबादी को



सुनने की दिक्कत थी। विशेषज्ञों ने कहा, वीडियो गेमिंग और हेडफोंस की तेज आवाज सुनने की क्षमता में कमी के साथ टिनिटस का भी खतरा बढ़ाती जा रही है। यह ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति को सिर या कानों के अंदर लगातार किसी किसी प्रकार की ध्वनि सुनाई देती है।

### ईयरफोन लगाने वालों को अधिक खतरा

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि 12 से 35 वर्ष की आयु वाले एक बिलियन (100 करोड़) से अधिक लोगों में सुनने की क्षमता कम होना या बहरेपन का जोखिम हो सकता है। इसके लिए मुख्यरूप से लंबे समय तक ईयरबड्स से तेज आवाज में संगीत सुनने, विडियो गेम्स खेलने और शोरगुल वाली जगहों पर रहना एक बड़ा कारण माना जा रहा है। ईयरबड्स या हेडफोन्स का इस्तेमाल करने वाले लगभग 65 प्रतिशत लोग लगातार 85 (डेसिबल) से ज्यादा तेज आवाज में इसे प्रयोग में लाते हैं।

### चेक बनकर तैयार था तो क्यों नहीं कोर्ट में किया गया जमा

# क्या कर्मचारी ही रच रहे निगम को बदनाम करने की साजिश

**तीन माह तक क्या सोते रहे संपदा विभाग के अधिकारी**

हरिभूमि, जबलपुर।

नगर पालिक निगम में उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई जब न्यायालय ने निगम में ताला लगाने का आदेश दे दिया। इतना ही नहीं फरियादी के साथ अधिवक्ताओं के साथ पहुंचे मचकुरी ने निगमायुक्त कार्यालय का गेट बंद कर उसमें ताला लगाने लगा तब कहीं जाकर मान-मनौव्वल का दौर शुरू हुआ एंव चेक जारी कर कार्यवाही रूकवाई।

नए नित कारनामों के लिए बदनाम जबलपुर नगर निगम अब अपनी जगहंसाई कराने में भी पीछे नहीं है, दरअसल खस्ता माली हालत से गुजर रहे जबलपुर नगर निगम के पास लोगों का कर्ज चुकाने के लिए पैसे नहीं है,जिसके चलते नगर निगम की संपत्ति कुर्क होने की नौबत तक आ गई है। दरअसल मामला करीब 20 साल पुराना है, जिसमें जिला कोर्ट के निर्देश पर कोर्ट की टीम नगर निगम आयुक्त कार्यालय को कुर्क कर ताला बंदी करने पहुंची। निगमायुक्त ऑफिस में तालाबंदी करने पहुंची टीम को



देख कार्यवाई रुकवाने के लिए निगम अधिकारियों के पसीने छूट गए,इस दौरान निगम परिसर में काफ़ी देर तक हंगामा चलता रहा,और इस दौरान कोर्ट मचकुरी और पक्षकार के वकील ताला बंदी पर अड़े रहे, निगम अधिकारियों ने तत्काल 4 लाख 20 हजार 195 रुपए का चैक कोर्ट मचकुरी को देने का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ।

### ये है मामला-

दरअसल मामला 2004 का है जहां हाथीताल क्षेत्र में रहने वाले दयाराम चौहान की लगभग सोलह सौ वर्गफुट जमीन को बिना अधिग्रहण और अनुमति के नगर निगम के द्वारा सड़क का निर्माण किया गया था,जिस पर पीड़ित दयाराम चौहान के द्वारा जिला अदालत में परिवाद दायर किया था। जिस पर सुनवाई करते हुये जिला न्यायालय ने निगम की कुर्की का वारंट जारी किया,उसी कुर्की वारंट को लेकर दयाराम अपने अधिवक्ताओं और कोर्ट मचकुरी के साथ नगर निगम पहुंचा, जहां पर कुर्की की कार्यवाही के दौरान हंगामे की स्थिति बन गई।

### तीन बार हो चुका वारंट

दयाराम चौहान के वकील का कहना था कि नगर निगम के खिलाफ अभी तक तीन बार कुर्की का वारंट जारी हो चुका है,लेकिन उसके बाद भी निगम अधिकारी रुपए देने में आनाकानी करते रहे,जिसे देखते हुए कोर्ट ने कुर्की करने के लिए कहा था,जिसके चलते आज ज़ब निगमायुक्त कार्यालय को कुर्क कर ताला बंदी करने पहुंचे।

### तीन माह पहले बन चुका था चेक

आश्चर्य की बात यह रही कि तालाबंदी करने की बात सामने आने के बाद तत्काल अधिकारियों द्वारा आनन-फानन में संपदा विभाग से जब फाइल बुलाई गई तो देखा कि 14 नवंबर 2024 का ही चेक बना रखा था। लेकिन निगम अधिकारियों ने न तो अदालत में उक्त चेक जमा किया और न ही आवेदक दयाराम चौहान को दिया है, इसके पीछे निगम की क्या मंशा थी,यह किसी को नहीं पता, परंतु इतना कहा जा रहा है कि निगम अधिकारी स्वयं ही निगम के खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

### इनका कहना है-

मुझे इस बात की जानकारी मिली है, मामला बहुत पुराना है, जिसका चेक भी बन गया था, परंतु इसे क्यों नहीं दिया गया, इसकी जांच की जाएगी। फरियादी को दूसरा चेक दे दिया गया है। फिलहाल मैने संपदा विभाग के तीन लोगों की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश जारी कर दिए हैं।
प्रीति यादव
निगमायुक्त जबलपुर

# चना, मसूर एवं सरसों की फसल के उपार्जन हेतु पंजीयन प्रारंभ

## किसान 10 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन

जबलपुर।





राज्य सरकार द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार रबी वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के विक्रय के लिये किसान 10 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। इन फसलों के उपार्जन की अवधि 25 मार्च से 31 मई तक निर्धारित की गई है।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) के लिये औसत अच्छी गुणवत्ता के चना, मसूर एवं सरसों का समर्थन मूल्य क्रमशः 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल, 6 हजार 700 रुपए प्रति क्विंटल एवं 5 हजार 950 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। डॉ निगम के मुताबिक किसान गेहूं पंजीयन केन्द्रों के साथ-साथ एम पी किसान एप, ए म पी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे एवं स्वयं के मोबाइल के माध्यम से भी चना, मसूर एवं सरसों के लिये पंजीयन करा सकते हैं। सिकमी एवं बटाईदार श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा।

उप संचालक कृषि ने बताया कि पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड तथा भूमि के अभिलेख खसरा बी-1 एवं सिकमीनामा की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। उपसंचालक कृषि ने पंजीयन हेतु किसानों से आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि गेहूँ उपार्जन की भांति चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिये भी स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था रहेगी।

# राजस्व वसूली का टारगेट पूरा करने सख्त निर्देश

**आज महाशिवरात्रि अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे निगम के कैश काउंटर**

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित राजस्व वसूली अभियान के लिए अब मात्र 34 दिन शेष हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा वसूली अभियान की समीक्षा की गई और देखा गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी स्वास्थ्य अमले के साथ-साथ सभी वसूली नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सख्ती के साथ बकाया करदाताओं से राशि की वसूली की जाये। बार-बार समझाईश देने के बाद भी जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करदाताओं की राशि जमा नहीं की जा रही है उनकी सम्पत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई एवं वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए नीलाम करने की कार्यवाही भी प्रस्तावित की जाए। निगमायुक्त ने करदाताओं की सुविधा एवं अधिभार से बचने के लिए भी अवकाश के दिनों में नगर निगम के सभी कैश काउंटरों को खुले रखने के निर्देश दिये हैं ताकि करदाता आसानी से नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों में जाकर बकाया करों की राशि जमा कर सकते हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों से भी अपील की है कि सभी करदाता बुधवार महाशिवरात्रि अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें, किरायेदारी दर्ज कराए एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें। निगमायुक्त ने अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, एवं राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी के साथ-साथ वसूली के लिए नियुक्त संभागवार सभी नोडल अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि 31 मार्च तक फील्ड में संभागों एवं वार्डो का भ्रमण कर करदाताओं से सम्पर्क करें और बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराए।

# हाई कोर्ट ने कलेक्टर को शपथ पत्र पेश करने मोहलत दी

## अगली सुनवाई छह मार्च को, इससे पूर्व हर हाल में निर्देश का पालन करना होगा

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मुख्यमंत्री के सम्मान कार्यक्रम के लिए निगमायुक्त द्वारा बसों में डीजल भरवाए जाने के प्रकरण की सुनवाई छह मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान कलेक्टर की ओर से शपथ पत्र पेश करने के लिए समय मांगा गया। कोर्ट ने यह निवेदन स्वीकार कर लिया। साथ ही निर्देश दे दिया कि आगामी सुनवाई से पूर्व हर हाल में शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया जाए। दरअसल, पूर्व सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कलेक्टर को निर्देश दिया था कि यदि जवाब नहीं आया तो हाजिर होकर स्पष्टीकरण देना होगा।

यह मामला जबलपुर निवासी याचिकाकर्ता सुगम चंद्र जैन की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री का सम्मान कार्यक्रम तीन जनवरी को जबलपुर में किया गया था। सम्मान समारोह के लिए अधिग्रहित बसों में आईएसबीटी बस स्टैंड के समीप स्थित पेट्रोल पंप से डीजल भरवाया गया था। अधिग्रहित बसों में डीजल भरने के लिए नगर निगमायुक्त ने खाद्य अधिकारी को व्यक्तिगत से भेजा था।



**सीएम के कार्यक्रम के लिए निगमायुक्त द्वारा बसों में डीजल भरवाने का प्रकरण**

अधिग्रहित बसों में लगभग छह लाख रुपये का डीजल भरा गया था। डीजल का भुगतान नहीं होने के कारण उन्होंने निगमायुक्त से संपर्क किया। निगमायुक्त के द्वारा बताया गया कि संयुक्त कलेक्टर तथा जिला आपूर्ति अधिकारी के कार्यालय की तरफ से बसों में डीजल भरवाने कहा गया था। अगस्त 2024 में बिल भुगतान के लिए संयुक्त कलेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी व निगमायुक्त से संपर्क किया। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय से निगमायुक्त को राशि भुगतान करने के संबंध में लिखित निर्देश दिये गये थे। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से पूछा था कि अधिग्रहित बस में डीजल भरने के लिए प्रशासन की तरफ से पीओएल जारी किया गया था। जिस पर आवेदक की ओर से बताया गया था कि सिर्फ मौखिक आदेश जारी किए गए थे। जिसे गंभीरता से लेते हुए एकलपीठ ने अपने आदेश में जिला कलेक्टर हलफनामा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे। इसके अलावा यह भी बताएं कि किस कानून में निगमायुक्त का दायित्व है कि वह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लगी बसों में डीजल भरवाये। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि याचिकाकर्ता अब याचिका वापस लेने का हकदार नहीं होगा।




# दूसरे राज्यों में भी सम्मानित हो रहे जबलपुर के किसान

**दुर्गेश को बेस्ट फार्मर अवार्ड, कैलाश को इनोवेटिव फार्मर अवार्ड**

**जबलपुर।** कृषि के क्षेत्र में जबलपुर जिले में किये जा रहे नवाचार मध्यप्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के दूसरे राज्यों में भी पहचान बनाने लगे हैं और नवाचारों को अपनाने वाले जिले के किसान दूसरे राज्यों में भी सम्मानित हो रहे हैं। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र, नागपुर (महाराष्ट्र) द्वारा 22 और 23 फरवरी को जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी सह प्रदर्शनी में जबलपुर जिले के दो किसानों का नवाचारों के लिये सम्मान किया गया है। सम्मानित हुए किसानों में जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम भरतरी के किसान दुर्गेश पटेल को बेस्ट फार्मर अवार्ड से एवं पाटन विकासखण्ड के ही ग्राम मादा के किसान कैलाश यादव को इनोवेटिव फार्मर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उप संचालक कृषि डॉ निगम ने दोनों किसानों को उन्हें मिले इस सम्मान के लिये बधाई देते हुए जिले के अन्य किसानों से भी कृषि के क्षेत्र में नवाचारों को अपनाने का आग्रह किया है। ग्राम भरतरी के कृषक दुर्गेश पटेल को बेस्ट फार्मर अवार्ड किनोवा की खेती को अपनाने के लिये दिया गया है। जबकि ग्राम मादा के किसान कैलाश यादव को चिया की खेती करने के लिये इनोवेटिव फार्मर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कृषक दुर्गेश पटेल ने अपने चमत्कारिक गुणों के फलस्वरूप सुपर फूड या सुपर ग्रेन कहे जाने वाले किनोवा की 70 एकड़ में फसल ले रहे हैं। इसके पूर्व वे अश्वगन्धा की खेती भी कर चुके हैं। इसी प्रकार कृषक कैलाश यादव ने चिया की खेती को अपनाया है। उप संचालक कृषि डॉ निगम के अनुसार आत्मा योजना अंतर्गत जिले में वर्ष 2020 में पाँच एकड़ और पाँच किसानों द्वारा प्रारंभ की की गई चिया की खेती अब लगभग 150 एकड़ में फैल चुकी है। दूसरे जिले के किसानों ने भी ग्राम मादा के किसानों से बीज खरीद कर चिया की खेती करना शुरू कर दिया है। अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉक्टर इंदिरा त्रिपाठी ने बताया की कृषक कैलाश यादव एफपीओ के

# शासकीय निर्माण कार्य विभागों को खनिज रॉयल्टी जमा कराने के निर्देश

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में समस्त निर्माण विभागो को निर्माण कार्यों में प्रयुक्त गौण खनिज की रॉयल्टी पंद्रह दिवस में जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं। श्री सक्सेना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए खनिज राजस्व बढ़ोत्तरी के लिए जिले में पूर्व के निर्माण कार्य और वर्तमान संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों जैसे



राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण, नगर निगम, ग्रामीण सेवा यांत्रिकी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क जैसे समस्त विभागों से निर्माण कार्यों में लगी गौण खनिज की मात्रा के अनुरूप खनिज रॉयल्टी अथवा खनिज मूल्य संबंधित खनिज मद में 15 मार्च तक हस्तांतरित करने को कहा है।

इसके अलावा उपसंचालक खनिज डॉ.आर के दीक्षित द्वारा जिले में संचालित समस्त खदानधारकों को पूर्व में जारी मांग पत्र के संबंध में कलेक्टर द्वारा खनिज उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ साथ खनिज रॉयल्टी और समस्त बकाया राशि तत्काल जमा कराने के निर्देश दिए है,अन्यथा बकाया राशि की वसूली भू राजस्व बकाया की भांति वसूलने और खनिज विभाग को राजस्व लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

# बार और बेंच के बीच समन्वय सहज न्यायदान का आधार

**सम्मान समारोह में बोले मुख्य न्यायाधीश कैत**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने कहा कि सहज, सुलभ व त्वरित न्यायदान प्रक्रिया को गति देने के लिए बार और बेंच के बीच समन्वय अति आवश्यक है। वे एमपी स्टेट बार काउंसिल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी, न्यायाधिपति विवेक अग्रवाल, न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा, न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बंसल, न्यायमूर्ति विनय सराफ, न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी, न्यायमूर्ति विवेक जैन, देवनारायण मिश्रा, न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी, न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल सहित अन्य मंचासीन थे।स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता व वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने मुख्य न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ भेंट किए। इसके बाद स्टेट बार सदस्य विजय कुमार चौधरी, राजेश व्यास, राजेश कुमार पांडे, शिवेन्द्र उपाध्याय, प्रेम सिंह भदौरिया, रामेश्वर नीखरा, जय प्रकाश मिश्रा, जगन्नाथ त्रिपाठी, खिलाड़ी लाल गंगोरे, परिषद की अनुशासन समिति के मनोनीत सदस्य मणिकांत शर्मा, एएजी हरप्रीत सिंह रूपराह, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष डीके जैन, हाई कोर्ट एडवोकेट् बार अध्यक्ष संजय अग्रवाल, संकल्प कोचर ने बारी-बारी से

## कौन बचा रहा है हत्यारों को संरक्षण देने वालों को पुलिस कार्यवाही से

# टिमरी हत्याकांड क्या राजनीतिक दबाव पुलिस की जांच पर हावी

हरिभूमि फालोअप

**हरिभूमि, जबलपुर। 27 जनवरी को टिमरी गांव में हुई 4 ब्राम्हण की हत्या के आरोपियों को फरार करवाने और फरारी में मदद करने वाले लोगों के बारे में पुख्ता जानकारी होने के बावजूद भी पुलिस हत्या की साजिश में शामिल में मददगार लोगों को बेनकाब क्यों नहीं पर कर पा रही है। आखिर इनके ऊपर कौन सा राजनीतिक दबाव आ गया है जो पुलिस ऐसे मददगारों तक पहुंचाने के बाद भी अपने कदम पीछे कर रही है।**

आरोप प्रत्यारोप के दौर के बाद इस बात का तो खुलासा हो चुका है कि भाजपा युवा मोर्चा के नेता बन बड़ी-बड़ी बात कर रहे श्रीकांत उर्फ कुक्की वर्मा के कहीं ना कहीं इस हत्याकांड के आरोपियों से संबंध है।

### अब तक की जांच में यह खुलासा

पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच में यह बात भी सामने आ चुकी है कि हत्या में शामिल लोगों को फरार होने के लिए मदद की गई थी। उनके खातों में पैसे डाले गए थे। जांच में यह बात भी पुलिस के समक्ष आई है कि हत्यारों मैं शामिल एक व्यक्ति कुक्की वर्मा का ड्राइवर था। हत्या करने के बाद जब यह लोग भेज तो इन्होंने नरसिंहपुर जिले के करेली गोटेगांव क्षेत्र से एक नई सिम खरीदी थी और इस नए नंबर से कई बार कुक्की वर्मा के मोबाइल पर फोन किया गया जिसके बाद इन्हें आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपए भी प्राप्त हुए। यह सब बातें जांच अधिकारियों के समक्ष आई थी लेकिन अब इन पर पर्दा डालने का कार्य किया जा रहा है।

### पत्रकारवार्ता कर खुद उलझा कुक्की

जिसके जवाब में कुक्की वर्मा ने भी अपना पक्ष बताते हुए विरोधाभासी बयान दिए थे। कुक्की ने अपने बयान में कहा कि उसका मोबाइल कुंभ यात्रा के दौरान गंगा नदी में गिर गया था। फिर इस ही बयान में उसने आगे कहा कि उसका मोबाइल रात में चालू हो जाता था दिन भर बंद रहता था। जान यह कैसा मोबाइल था जो दिन में बंद रहता था और नदी में गिरने के बाद भी रात में चालू हो जाता था।

### पूर्व कांग्रेस विधायक ने लगाए गंभीर आरोप

अब सवाल यह उठता है कि हत्या के आरोपियों की मदद करने वाले लोगों को बचाने के लिए कौन से राजनीतिक लोग सक्रिय हो गए हैं। ऐसी कौन से पदाधिकारी हैं जो पुलिस पर दबाव बनाकर इस मामले को रफा दफा करने के लिए दबाव बना रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने गंभीर आरोप ऐसे जनप्रतिनिधियों और कुक्की वर्मा की मिली भगत को उजागर करते हुए मीडिया के समक्ष लगाए थे।

### दो दिन तक उज्जैन में क्यों रही क्राइम ब्रांच

पुलिस से जुड़े सूत्रों ने इस बात की भी पुष्टि की है कि इस मामले में वंचित होने के बाद कुकी वर्मा को तलाश करने के लिए पुलिस उसकी लोकेशन को ट्रेस करते हुए उज्जैन तक पहुंच गई थी। यहां पर क्राइम ब्रांच की टीम में दो दिनों तक डेरा डाल के रखा और उसका मोबाइल बंद चालू होने के कारण उसे लगातार पकड़ने के प्रयास किए जाते रहे। अगर हत्या के आरोपियों की मदद करने की बात रुकता नहीं थी तो फिर पुलिस उसके पीछे दो दिन तक इंदौर में क्यों डेरा डाल कर रखी हुई थी। मेरा अचानक ऐसा कौन सा राजनीतिक दबाव पुलिस पर निर्मित हो गया जो पुलिस ने अपने कदम पीछे कर लिए।

## शिवालयों में गूंजेगा हर हर महादेव

# शिवरात्रि पर आज बाबाताल से निकलेगी शिवजी की बारात



हरिभूमि सिहोरा।

**महाशिवरात्रि पर आज जहां भोलेनाथ की बारात शिवमंदिर से निकलेगी वहीं सिहोरा खितौला के शिवमंदिरो में भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। अनेक भक्तों द्वारा उपवास भी रखा जायेगा।**

### मेहंदी मंडप हल्दी के बाद आज भोलेनाथ की बारात

शिवमंदिर बाबाताल में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवलिंग निर्माण, ध्वजयात्रा, महाआरती एंव विशाल भंडारे के साथ शिवजी की बारात शाम 5,30 बजे निकलेगी जो पुराना बस स्टेंड,गौरी तिराहा,आजाद चौक,झंडा बाजार,काल भैरव चौक,मैना कुंआ,हरदौल मंदिर से होकर शुभारंभ स्थल पर संपन्न होगी। टीम बाबाताल के सदस्यों द्वारा यह आयोजन हर शाल किया जाता है जिससे पूरा नगर शिवमय हो जाता है । बाबाताल में विराजमान भगवान भोलेनाथ की पूजा करने आज सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहेगा ।पूरे विधि-विधान से शिवजी माता पार्वती की मेंहदी संगीत मंडप हल्दी के रस्म शिवभक्तों द्वारा पूर्ण की गई।

### महाकुंभ संगम के गंगा जल से होगा रुद्राभिषेक

नर सेवा नारायण सेवाभाव को लेकर गांधीग्राम में भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल परिवार के संयोजन में महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुजन के लिए लगातार 16 दिनों से चल रहे भंडारे के समापन एंव महाशिवरात्रि पर आज सुबह 10 बजे से पौराणिक मनीष त्रिपाठी द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक किया जाएगा। धार्मिक आयोजन में प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र गंगा जल से भगवान शिव का अभिषेक,पूजन भी किया जायेगा। इसके बाद शाम तक भंडारा चलेगा।

### नृसिंह मंदिर में रुद्राभिषेक

उपनगर खितौला के नृसिंह मंदिर में स्थापित शंकर जी के दरबार में भी आज अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसमें शिवजी का पूजन अर्चन के अलावा रुद्राभिषेक अभिषेक भी किया जायेगा।



## ग्राम रमखिरिया में मारुति महायज्ञ की पूर्णाहुति आज

# शिव अनादि, अनन्त, विश्व विधाता हैं : सियाबल्लभ दास



**सिहोरा।** शिव अनादि है,अनन्त हैं, विश्वविधाता हैं सारे संसार में एकमात्र शिव ही हैं जो जन्म,मृत्यु एवं काल के बंधनों से परे स्वयं महाकाल हैं। शिव सृष्टि के मूल कारण हैं,फिर भी स्वयं अकर्ता हैं, तटस्थ हैं। सृष्टि से पहले कुछ नहीं था- न धरती, न अम्बर, न अग्नी न वायू, न सूर्य न ही प्रकाश, न जीव न ही देव। था तो केवल सर्वव्यापी अंधकार और महादेव शिव। तब शिव ने सृष्टि की परिकल्पना की उक्ताशय के उदगार ग्राम रमखिरिया के प्राचीन सिद्ध हनुमान मंदिर में चल रहे श्रीराम चरित मानस मारुति नंदन महायज्ञ में व्यासपीठ से सियाबल्लभदास वेदांती महाराज ने व्यक्त किए।

वेदांती महाराज ने आगे कहा सृष्टि की दो आवश्यकताएं थीं- संचालन के लिए शक्ति एवं व्यवस्थापक। शिव ने स्वयं से अपनी शक्ति को पृथक किया तथा शिव एवं शक्ति ने व्यवस्था के लिए एक कर्ता पुरूष का सृजन किया जो विष्णु कहलाए। भगवान विष्णु के नाभि से ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई। भगवान शिव ने कालकूट नाम का विष पिया। वहीं भस्मासुर को जो वरदान दिया था, उसमें वे खुद ही फंस गए शिव ने अपनी अर्धांगिनी पार्वती को मोक्ष के लिए अमरनाथ की गुफा में ज्ञान दिया था। शिव अनादि और सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्त्रोत हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हैं।श्रीश्री 1008 महंत सुरेन्द्र दास जी महाराज के सानिध्य में चल रहे मारुति महायज्ञ की पूर्णाहुति एंव कथा का समापन आज होगा तथा 27 फरवरी को कन्या भोज एंव भंडारे का आयोजन यज्ञ समिति द्वारा किया जायेगा। ऐतिहासिक आयोजन में अनेक ग्रामों के हजारों भक्तों ने अपनी उपस्थिति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया एंव यज्ञ को सफल बनाया।

## त्रिदिवसीय महोत्सव का आगाज, भगवान गुप्तेश्वर रजत जड़ित हुए

**जबलपुर।** गुप्तेश्वर महादेव मंदिर मे त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि पर्व का मंगलवार को आगाज हुआ जिसमे परम पूज्य गुप्तेश्वर पिठाधिश्वर डॉ स्वामी मुकुंद दास जी महाराज के सानिध्य में गुप्तेश्वर भगवान के परम भक्त पंडित द्वारका मिश्रा सपरिवार भगवान गुप्तेश्वर को चांदी (रजत) अर्पित किया गया जिसमे शहर के पूज्य संतों के सानिध्य मे सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य रूप से लखन घनघोरिया उपस्थित थे। इसी कड़ी में आज ध्वज अर्पण किया जायेगा। इस अवसर पर एड. राजेश तिवारी, पंकज पांडे, रघुवीर भंडारी, राजेंद्र त्रिपाठी, कमलेश जायसवाल, ऋषभ मिश्रा, सर्वेश रजक, हरीश कुमार सचदेवा, सत्यम मिश्रा, उत्कर्ष रावत, सुषमा केसरवानी, मनप्रीत बाजवा, दीपिका पाली, शामिल हुए।



## आराध्या तिवारी प्रियम को मिला विप्र बाल विदुषी पुरस्कार



**जबलपुर।** सनाढ्य संगम एवं सर्व ब्राह्मण समाज की त्रैमासिक पत्रिका सनाढ्य संगम के तत्वावधान में आयोजित समारोह में कक्षा छठवीं की छात्रा कुमारी आराध्या तिवारी प्रियम को कला, साहित्य, संस्कृति एवं पत्रकारिता ज्ञान के लिए विप्र बाल विदुषी पुरस्कार 2024 से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार मौजूद रहे। समारोह में महाकवि आचार्य भगवत दुबे, राजेश पाठक प्रवीण, यशोवर्धन पाठक, अभय तिवारी सहित गणमान्य जन उपस्थित थे।

## शिवमहापुराण कथा का आयोजन

**जबलपुर।** श्रीगिरिजाशंकर राम लीला मैदान घमापुर प्रांगण में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है जिसके द्वितीय दिवस के अवसर पर वृंदावन से पधारे प्रमुख व्यास आचार्य पं. सिद्धार्थ पाण्डेय जी महराज ने नारद मोह, धनपति कुबेर चरित्र संध्या देवी कथा का व्याखान किया। इस अवसर पर प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी. सोनकर,एड बलराज सोनकर, आचार्य पं. राजेन्द्र पाण्डेय, एड. श्रीमति संगीता नायडू सहित इस अवसर पर रामलीला समिति के पं. कमलेश तिवारी, विष्णु दीक्षित, पं. अ जय पाण्डेय, अरुण सोनकर, मन्टू सोनकर, बाबा सोनकर, जगदीश यादव, पं अरिवंद पाठक एंव क्षेत्रीय नागरिकों सहित समस्त पदाधिकारियों - की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे प्रारंभ होकर सायं सात बजे तक होगी।



# भू-माफिया कर रहे बस्ती खाली कराने की साजिश, शिकायत पर नही हो रही कार्रवाई

**जबलपुर।** बादशाह हलवाई मंदिर के समीप टैगोर नगर भट्टा मोहल्ला बस्ती को भू माफिया खाली कराकर कब्जा करने की फिराक में है। इसके लिए पूर्व तहसीलदार विवेक त्रिपाठी व उनके गुर्गों द्वारा साजिश रची जा रही है। आये दिन इन लोगों द्वारा बस्ती के लोगों से मारपीट की जा रही है। बस्ती में बुलडोजर से गरीब, आदिवासियों के घरों को तोड़ा जा रहा है। बुजुर्ग लोगों पर अत्याचार किये जा रहे हैं। यहां तक कि गाय, बकरी जैसे मूक पशुओं पर भी हमला कराया जा रहा है। भू माफिया ने विवेक त्रिपाठी की सरपरस्ती में हनुमानजी का मन्दिर भी तुड़वा दिया है। भट्टा मोहल्ला के निवासियों ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता में ये आरोप लगाए। बताया कि पुलिस व वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की शिकायत की गई, लेकिन दोषियों पर कोई कार्रवाई नही की जा रही है। बस्तीवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नही की गई तो वे भोपाल जाकर मुख्यमंत्री के निवास के सामने धरना देंगे, पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए बस्तीवासियों की लड़ाई लड़ रहीं पीपुल पीस फाउंडेशन की अध्यक्ष अमरजीत कौर ने बताया कि पूर्व तहसीलदार विवेक त्रिपाठी के शहर में हॉटल चल रहे हैं। अपने रसूख के बल पर वह बस्ती की जमीन हथियाना चाहता है। इसके चलते बीते दिनों उसने अपने साथियों रामरतन यादव, ईशू यादव, मुकेश यादव व सेना के कुछ सिपाहियों के साथ बस्ती में तोड़फोड़ की, 50 पेड़ उजाड़ दिए। विरोध करने पर मारपीट की। इसके पहले भी आरोपियों ने मन्दिर व गौशाला तोड़ दी थी गाय, बकरी जैसे मूक पशुओं को धारदार हथियारों से चोट पहुंचाई थी। बुजुर्ग नेत्रहीन महिला से अभद्रता कर उसके घर मे तोड़फोड़ की थी। मामले की शिकायत गौरीघाट थाना, सीएसपी गोरखपुर, एसपी, अजाक थाने में की गई। लेकिन त्रिपाठी के रसूख के चलते अभी तक कोई कार्रवाई नही की गई। बस्ती की आशु पासी, मीनाक्षी पासी, चंद्रमणि पासी, पूना भूमिया, रामवती भूमिया, देवकी बाई भूमिया, शकुंतला देवी, चांदनी भूमिया, छोटी बाई ठाकुर व मगनलाल पासी ने बताया कि इसकी वजह से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं, उनकी गतिविधियां लगातार जारी है, इससे क्षेत्रीयजनों में भय व्याप्त है। बस्तीवासियों ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में वे बस्ती के लोगों पर किसी तरह से दबाव न बना सकें।



## भगवान शिव की बारात आज धूमधाम से निकलेगी

**मझौली।** विगत कई वर्षों से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बिड़ी दुकान मझौली के द्वारा भगवान शिव की बारात दुकान से प्रारंभ होते हुऐ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बड़े ही धूमधाम से बैंड बाजा के साथ दोपहर बाद 3 से निकली जाएगी। यह बारात भगवान विष्णु वाराह मंदिर पहुंचेगी जहां पर भगवान की शादी भांवर एवं पांव पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## नगर परिषद भेडाघाट पानी फिल्टर प्लांट में मिलाया गया गंगा जल

# सात नगर पालिका के लोग गंगा जल से करे स्नान : चतुर सिंह

**जबलपुर।** प्रयागराज के महाकुंभ का अंतिम दौर चल रहा है लेकिन जो श्रद्धालु महाकुंभ में डुबकी लगाने नही जा पाए है उनके लिए जबलपुर के विश्व प्रसिद्ध भेडाघाट के नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी ने एक नई पहल करते हुए महाकुंभ से गंगा जल लाकर पानी फिल्टर प्लांट में पूरे विधि विधान और मंत्रोच्चारण करके मिलाया जो नर्मदा जल के साथ जबलपुर के 7 नगर पालिकाओं में रहने वाले लोगो के घरों तक पहुचेगा जहां पर रहने वाले डेढ़ लाख से ज्यादा लोग इस महाशिवरात्रि पर स्नान कर पुण्य लाभ कुंभ जैसा ही अर्जित करेगे इतना ही नही प्रयागराज से गंगा जल का पहले लैब में टेस्ट करवाया गया कि कही वह दूषित तो नही है पर टेस्ट में गंगा जल पूरी तरह शुद्ध पाया गया जिसके बाद उसे नर्मदा के फिल्टर प्लांट में मिलाया गया है ये रहे मौजूद। लम्हेटाघाट में बने पानी फिल्टर प्लांट में गंगा जल मिलाने के दौरान जगदीश दाहिया उपाध्यक्ष नगर परिषद भेडाघाट,आशीष जैन, लक्ष्मी नारायण दुबे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम सिंह झारिया सहित सभी पार्षद मौजूद रहे।

# अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता केन्द्रीय कार्यालय ने जीती

**जबलपुर।** 46 वीं अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा को 2-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव पाया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ग्वालियर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में जबलपुर क्षेत्र तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने भाग लिया।



प्रतियोगिता के फाइनल में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के मोहम्मद शकील परवेज खान ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के तनसुख सोलंकी को सीधे दो सेट में 6-0, 6-1 से पराजित किया व केन्द्रीय कार्यालय के प्रदीप चौधरी ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के सुनील कुमार मर्सकोले को 6-2, 6-1 से पराजित कर अपनी टीम को विजेता बनाया। इससे पूर्व सेमीफाइनल मुकाबलों में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने ग्वालियर क्षेत्र को और श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने जबलपुर क्षेत्र को पराजित किया। व्यक्तिगत मुकाबलों में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के तनसुख सोलंकी ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के प्रदीप चौधरी को 6-2, 6-3 से पराजित कर एकल का खिताब जीता। युगल फाइनल में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की जोड़ी जावेद अंसारी व सौरभ श्रीवास्तव ने अपनी टीम के तनसुख सोलंकी व सुमित खडसे को 6-3, 3-6, 10-7 से पराजित किया। प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की ओर से मोहम्मद शकील परवेज खान, डा. एसके वर्मा, प्रदीप चौधरी, महेन्द्र सोनी व आशीष गोस्वामी ने प्रतिनिधित्व किया। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के विजेता बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी।




**श्रीमती भावना शुक्ला-** राइट टाउन प्रेम मंदिर के पास निवासी श्री सुधीर शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती भावना शुक्ला (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरव सिंह बाम्बा-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पीछे निवासी श्री सविन्दर सिंह बाम्बा के पुत्र श्री गौरव सिंह बाम्बा (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती केसरी बाई-** पुलिस लाइन निवासी श्री रामरूप सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती केसरी बाई (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गोमती बाई रजक-** बधैया मोहल्ला दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री लीलाधर रजक की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती बाई रजक (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला धानुक-** चैतन्य सिटी तिलहरी निवासी श्री बल्ले धानुक की धर्मपत्नी श्रीमती शीला धानुक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पप्पू प्रजापति-** भानतलैया निवासी श्री पप्पू प्रजापति (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**शतायु श्रीमती कस्तुरिया बाई-** रामपुर चौधरी मोहल्ला निवासी श्री जौहरी लाल की धर्मपत्नी शतायु श्रीमती कस्तुरिया बाई (105) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्रीमती शकुन बाई सोनकर-** हनुमानताल निवासी श्री छेदी लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई सोनकर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पारस कुशवाहा-** शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री पारस कुशवाहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील धनगर-** रामपुर अखाड़ा के पास निवासी श्री सुनील धनगर (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175


## खबर संक्षेप




### एमजेन अपने नए केंद्र में 20 करोड़ डॉलर करेगी निवेश

**हैदराबाद।** अमेरिका की प्रमुख बायोफार्मा कंपनी एमजेन इस साल यहां अपने नये केंद्र में 20 करोड़ डॉलर का निवेश कर रही है और आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉबर्ट ब्रैडवे ने यह जानकारी दी। वह तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। ब्रैडवे ने कहा, "एमजेन 2025 के दौरान इस केंद्र में 20 करोड़ डॉलर का प्रारंभिक निवेश कर रहा है और हम भविष्य के वर्षों में अतिरिक्त महत्वपूर्ण निवेश करने की योजना बना रहे हैं।"

### अक्जो नोबेल पाउडर कोटिंग कारोबार मूल कंपनी को बेचेगी




**नई दिल्ली।** पेंट विनिर्माता अक्जो नोबेल इंडिया अपने पाउडर कोटिंग कारोबार और अंतराष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र को अपनी मूल कंपनी अक्जो नोबेल एनवी को 2,143 करोड़ रुपये में बेचेगी। कंपनी कारोबार को सुव्यवस्थित करने के लिए अंतर-समूह लेनदेन के रूप में यह सौदा करेगी। अक्जो नोबेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने अक्जो नोबेल एनवी के बाध्यकारी प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

### रोजगार बढ़ाने कंपनियां कौशल केंद्र करे स्थापित



**कोलकाता।** केंद्र ने कॉरपोरेट जगत से अपने यहां कौशल केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया है, ताकि स्नातक कर रहे युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार हो। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में कुशल युवाओं की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। वर्ष 2024 में शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत पायलट चरण में 1.25 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### आईसीएआई 15 हजार सीए को एआई पर करेगा प्रशिक्षित



**नई दिल्ली।** सनदी लेखाकारों (सीए) का शीर्ष संगठन आईसीएआई 15,000 और सीए को कृत्रिम मेधा (एआई) पर प्रशिक्षण देगा। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने प्रौद्योगिकी को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है और इसकी एआई पर एक समिति भी है।

### रुपया 51 पैसे लुढ़ककर 87.23 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अमेरिकी व्यापार शुल्कों को लेकर जारी अनिश्चितताओं के बीच आयातकों की मासांत की डॉलर मांग के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 51 पैसे लुढ़ककर 87.23 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत निकासी ने भी रुपये की गिरावट में योगदान दिया।

# अदाणी दौलत गंवाने में दुनिया में दूसरे नंबर पर, लेकिन अरबपतियों की सूची में चढ़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी इस साल दौलत गंवाने में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। सोमवार को भी अदाणी के नेटवर्थ में कमी दर्ज की गई। इसके बावजूद दुनिया के अरबपतियों में उनका रुतबा थोड़ा बढ़ गया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में अडाणी अब 23वें पायदान से एक पायदान ऊपर 22वें पर पहुंच गए हैं। उनकी रैंकिंग में सुधार की वजह थामस पीटरफ्फी और मा हुतेंग की संपत्ति में गिरावट है। इन दोनों अरबपतियों की संपत्ति में गिरावट की वजह से अडाणी एक पायदान ऊपर चढ़ गए हैं।



### दौलत गंवाने में मस्क टॉप पर

इस साल दौलत गंवाने के मामले में दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क टॉप पर हैं। मस्क इस साल अबतक 52.2 अरब डॉलर की संपत्ति गंवा चुके हैं। अब मस्क का नेटवर्थ 380 अरब डॉलर रह गया है। ट्रंप के जीतने के बाद वह तेजी से 500 अरब डॉलर की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन टेस्ला के शेयरों में लगातार हो रही गिरावट ने उनकी संपत्ति में सेंध लगा दी।



### मस्क के बाद सबसे अधिक दौलत अदाणी ने गंवाई

गौतम अदाणी इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। मस्क के बाद इस साल सबसे अधिक दौलत अदाणी ने गंवाई है। साल 2025 में अदाणी के नेटवर्थ से 14.2 अरब डॉलर निकल गए हैं। अगर भारतीय अरबपतियों की बात करें तो अदाणी के बाद दौलत गंवाने में शिव नादर हैं। सोमवार को उन्हें 1.08 अरब डॉलर का झटका लगा। इस झटके के साथ नादर इस साल 5.28 अरब डॉलर गंवा चुके हैं। अब उनके पास 37.8 अरब डॉलर का नेटवर्थ है और वह दुनिया के 45वें सबसे रईस शख्स हैं।



### 17वें नंबर पर काबिज अंबानी

दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी 86.2 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ 17वें पोजीशन पर हैं। अंबानी के नेटवर्थ में भी इस साल 4.41 अरब डॉलर की सेंध लगी है। इसी क्रम में दिलीप सांघवी को 2.29 अरब डॉलर, सावित्री जिंदल को 3.70 अरब डॉलर, शापूर मिस्त्री को 3.57 अरब डॉलर, रवि जयपुरिया को 3.54 अरब डॉलर और केपी सिंह को 3.54 अरब डॉलर का झटका केवल इस 55 दिनों में लगा है।

वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान 'एम्बर' की नई रिपोर्ट में कहा गया

# उच्च पूंजी लागत के कारण 2030 तक भारत नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य से चूक सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए 300 अरब अमेरिकी डॉलर के संचयी निवेश की आवश्यकता होगी, जिसके लिए वार्षिक वित्तपोषण को हर वर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होगा। ऐसा न करने पर वह इस महत्वपूर्ण लक्ष्य से चूक सकता है। भारत अगर वार्षिक वित्त पोषण के वर्तमान स्तर से 20 प्रतिशत नहीं बढ़ाता है तो वह 2030 तक 500 गीगावाट (जीडब्ल्यू) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में विफल हो सकता है।

### देरी से पूंजी की लागत 400 आधार अंक बढ़ सकती है

वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान 'एम्बर' की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि नए युग की 'फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी' (एफडीआरई) परियोजनाओं से संबंधित योजनाओं की शुरुआत में देरी और अनिश्चितताओं के कारण पूंजी की लागत 400 आधार अंकों तक बढ़ सकती है।

**खास बातें**

- भारत के 2030 तक 500 गीगावाट ऊर्जा लक्ष्य है
- लक्ष्य पूरा करने 300 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी
- वार्षिक वित्त पोषण भारत को 20 फीसदी बढ़ाना होगा



### पीपीए पर हस्ताक्षर में विलंब

*इसमें कहा गया है कि परियोजना के चालू होने में देरी.. भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याओं, 'ग्रिड कनेक्टिविटी' में देरी तथा बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर करने में विलंब के कारण हुई है।*

### बिजली लागत बढ़ेगी

*रिपोर्ट के अनुसार, वित्तपोषण लागत में 400 आधार अंकों की वृद्धि के परिणामस्वरूप भारत अपने 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य से 100 गीगावाट तक पीछे रह सकता है। इसमें कहा गया है कि पूंजी की उच्च लागत से उपभोक्ताओं के लिए बिजली की लागत भी बढ़ेगी।*

### निवेश 13.3 अरब डॉलर होने का अनुमान

*वित्त वर्ष 2023-24 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन एवं पारेषण में निवेश 13.3 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, '' हालांकि, एनईपी-14 में उल्लिखित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वार्षिक वित्तपोषण को हर वर्ष 20 प्रतिशत की निरंतर दर से बढ़ाना होगा, जो 2032 तक 68 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। ''*

### 300 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी

इसमें कहा गया है कि भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए 300 अरब अमेरिकी डॉलर के संचयी निवेश की आवश्यकता होगी, जो 14वीं राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी-14) के तहत बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### वित्तपोषण जोखिमों को समझना होगा

एम्बर में भारत के लिए वरिष्ठ ऊर्जा विश्लेषक नेशविन रोड्रिग्स ने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए परियोजना-विशिष्ट वित्तपोषण जोखिमों को समझना लक्षित शमन उपायों को तैयार करने की कुंजी है जो पूंजी की लागत को कम रखते हैं। नवीकरणीय ऊर्जा में जोखिम विकसित करने वाले कारकों के प्रति सजग रहना उनके विकास को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करे।

# पांच दिन की गिरावट के बाद सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा

## निफ्टी में रहा मामूली नुकसान

एजेंसी ▶▶| मुंबई



बीएसई सेंसेक्स में मंगलवार को पिछले कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और मानक सूचकांक 147 अंक के लाभ में रहा। वित्तीय और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 147.71 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,602.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 330.67 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 17 शेयर लाभ में जबकि 13 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी में हालांकि छठे दिन गिरावट जारी रही और यह मामूली 5.80 अंक यानी 0.03 प्रतिशत फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के अंतिम घंटे में औषधि, धातु और आईटी शेयरो में बिकवाली से निफ्टी नुकसान में रहा। विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सर्वाधिक 2.61 प्रतिशत के लाभ में रहा। भारती एयरटेल में 2.55 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, जोमैटो, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, मारुति और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहे।


- वित्तीय व एफएमसीजी के शेयरों में रही तेजी

### निवेशक जोखिम लेने से बच रहे

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''हल्के कारोबार में मानक सूचकांकों में मिला-जुला रुख रहा। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से निवेशकों ने सतर्क रवैया अपनाया। वैश्विक अनिश्चितताओं के साथ एफआईआई की बिकवाली जारी रहने के साथ निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं।

# तीसरे वर्ष भारत ने 49 अरब यूरो मूल्य का रूसी तेल किया आयात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता और आयातक भारत ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के तीसरे वर्ष में रूस से 49 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा है। वैश्विक शोध संस्थान ने यह जानकारी दी। भारत पारंपरिक रूप से पश्चिम एशिया से अपना तेल खरीदता रहा है।

हालांकि उसने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के तुरंत बाद रूस से बड़ी मात्रा में तेल आयात करना शुरू कर दिया। इसका मुख्य कारण यह है कि पश्चिमी प्रतिबंधों और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा खरीद से परहेज के कारण रूसी तेल अन्य अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में काफी छूट पर उपलब्ध था। इसके परिणामस्वरूप भारत के रूसी तेल आयात में वृद्धि हुई, जो कुल कच्चे तेल आयात के एक प्रतिशत से बढ़कर अल्प अवधि में 40 प्रतिशत तक पहुंच गया। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, आक्रमण के तीसरे वर्ष में नए बाजारों पर रूस की पकड़ मजबूत हुई है। तीन सबसे बड़े खरीदार चीन (78 अरब यूरो), भारत (49 अरब यूरो) और तुर्किये (34 अरब यूरो) रहे। आक्रमण के तीसरे वर्ष में जीवाश्म ईंधन से रूस के कुल राजस्व में इनकी हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रही। ''

- वैश्विक शोध संस्थान ने दी जानकारी
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता

### भारत को सस्ती दर पर तेल खरीदने का मौका मिला

रूसी तेल पर कीमत में छूट (जो कभी-कभी अन्य तेलों के बाजार मूल्य से 18-20 डॉलर प्रति बैरल कम होती है) ने भारत को बहुत सस्ती दर पर तेल खरीदने का मौका दिया। हालांकि, हाल के दिन में छूट घटकर तीन डॉलर प्रति बैरल से भी कम रह गई है।

### कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.61%

***नई दिल्ली।** कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में थोड़ी कम होकर 4.61 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर 2024 में 5.01 प्रतिशत थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन अवधि में ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 5.05 प्रतिशत से घटकर 4.73 प्रतिशत पर आ गई। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कृषि श्रमिकों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण कामगारों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जनवरी 2025 के महीने के लिए क्रमशः चार अंक और तीन अंक घटकर 1,316 और 1,328 अंक पर पहुंच गया। बयान के अनुसार, दिसंबर 2024 में सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल क्रमशः 1,320 अंक और 1,331 अंक थे।*

कंपनी के सीईओ कर्मचारियों को ईमेल भेजने के भी खिलाफ

# कैपजेमिनी ने सप्ताह में 47.5 घंटे काम करने की वकालत की

एजेंसी ▶▶| मुंबई



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी कैपजेमिनी इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अश्विन यार्डी ने मंगलवार को प्रति सप्ताह 47.5 घंटे काम करने की वकालत की। वह सप्ताहांत में कर्मचारियों को ईमेल भेजने के भी खिलाफ हैं। सीईओ ने यहां नैसकॉम टेक्नोलॉजी एंड लीडरशिप फोरम (एनटीएलएफ) में कहा, ''साढ़े सैंतालीस घंटे हमारे यहां काम की अवधि प्रतिदिन करीब नौ घंटे और सप्ताह में पांच दिन है।'' एक कर्मचारी ने यार्डी से पूछा था कि आदर्श रूप से प्रति सप्ताह कितना काम करना चाहिए। इसके जवाब में उन्होंने उक्त बात कही। यार्डी ने कहा कि पिछले चार वर्षों से उनका मार्गदर्शक सिद्धांत यह है कि सप्ताहांत में ईमेल न भेजें, जब तक कि ऐसा करना बहुत जरूरी न हो। यार्डी ने स्वीकार किया कि वह कभी-कभी सप्ताहांत में भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वह कर्मचारियों को ई-मेल भेजने से बचते हैं।

- काम की अवधि प्रतिदिन करीब नौ घंटे और सप्ताह में पांच दिन

### मूर्ति 70 व सुब्रह्मण्यन 90 घंटे कार्य के पैरोकार

गौरतलब है कि आईटी उद्योग के दिग्गज और इन्फोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति 70 घंटे के कार्य सप्ताह की वकालत कर रहे हैं। दूसरी ओर लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एस एन सुब्रह्मण्यन ने 90 घंटे के कार्य सप्ताह की पैरोकारी की है। इसी कार्यक्रम में नैसकॉम की चेयरपर्सन सिंधु गंगाधरन ने कहा कि परिणाम काम से अधिक मायने रखने चाहिए।



### अक्टूबर-दिसंबर में घरों की कीमतें 10 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में मजबूत मांग और कच्चे माल की उच्च लागत के कारण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घरों की कीमतों में औसतन 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रियल एस्टेट निकाय क्रेडाई, रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स और डेटा विश्लेषक कंपनी लियासेस फोरास की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अक्टूबर-दिसंबर, 2024 में आवास कीमतें सालाना आधार पर सबसे अधिक 31 प्रतिशत बढ़ीं। रिपोर्ट में कहा गया, '' दिलचस्प बात यह है कि 2021 से शुरू होकर लगातार 16वीं तिमाही में औसत आवास कीमतें बढ़ रही हैं।'' सभी आठ प्रमुख शहरों में कीमतों में बढ़ोतरी स्पष्ट दिखी। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, '' आवास की कीमतों में निरंतर वृद्धि मकान खरीदने वालों के बीच मजबूत आत्मविश्वास को रेखांकित करती है...हालांकि, बदलती प्राथमिकताएं तथा जीवनशैली में सुधार प्रमुख प्रेरक बने हुए हैं, लेकिन निर्माण व भूमि अधिग्रहण में लागत दबाव भी मूल्य निर्धारण प्रवृत्तियों पर दबाव बना रहे हैं।''

# मारुति ने हरियाणा के खरखौदा संयंत्र में उत्पादन किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मारुति सुजुकी इंडिया ने हरियाणा के खरखौदा संयंत्र में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन माध्यम से अगस्त 2022 में इस सुविधा की आधारशिला रखी थी। मोटर वाहन विनिर्माता ने बयान में कहा, शुरुआत में खरखौदा संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई होगी और यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का उत्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही, मारुति सुजुकी की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 26 लाख इकाई प्रति वर्ष हो जाएगी। इस आंकड़े में सुजुकी मोटर गुजरात (कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी) की उत्पादन क्षमता भी शामिल की गई है। कंपनी का हरियाणा में यह तीसरा संयंत्र है।

अदाणी विल्मर ने नाम बदलकर एग्री बिजनेस लिमिटेड रखा

# बदल गया अदाणी के विल्मर का नाम, हुआ एडब्ल्यूएल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी ग्रुप की फास्ट-मूविंग कंज्यूमर ग्रुप (एफएमसीजी) यूनिट अदाणी विल्मर ने अपना नाम बदलकर एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड कर लिया है। कंपनी एडब्ल्यूएल ने मंगलवार को एक प्रेस रिलीज में कहा कि यह कदम शेयरहोल्डर्स से मंजूरी मिलने के बाद ही उठाया गया है। रीब्रांडिंग का उद्देश्य कंपनी की पहचान को उसकी कोर बिजनेस एक्टिविटीज और एग्री-बिजनेस इंडस्ट्री में भविष्य की विकास संभावनाओं के साथ जोड़ना है। कंपनी ने कहा कि यह फैसला कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव है। यह

- यह कदम शेयर होल्डर से मंजूरी मिलने के बाद उठाया गया

### नए प्रोडक्ट्स पेश करेगी एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड अब वित्त वर्ष 2026 में नए प्रोडक्ट्स को पेश करने के अपने प्रयासों को तेज करेगी। कंपनी किचन एसेंशियल्स यानी रसोई के आवश्यक सामानों के अंतर्गत किफायती और उच्च-स्तरीय दोनों सेगमेंट को टारगेट करेगी।




### कंपनी की कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटेजी में भी तेजी आएगी

इसके अलावा कंपनी की कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटेजी में भी तेजी आ सकती है। क्योंकि कंपनी के चल रहे प्रोजेक्ट्स, जिसमें लगभग 1,300 करोड़ रुपए की वैल्यू की फूड प्रोसेसिंग फैसिलिटी शामिल है, जो कंपनी के 2022 में आईपीओ से जुटाए गए फंड से फंडेड है। हरियाणा के सोनीपत जिले में स्थित इस फूड प्रोसेसिंग फैसिलिटी का ऑपरेशन पिछले महीने शुरू हुआ था। यह कंपनी एडिबल ऑयल और कई फूड आइटम्स का उत्पादन करेगी। इससे पहले अदाणी एंटरप्राइजेज ने अक्टूबर 2024 में अदाणी विल्मर के साथ अपने फूड और एफएमसीजी बिजनेस को अलग करने के अपने प्लान को कैंसिल कर दिया था।

### अदाणी विल्मर का मुनाफा तीसरी तिमाही में दोगुना हुआ

अदाणी विल्मर का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) 104% बढ़कर 411 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 201 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 15,859 करोड़ रुपए रहा। सालाना आधार पर इसमें 23.62% की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 12,828 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया था।

# सोना 250 रुपए चढ़ा, चांदी एक लाख के स्तर से फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये के मूल्य में गिरावट आने के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने में दूसरे दिन भी तेजी जारी रही। सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 250 रुपये बढ़कर 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 88,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 20 फरवरी को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने क्रमशः 89,450 रुपये और 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ था।

- सोना मामूली बढ़कर 89,350 रुपए प्रति दस ग्राम



### निवेशकों को फेड के आंकड़ों का इंतजार

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी के अनुरसार व्यापारियों को मंगलवार को जारी होने वाले सीबी उपभोक्ता विश्वास सूचकांक और रिचमंड विनिर्माण सूचकांक सहित वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार रहेगा। साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कुछ सदस्यों की टिप्पणियों का भी इंतजार रहेगा, जो सर्राफा कीमतों को दिशा प्रदान करेंगे।

चिंतन

# जर्मनी में दक्षिणपंथ की वापसी के वैश्विक संदेश

जर्मनी में सत्ता परिवर्तन यूरोप में दक्षिणपंथ और कंजरवेटिव के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सोशल डेमोक्रटिक पार्टी के प्रमुख चांसलर ओलाफ़ शोल्ज़ की करारी हार हुई है। 630 सदस्यीय जर्मन संसद (बुंडेस्टाग) में शोल्ज़ की पार्टी एसडीपी 121 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) में सबसे बड़े व शक्तिशाली देश जर्मनी में चांसलर शोल्ज़ के गठबंधन के नवंबर में टूट जाने के चलते करीब सात महीने पहले ही आम चुनाव कराए गए, जिसमें फ्रेडरिक मर्त्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के कंजरवेटिव गठबंधन को सबसे अधिक सीटें मिली हैं। हालांकि गठबंधन को बहुमत नहीं मिला है। एग्जिट पोल में भी कंजरवेटिव गठबंधन सीडीयू व सीएसयू की जीत का अनुमान लगाया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी में किसी धुर दक्षिणपंथी गठबंधन की इतनी बड़ी जीत हुई है। हालांकि पूर्व में सीडीयू पार्टी की ही एंजेला मर्केल चांसलर रही हैं। जर्मनी में यह परिवर्तन चौंकाता है। यूरोप में उदार व सोशलिस्ट दलों का दबदबा हाल के वर्षों में मजबूत हुआ है, लेकिन स्थानीय स्तर पर आर्थिक व सामाजिक मुद्दे ने कंजरवेटिव ख्यालों वाले दलों के लिए जमीन उर्वरा बना दी है। अर्थव्यवस्था की सुस्त गति, नए रोजगार सृजन की सुस्ती, अप्रवासियों की बढ़ती मौजूदगी, सांस्कृतिक व सामाजिक डेमोग्राफी में बदलाव आदि ऐसी स्थितियां हैं, जिनके चलते कंजरवेटिव दलों को सफलता मिल रही हैं। अमेरिका में भी अमेरिकी राष्ट्रवाद व संरक्षणवाद का नारा लगाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में रिपब्लिकन को विजय मिली है। ट्रंप ने जर्मनी में सत्ता परिवर्तन पर खुशी जताई है और इसे जर्मन राष्ट्रवाद के उदय के रूप में उद्धृत किया है। कंजरवेटिव सीडीयू/सीएसयू गठबंधन की जीत के बाद अब फ्रेडरिक मर्त्ज़ जर्मनी के नए चांसलर बन सकते हैं। 69 वर्षीय मर्त्ज़ के पास सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने देश का बेहतर नेतृत्व करने का लोगों से वादा किया है। खास बात है कि दूसरी धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी 20 प्रतिशत मत पाकर दूसरे स्थान पर है। यानी पहले व दूसरे स्थान पर दक्षिणपंथी दल हैं। जर्मनी में दक्षिणपंथी गठबंधन के सत्ता में आने के बाद यूरोपीय यूनियन के कामकाज पर भी इसका असर पड़ेगा। ईयू में जर्मनी प्रमुख सदस्य देश है। ओलाफ़ शोल्ज़ की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। पार्टी को केवल 16.5 प्रतिशत वोट मिले हैं। ग्रीन्स पार्टी को 12 प्रतिशत मत मिले हैं। जर्मनी में यह चुनाव ऐसे समय में हुए हैं जब यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वर्षों से चले आ रहे ठहराव, अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाने का दबाव तथा यूक्रेन के भविष्य, यूरोप के अमेरिका के साथ गठबंधन को लेकर बढ़ती अनिश्चितता जैसी चिंताएं सामने आ रही हैं। जर्मनी में भी अवैध प्रवासी इस चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा। जर्मनी के अंदर कई हमले हुए हैं जिसे अवैध प्रवासियों ने अंजाम दिया है। यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका के व्यवहार ने यूरोप को सकते में डाल दिया है। यूक्रेन युद्ध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने रूस का पक्ष लिया है, जबकि यूरोप यूक्रेन के साथ है। जर्मनी 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश और नाटो का प्रमुख सदस्य है। अमेरिका के बाद यह यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है। जर्मनी के इस चुनाव में एलन मस्क व रूस का दखल भी दिलचस्प है। भारत के साथ जर्मनी के रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।



महाशिवरात्रि
श्वेता गोयल

# ध्यान, योग व आत्म-साक्षात्कार की रात

महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है।

हिंदू धर्म में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को होगी। महाशिवरात्रि का तात्पर्य 'शिव की महान रात्रि' से है और इस अवसर पर शिवलिंग की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि का महत्व धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक है। भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भक्त इस पर्व को बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। शिवभक्त इस दिन उपवास रखते हैं, रात्रि जागरण करते हैं और भजन-कीर्तन द्वारा भगवान शिव की स्तुति करते हैं। महाशिवरात्रि का उल्लेख कई पुराणों में मिलता है। स्कंद पुराण, शिव पुराण और पद्म पुराण में इस पर्व का विशेष वर्णन किया गया है। शिव पुराण के अनुसार, इस दिन शिवलिंग की पूजा करने से समस्त दोष समाप्त होते हैं और साधक को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन व्रत रखने वाले भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है और उनकी समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कहा जाता है कि जो व्यक्ति महाशिवरात्रि के दिन पूरी रात जागरण करता है और भगवान शिव का ध्यान करता है, वह जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

महाशिवरात्रि को आध्यात्मिक जागृति की रात भी माना जाता है। इस रात ध्यान और योग करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह रात ध्यान और चिंतन के लिए भी बहुत अच्छी है। शैव परंपरा में तो महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है क्योंकि यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। कहा जाता है कि इस रात को भगवान शिव की आराधना करने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को आत्मज्ञान प्राप्त होता है। इस अवसर पर भारत के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, सोमनाथ, केदारनाथ, ओंकारेश्वर, तिरुवन्नामलाई तथा अन्य प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भारत में महाशिवरात्रि के अवसर पर अनेक स्थानों पर विशेष मेलों का भी आयोजन किया जाता है। उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर इस दिन भक्तों से खचाखच भरा रहता है और काशी में शिव भक्त गंगा स्नान कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में इस दिन विशेष अनुष्ठान होते हैं। दक्षिण भारत के कई मंदिरों में अभिषेक और रात्रि जागरण का आयोजन होता है। शिव अनादि हैं, शिव अविनाशी हैं और उनकी आराधना मोक्ष और परम आनंद की ओर ले जाती है। शिव को ध्यान और योग का आदिगुरु माना जाता है। शिव का शांत



स्वरूप हमें धैर्य और संतुलन की शिक्षा देता है जबकि उनके रुद्र रूप से हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। शिव अर्धनारीश्वर के रूप में यह संदेश देते हैं कि स्त्री और पुरुष समान हैं और दोनों का समभाव में रहना आवश्यक है। उनके गले में सर्प हमें यह सिखाते हैं कि भय से मुक्त होकर जीवन जीना चाहिए। शिव का त्रिनेत्र ज्ञान, कर्म और भक्ति का प्रतीक है और उनका डमरू सृष्टि की अनाहत ध्वनि का संकेत देता है। महाशिवरात्रि का संदेश केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और दार्शनिक भी है।

यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें जीवन में कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिए बल्कि शिव की तरह धैर्य और साहस के साथ उनका सामना करना चाहिए। शिव हमें यह भी सिखाते हैं कि अहंकार को त्यागकर विनम्रता को अपनाना चाहिए क्योंकि सच्ची शक्ति विनम्रता में ही निहित होती है। शिव अपने गणों और भक्तों को समान दृष्टि से देखते हैं, जिससे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें भी सभी प्राणियों के प्रति समान दृष्टि रखनी चाहिए। महाशिवरात्रि हमें भक्ति, ध्यान और आत्म संयम का संदेश देती है। यह पर्व हमें शिव के अद्वितीय स्वरूप को समझने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। शिव हमें सिखाते हैं कि सादगी और सरलता ही जीवन का सार है और सच्ची भक्ति वही है, जो अहंकार और आसक्ति से मुक्त हो। महाशिवरात्रि से संबंधित कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक अन्य कथा के अनुसार, जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया था, तब उसमें से अमृत के साथ विष (हलाहल) भी निकला था। उस विष से समस्त सृष्टि के विनाश का संकट उत्पन्न हो गया था। उस समय भगवान शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया था और वे 'नीलकंठ' कहलाए। उस घटना की स्मृति में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाने लगा। महाशिवरात्रि केवल शिव की आराधना का पर्व ही नहीं है बल्कि यह जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने और आत्मचिंतन करने का भी अवसर है। भगवान शिव को 'संहार का देवता' कहा जाता है लेकिन उनका संहार विनाश नहीं बल्कि नवीनीकरण का प्रतीक है। शिव का तांडव नृत्य न केवल विनाश का बल्कि सृजन का भी द्योतक है। यह पर्व हमें जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है और शिक्षा देता है कि नकारात्मकता से बाहर निकलकर सकारात्मकता की ओर बढ़ना ही सच्चा शिवत्व है। महाशिवरात्रि का महत्व केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि इस दिन पृथ्वी की ऊर्जा विशेष रूप से शिव तत्व से प्रभावित होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो यह समय ब्रह्मांडीय ऊर्जा के प्रवाह का काल होता है, जब ध्यान और साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकता है। योगी और साधक इस अवसर का उपयोग आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति के लिए करते हैं।

इस रात ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है, जो मानव शरीर और मन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। रात्रि जागरण से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और ध्यान तथा साधना से मानसिक शांति प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, भक्ति और साधना का अद्भुत संगम है। यह पर्व हमें भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। शिव की आराधना से व्यक्ति न केवल सांसारिक जीवन में सुख प्राप्त करता है बल्कि आध्यात्मिक उन्नति भी करता है। इसलिए, महाशिवरात्रि के दिव्य अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में सकारात्मकता को अपनाएंगे, आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होंगे और शिव के आदर्शों को आत्मसात करेंगे।

(लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

पर्व विशेष
सोनम लववंशी



# शिवत्व का आह्वान, अनंत से एकत्व की यात्रा


भारतीय संस्कृति में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। यह एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और भक्ति की पराकाष्ठा का प्रतीक है। यह पर्व भगवान शिव के विवाह की पावन स्मृति से जुड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर यह उस अनादि क्षण का भी द्योतक है जब शिव ने अपने तांडव से सृष्टि के नाश और पुनरुत्थान का संदेश दिया था। यह रात्रि, जिसमें जागरण, व्रत, अभिषेक और ध्यान के माध्यम से शिवत्व की अनुभूति की जाती है, आत्मा की यात्रा को परमात्मा की ओर ले जाने वाला मार्ग प्रशस्त करती है। शिव ही आदि और अनंत हैं, जिन्हें संहारक और सृजनहार दोनों रूपों में पूजा जाता है। यह भारतीय दर्शन में मात्र एक देवता नहीं, ब्रह्मांड की मूलभूत ऊर्जा के प्रतीक हैं। वे ध्यान के अधिष्ठाता, योग के प्रवर्तक और लोक कल्याण के प्रतीक हैं। शिव उपासना किसी संकीर्ण धार्मिक दायरे में सीमित नहीं है। यह समस्त मानवता को शांति, संतुलन और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने का माध्यम है। महाशिवरात्रि, इस गूढ़ तत्वज्ञान को आत्मसात करने का श्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो महाशिवरात्रि की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा अन्य धर्मग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। यह रात्रि शिवलिंग के प्राकट्य की भी मानी जाती है, जो इस विचार को पुष्ट करती है कि शिवलिंग सृजन और संहार के बीच संतुलन का प्रतीक है। अनेक पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन शिव ने समुद्र मंथन से उत्पन्न हलाहल विष को अपने कंठ में धारण कर विश्व की रक्षा की थी, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। यह घटना यह दर्शाती है कि शिव केवल सृजन और विनाश के कारक ही नहीं, बल्कि त्याग और करुणा की मूर्ति भी हैं। आज के युग में जब समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, जब आत्मकेंद्रितता, भौतिकता और मानसिक अशांति ने लोगों को घेर लिया है, महाशिवरात्रि का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है।

शिव का जीवन और दर्शन हमें सिखाता है कि त्याग, संयम और ध्यान के माध्यम से हम आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। उनका 'भोलेनाथ' स्वरूप हमें सरलता और सहजता अपनाने की प्रेरणा देता है, जबकि उनका 'रुद्र' रूप हमें अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने का संबल प्रदान करता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर रात्रि जागरण और ध्यान की परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह योग और आत्मसाक्षात्कार का अवसर भी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह सिद्ध हो चुका है कि इस रात्रि में जागरण और ध्यान से चेतना का स्तर ऊंचा उठता है। शिव का 'महामृत्युंजय मंत्र' इस पर्व पर विशेष रूप से उच्चारित किया जाता है, जो मानसिक शांति और आरोग्य प्रदान करता है। इस मंत्र का प्रभाव न केवल आध्यात्मिक होता है, यह व्यक्ति की चेतना को भी जाग्रत करता है। महाशिवरात्रि हमें इस बात की भी याद दिलाती है कि मानवता और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। शिव का स्वरूप पर्यावरण प्रेम का परिचायक है। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, गंगा को अपनी जटा में धारण करते हैं और नागों तथा पशुओं के संरक्षक हैं। उनके यह सभी प्रतीक हमें प्रकृति के संरक्षण और संतुलन की महत्ता का संदेश देते हैं। इस आधुनिक युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली बढ़ रही है, तब शिव की साधना हमें सरलता और सादगी का महत्व समझाती है।

उनकी ध्यान मुद्रा हमें यह सिखाती है कि बाहरी शोर से दूर रहकर आत्ममंथन ही वास्तविक सुख का मार्ग है। उनकी तीसरी आंख यह इंगित करती है कि केवल बाह्य दृष्टि से नहीं, आंतरिक दृष्टि से भी संसार को देखना आवश्यक है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, ये एक संकल्प है- आध्यात्मिक उत्थान का, आत्मशुद्धि का और मानवता के कल्याण का। इस दिन जब लाखों श्रद्धालु व्रत रखते हैं, शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित करते हैं, वे अनजाने में ही इस शाश्वत सत्य की ओर अग्रसर होते हैं कि शिव स्वयं अनंत ऊर्जा हैं, जिन्हें हम अपने भीतर भी अनुभव कर सकते हैं। शिव की उपासना केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, यह जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन, शांति और संयम स्थापित करने का एक प्रयास भी है। महाशिवरात्रि हमें यह बोध कराती है कि शिव हमारे भीतर हैं, वे हमारे विचारों, हमारे कर्मों और हमारे आचरण में हैं। यह पर्व हमें अपने भीतर झांकने, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने की प्रेरणा देता है। यह केवल एक रात्रि का पर्व नहीं, एक निरंतर चलने वाली यात्रा है-आध्यात्मिक जागरण की, आत्मसाक्षात्कार की और शिवत्व की ओर बढ़ने की।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलन: कांतिलाल मांडोत*


## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## मां गंगा




प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान संगम क्षेत्र का हवाई दृश्य।

करंट अफेयर

## ट्रंप, पुतिन व मस्क सभी की नेतृत्व शैली एक जैसी

तानाशाही बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यहां तक कि गैर-निर्वाचित उद्यमी एलन मस्क भी 'राजाओं' की तरह हुक्म चला रहे हैं। कुछ लोग इन नेताओं को 'प्रामाणिक' कह सकते हैं क्योंकि वे वही कहते हैं और अक्सर वही करते हैं जो वे मानते हैं। अमेरिका में संघीय अदालत ने नुकसान को रोकने के लिए कार्यस्थल पर विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी ट्रंप के कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी थी। शोधकर्ताओं का मानना था कि प्रामाणिकता स्वाभाविक रूप से अच्छी और नैतिक होती है। लेकिन जैसे-जैसे प्रामाणिक नेतृत्व अनुसंधान मजबूत प्रयोगात्मक तरीकों के साथ अधिक परिष्कृत होता जा रहा है, इस शक्तिशाली दृष्टिकोण के बारे में हम जो जानते हैं वह तेजी से बदल रहा है। नेता जो कहते हैं और करते हैं, उससे उनके मूल्यों के बारे में शक्तिशाली संदेश मिलता है। डिजिटल युग में जहां हर ट्वीट और सार्वजनिक कार्य की जांच की जाती है, वहां कर्मचारियों और मतदाताओं के लिए इन संकेतों को समझना महत्वपूर्ण है। आज की अस्थिर दुनिया में नेतृत्व करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए प्रामाणिक नेतृत्व व्यक्त करने के इस नए तरीके को अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है।



ऑफ बीट

## मंगल पर जीवन हमारे पेट के सूक्ष्म जीवों की तरह होगा

अब तक प्रचलित मान्यता यह थी कि जीवन केवल उन परिस्थितियों में ही संभव है, जहां बहुकोशिकीय जीव फलते-फूलते देखे गए हैं। पानी की मौजूदगी, शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान, तटस्थ श्रेणी में पीएच, कम लवणता और सूर्य या समकक्ष ऊर्जा स्रोत का प्रकाश जीवन पनपने के लिए आवश्यक माने जाते थे। हालांकि, 20वीं सदी के मध्य में सूक्ष्मजीव विज्ञानी थॉमस डी ब्रॉक ने 'येलोस्टोन नेशनल पार्क' के गर्म झरनों में रहने वाले बैक्टीरिया की खोज की, जहां तापमान 70 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। हालांकि, उस समय यह खोज दूसरे खगोलीय पिंडों पर जीवन की संभावनाओं की तलाश से संबंधित नहीं थी, लेकिन इसने इसकी वैज्ञानिक संभावनाओं को व्यापक बना दिया। तब से, 'एक्सट्रीमोफाइल' (अति वातावरण में उत्तरजीविता वाले सूक्ष्मजीव) के नाम से जाने जाने वाले जीवों को पृथ्वी पर कई तरह की चरम स्थितियों में पनपते पाया गया है, ध्रुवीय बर्फ में पड़ी दरारों से लेकर गहरे समुद्र में मौजूद उच्च दबाव क्षेत्र तक में। बादलों में छोटे निलंबित कणों से चिपके हुए और मृत सागर जैसे अत्यधिक खारे वातावरण में या रियो टिंटो जैसे अत्यधिक अम्लीय वातावरण में ये बैक्टीरिया पाए गए हैं। कुछ 'एक्सट्रीमोफाइल' उच्च स्तर की विकिरण के प्रति भी प्रतिरोधी होते हैं।



ट्रेंड

### विपक्ष की स्वीकृति



हमारे विपक्षी दल पहले किसी चीज का उपहास उड़ाते हैं, विरोध करते हैं, चर्चा से भागने का प्रयास करते हैं और अंततः उसको स्वीकृति भी देने के लिए तत्पर होते हैं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी स्नान करके आ गए, यह उनकी स्वीकृति का ही प्रमाण है...

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### समय बड़ा बलवान



नेता प्रतिपक्ष होते हुए कई बार विजेंद्र गुप्ता जी के साथ दुर्व्यवहार किया गया । आज वही विजेंद्र गुप्ता जी को दिल्ली विधानसभा का स्पीकर नियुक्त किया गया है । समय बड़ा बलवान है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### बाबा साहेब की फोटो



दिल्ली की नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की फोटो हटाकर प्रधानमंत्री मोदी जी की फोटो लगा दी। ये सही नहीं है। मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप प्रधानमंत्री जी की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो लगी रहने दीजिए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### ब्रह्मांड में कुछ खास



पहले मुझे लगा कि महाकुंभ सिर्फ एक बहुत बड़ा फोटो सेशन बनता जा रहा है। लेकिन अब एहसास हो रहा है कि हर कोई वहां जाने की इच्छा महसूस कर रहा है। क्या ब्रह्मांड में कुछ खास होने वाला है?

-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से वर्ल्ड बैंक, साउथ एशिया के रीजनल डायरेक्टर इमाद फखरी ने वन-टू-वन संवाद किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से वन टू वन भेंट में एमपिन एनर्जी लिमिटेड के पिनाकी भट्टाचार्य ने भेंट की।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कार्य कर रहे जिंदल इंडिया संस्थान के प्रमोटर गुंजन जिंदल पोद्दार और अन्य प्रतिनिधियों ने भेंट की।

# स्वास्थ्य, पर्यटन, रियल एस्टेट में निवेश के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन सोमवार को विभिन्न उद्योगपतियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की। पतंजलि समूह के आचार्य बालकृष्ण ने भेंट के दौरान मुख्यमंत्री से हेल्थ एवं वेलनेस क्षेत्र में निवेश के संदर्भ में चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वालों में इटली के कान्सूलेट जनरल वॉलटर फेरेरा भी थे। ईजीट्रिप डॉट कॉम के सीईओ एवं कॉ-फाउण्डर रिकांत पिटी ने भी भेंट की और पर्यटन क्षेत्र में निवेश संबंधी चर्चा की। टॉरेंट पॉवर के जिगिश मेहता एवं ओमप्रकाश नेनवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छा जताई।

## सीएम की उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा

आदित्य बिरला ग्रुप के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मप्र में औद्योगिक संभावनाओं को तलाशने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से किए जा रहे प्रयासों को सराहा। हिन्डालको कम्पनी के एमडी सतीश पई, एमडी ग्रेसिम एचके अग्रवाल, एसेल माईनिंग के एमडी थॉमस चेरियन, अरविंद ग्रुप के डॉ. परम शाह एवं एनटीपीसी के चेयरमैन एवं एमडीगुरदीप सिंह ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन-टू-वन चर्चा की। गोदरेज समूह के ग्रुप प्रेसीडेंट राकेश स्वामी भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले। उन्होंने रियल स्टेट और टाउनशिप क्षेत्र में समूह कीओर से किए जा रहे कार्य की जानकारी दी।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुंबई से आए फिल्मकार जैकी भगनानी ने भेंट कर मध्यप्रदेश में फिल्म निर्माण संबंधी प्रस्ताव दिया।

# सबसे सस्ती बिजली बनाने में मप्र ने बनाया रिकॉर्ड

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव जीआईएस में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा पर आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन में हुए शामिल
- भारतीय रेल के साथ हुआ पीपीए अनुबंध




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में गत वर्षों में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में तेज गति से वृद्धि हुई है। अब यह हमारी कुल ऊर्जा उत्पादन का 15% हो गई है। साथ ही मप्र ने सबसे सस्ती बिजली बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया है। प्रदेश के नीमच जिले में स्थापित सोलर परियोजना में 02 रुपए 14 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली उत्पादन किया जा रहा है और यह सस्ती बिजली हमारी सरकार भारतीय रेलवे को बेच रही है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा पर आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार को भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट आयोजित की गई है, जिसमें दुनिया भर से मध्यप्रदेश में निवेश प्रस्ताव आ रहे है। देश-विदेश के निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर भरोसा जताया है। हमारे लिए छोटा से छोटा निवेश भी बहुत बड़ा है और हर निवेशक महत्वपूर्ण है।

## नवकरणीय ऊर्जा विशेष रूप से सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा विशेष रूप से सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। रीवा में 750 मेगावाट क्षमता का अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क स्थापित किया गया है। नीमच में 500 मेगावाट का सोलर पॉवर प्लांट और भारत का सबसे बड़ा पम्पड हाइड्रो पॉवर स्टोरेज प्रोजेक्ट लगाया गया है। यह सबसे सस्ती बिजली का उत्पादन कर रहा है। ओंकारेश्वर में भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किया गया है। नर्मदापुरम जिले के मुहासा बाबई में भारत का पहला पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन बनाया गया है। पहले इसके क्षेत्र को बढ़ाकर 884 एकड़ किया गया था, अब इसमें 1000 एकड़ क्षेत्र और बढ़ाया जा रहा है। मप्र भारत के 500 गीगावॉट के नवकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### मध्यप्रदेश में निवेश का अच्छा माहौल बना

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि मप्र में निवेश का अच्छा माहौल बना है। वर्ष 2030 तक भारतीय रेल ऊर्जा के क्षेत्र में नेट जीरो हो जाएगी, अर्थात शत-प्रतिशत बिजली पर चलेगी। अभी 97% रेलवे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन कर लिया गया है। आज मप्र के साथ 170 मेगावाट का पावर परचेज एग्रीमेंट किया गया है, जो अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मप्र जितनी भी अतिरिक्त बिजली उत्पादित करेगा हम खरीदेंगे। वैष्णव ने कहा कि मप्र में रेलवे नेटवर्क का ऐतिहासिक कार्य चल रहा है। इस क्षेत्र में एक लाख 4 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। वर्ष 2014 के बाद 2456 किमी का रेलवे नेटवर्क तैयार किया गया है।

### नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यः मंत्री शुक्ला

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मप्र में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। आज हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री स्वयं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आए हैं। मुख्यमंत्री निरंतर प्रदेश में निवेश बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में 10 वर्ष पहले मात्र 500 मेगावाट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादित होती थी जो अब 7000 मेगावाट हो गई है।

### शिखर सम्मेलन में यह उद्योगपति हुए शामिल

शिखर सम्मेलन में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन के आरपी गुप्ता, साउथ एशिया रीजनल डायरेक्टर इमाद फारुकी, अवाडा ग्रुप के विनीत मित्तल, एलएलपी समूह के सुनील जैन, उद्योगपति पराग शर्मा, पिनाकी भट्टाचार्य, पवन अग्रवाल, नवीन खंडेलवाल, राजीव जैन, जिग्नेश मेहता,गुरदीप सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अपर प्रमुख सचिव एमएसएमईमनु श्रीवास्तव ने शिखर सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की और स्वागत भाषण दिया। एमडी अमनवीर सिंह बैंस ने आभार व्यक्त किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से डीसीटी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अनीश नाथानी ने मुलाकात की।


मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से वर्ल्ड रिसर्चस संगठन के को-फाउंडर डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. शंकर लाल गर्ग ने भेंट की।


मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से माल्दोवा की राजदूत एना तबन ने वन-टू-वन संवाद किया।

ब्लॉग

# पीएम मोदी का जीआईएस-2025 का शुभारंभ करना प्रदेशवासियों के लिए गौरवशाली क्षणः डॉ. यादव

मप्र की राजधानी और झीलों की नगरी भोपाल में सोमवार को नया इतिहास रचा गया है। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि 8वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के इस ऐतिहासिक समागम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद के साथ हुआ है। ये दो दिन मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास के नये आयाम स्थापित करेंगे। इस वर्ष की थीम है 'अनंत संभावनाएं', जो मध्यप्रदेश में उद्योग और निवेश की असीमित संभावनाओं को दर्शाती है। इन्वेस्टर्स समिट के रूप में निवेश मनीषियों का यह समागम अनंत संभावनाओं के साथ विकास का नया इतिहास लिखने जा रहा है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि राजा भोज की नगरी भोपाल अपने गौरवशाली अतीत के साथ भविष्य की स्वप्निल उड़ान के लिए तैयार है।

हमें अति प्रसन्नता है कि दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के सबसे बड़े नायक, यशस्वी प्रधानमंत्री स्वयं इस समिट के साक्षी बने और उन्होंने मप्र को स्वर्णिम विकास का आशीर्वाद दिया। समिट में अनेक देशों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक बंधु, मप्र के प्रवासी मित्र आदि शामिल हुए हैं। मैं इस समिट में पधारे सभी निवेशकों का अपने हृदय की गहराइयों से मप्र की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से स्वागत करता हूं।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज पूरी दुनिया में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत आर्थिक और सामरिक रूप से विश्व में सर्वश्रेष्ठ शक्ति बने। प्रधानमंत्री के इस संकल्प के अनुरूप ही मध्यप्रदेश ने विकास की रूपरेखा तैयार की है। विकास का यह स्वरूप विरासत के साथ वैश्विक भी है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि यशस्वी प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हम एक वर्ष पहले निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा पर निकले। मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। यह जल, वन, खनिज, पुरा और कृषि संपदा से समृद्ध है। विविधता से संपन्न प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है, मेधा है और आवश्यकता है। इसी को केन्द्र में रखकर हमने पहली बार सबसे पहले रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। इसमें प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्यम शामिल हुआ। हमने व्यापार में सरलता और निवेशकों के साथ सीधे संवाद को प्राथमिकता दी। मार्च 2024 में उज्जैन से शुरू हुई इस निवेश यात्रा में जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, कोलकाता, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी और जापान आदि शामिल हैं।

इन विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रोड-शोज के माध्यम से मध्यप्रदेश ने 4.8 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। इन निवेश प्रस्तावों ने लगभग 2 लाख नए रोज़गार के अवसर सृजित किए हैं, जो प्रदेश के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। हमने वर्ष-2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया और लक्ष्य निर्धारित किया। इसी दिशा में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कदम उठाये। निवेश को सरल,सहज और व्यवहारिक बनाने के लिए विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों के लिए विशेष नीतियां बनाई गईं।

निवेश, उद्योग, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 19 नई नीतियां लेकर आए हैं। इन नीतियों से ऑटोमोबाइल, टैक्सटाइल एवं गारमेंट, कृषि, दवा उत्पादन, आईटी, डाटा सेंटर एवं जीसीसी, एनिमेशन एवं गेमिंग, ड्रोन एवं सेमी-कंडक्टर, खनिज, पेट्रोलियम, पर्यटन, शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश कर अच्छा वित्तीय लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश को देश का टेक्सटाइल कैपिटल और मैन्युफैक्चरिंग का फेवरिट डेस्टिनेशन कहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। साथ ही हमें टैक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी का 'ट्रिपल-टी' मंत्र दिया है, हम उस मंत्र का अनुसरण करेंगे।

उद्योगों के विकास और विस्तार के लिए भूमि, जल, बिजली और कुशल कार्यबल आवश्यक है। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि हमारे प्रदेश में सरप्लस बिजली है, पर्याप्त पानी है, विशाल लैंड बैंक है और स्किल्ड मेन पॉवर है। कुशल कार्यबल निर्मित करने के लिए हमने ग्लोबल स्किल पार्क की स्थापना की, जिसमें कौशल संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। ऊर्जा संपन्न मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कई नवाचार किए। रीवा सोलर प्लांट से दिल्ली मेट्रो को बिजली की आपूर्ति हो रही है। वर्ष 2030 तक प्रधानमंत्री द्वारा नवकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है, उसमें मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

# मप्र 2047 तक बनेगा 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था

मप्र की अर्थव्यवस्था संभावित रूप से अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 2047-48 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (248.6 लाख करोड़ रुपए) तक बढ़ा सकती है, जो मौजूदा 164.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (13.6 लाख करोड़ रुपए) से 8.6% की सीएजीआर से बढ़ सकती है। भारतीय उद्योग परिसंघ की रिपोर्ट में यह बात रेखांकित हुई है। एनविज़निंग मध्यप्रदेश इकोनॉमी 2047 के अनुसार यह रिपोर्ट आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण, प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, नीतिगत हस्तक्षेप और निवेश के अवसरों की रूपरेखा तैयार करती है जो राज्य के परिवर्तन को आगे बढ़ाएंगे। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने और विकास को गति देने के लिए समर्पित एक सक्रिय राज्य सरकार के साथ, मध्यप्रदेश 2047-48 तक भारत की जीडीपी में अपना योगदान मौजूदा 4.6% से बढ़ाकर 6.0% करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# जापान से मध्य प्रदेश में निवेश के खुलेंगे नए द्वार






**भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में क्रॉस कंट्री सेशन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पार्टनर कंट्री जापान के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने और मप्र में निवेश के नए द्वार खोलने के लिए एक महत्वपूर्ण क्रॉस कंट्री सेशन का आयोजन किया गया। सेशन में जापान और मप्र के बीच आर्थिक सहयोग, तकनीक हस्तांतरण और साझा विकास के अवसरों पर चर्चा हुई। इसमें जापान और भारत के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निवेश एवं व्यापारिक संबंधों को सशक्त करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कौंसुलेट जनरल ऑफ जापान यागी कोज़ी, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेट्रो) के डायरेक्टर जनरल हीरोयुकी कितामारु, जेट्रो के डायरेक्टर संजय भाटिया और ब्रिजस्टोन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हिरोशी योशीजाने ने अपने विचार रखे। इन विशेषज्ञों ने जापान और मप्र के बीच आर्थिक सहयोग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए।

## सोडियम धातु से महिला शिक्षिका को बनाना चाहते थे शिकार

# तीन छात्राओं समेत पांच छात्रों के कारण हुआ था विस्फोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के एक स्कूल के शौचालय में हुए विस्फोट की जांच में पता चला है कि तीन लड़कियों समेत पांच छात्रों ने एक महिला शिक्षिका को निशाना बनाने के लिए सोडियम धातु लगाकर विस्फोट की योजना बनाई थी।

बिलासपुर शहर के मंगला इलाके में 21 फरवरी को एक निजी स्कूल के शौचालय में हुए विस्फोट में चौथी कक्षा की एक छात्रा घायल हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने 23 फरवरी को इसमें शामिल पांच छात्रों में से चार को हिरासत में लिया। एक पांचवें छात्र, जो अपने रिश्तेदारों से मिलने गया था, को अभी हिरासत में लिया जाना बाकी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए चारों बच्चों, जो सभी कक्षा 8 के छात्र हैं, को किशोर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें किशोर गृह भेज दिया गया। बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा, सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच और जांच के दौरान तीन लड़कियों समेत पांच छात्रों की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद उनमें से चार को रविवार (23 फरवरी) को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि पांचों छात्रों ने कथित तौर पर स्कूल की एक महिला शिक्षिका को निशाना बनाने के लिए विस्फोट की योजना बनाई थी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि छात्रों में से एक ने अपने रिश्तेदार की आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सोडियम धातु खरीदी। उन्होंने शौचालय में टंकी के आउटलेट में सोडियम धातु रखी। उन्होंने कहा, एक चौथी कक्षा की छात्रा ने फ्लश का इस्तेमाल किया, जिससे अनजाने में विस्फोट हो गया और वह घायल हो गई। स्कूल के शिक्षक परीक्षाओं की देखरेख में व्यस्त थे, विस्फोट की आवाज सुनकर शौचालय पहुंचे और घायल लड़की को फर्श पर पड़ा पाया। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच चल रही है।

## रायगढ़ जिला जेल के बंदियों में दिखी खुशी की लहर, सराहनीय पहल

# कैदियों को कराया पवित्र गंगाजल मिले पानी से स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला जेल में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से लाए गए पवित्र गंगाजल से जेल में बंद समस्त बंदियों को सामूहिक गंगा स्नान कराया गया। इस आयोजन से जेल के बंदियों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक शासन के दिशा निर्देश में प्रदेश के समस्त जेल में बंद बंदियों को महाकुंभ के पवित्र गंगाजल से स्नान कराने की व्यवस्था की गई है। इसी के तहत रायगढ़ जिला जेल में भी धार्मिक मर्यादाओं का पालन करते हुए बंदियों को पूजा-अर्चना करने का भी अवसर दिया। जिसके पश्चात जेल प्रशासन के द्वारा प्रयागराज से लाये गए दो लीटर गंगाजल को जेल के पानी टंकी में डालकर सभी को गंगा स्नान कराया गया। इस सामूहिक स्नान के बाद कैदियों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम खुद प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में नहीं जा पाते लेकिन शासन की पहल से हमें यहीं गंगा स्नान करने का सौभाग्य मिल गया। रायगढ़ जिला जेल अधीक्षक एस शोभारानी ने बताया कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से वंचित समस्त बंदियों को राज्य शासन के द्वारा व्यवस्था करके गंगा स्नान कराया गया। इसकी तैयारियां हमारे यहां पूर्व से कर ली गई थी। जिसके तहत आज प्रातः 8 बजे पूजा अर्चना पश्चात बंदियों को गंगा स्नान कराया गया। इस आयोजन में 660 बंदियों ने हिस्सा लिया। गंगा स्नान करने के बाद सभी बंदियों में खुशी की लहर है। उन्होंने यह भी बताया कि महाकुंभ स्नान का विशेष महत्व है और इसे मोक्ष की कामना से जोड़ा जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य बंदियों को आध्यात्मिक शांति और पुण्य अर्जित करने का अवसर प्रदान करना था। जेल में इस तरह के आयोजनों से जेल में बंद बंदियों में सुधार की उम्मीदें भी जताई जा रही है।

# भगवान शिव के विवाह उत्सव पर बारात आज

## महाशिव रात्रि पर्व पर सजे शिवालय



**जबलपुर। महाशिवरात्रि पर्व पर, बन रहे कई खास योग, इन चार शुभ मुहूर्त में अभिषेक कर भोलेनाथ को करें प्रसन्न महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। इस साल भोले बाबा का महापर्व महाशिवरात्रि 26 फरवरी को फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रियोदशी तिथि को मनाई जाएगी। इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन विशेष रूप से शिवयोग और सिद्धि योग रहेगा। नक्षत्र श्रवण रहेगा। भगवान शिव के महापर्व को लेकर शहर के शिव मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं, महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन शिवलिंग का पंचोपचार पूजन और रात्रि जागरण विशेष फलदायी होता है। इस दिन भगवान शिव की आराधना कई गुना अधिक फल देती है। मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से युवतियों को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि भगवान शिव का विवाह उत्सव हैं। देवाधिदेव महादेव भोलेशंकर का महापर्व शिवरात्रि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रियोदशी तिथि आज बुधवार 26 फरवरी को नगर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर नगर के शिव मंदिरों, देवालयों में विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।**

### जगमग रोशनी से सजे शिवालय

आकर्षक विद्युत साज सज्जा से नहाए शिवमंदिरों में शिवरात्रि पर्व पर सुबह से लेकर देर रात तक भक्तजनों का जनसैलाब उमड़ेगा। मंदिरों में अभिषेक, पूजन के साथ भजन, कीर्तन का भी दौर चलेगा। कचनार सिटी विजय नगर स्थित बड़े महादेव मंदिर में स्थापित भगवान शिव की भव्य एवं विशालकाय प्रतिमा के समक्ष आज श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ जुटेगी। भरतीपुर स्थित शिव पार्वती मंदिर से विगत कई वर्षों से निकाली जा रही शिव पार्वती बारात इस साल भी सायंकाल अनेक झांकियों सहित धूम-धाम के साथ निकाली जाएगी। इसी तरह गौरीघाट स्थित साकेत धाम, बड़ा फुहारा स्थित शिव मंदिर, गंजीपुरा शिवमंदिर के अलावा नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में आज शिवरात्रि पर दिन भर भक्तों की भीड़ जुटेगी। घरों में श्रद्धालुजन दिन भर का व्रत रखकर भोलेनाथ का पूजन, अभिषेक करेंगे।

### शिव पूजन के अनेक रूप

ज्योतिषाचार्य पं. पीएल गौतमाचार्य के अनुसार शास्त्रों में शिव पूजन के अनेक रूपों की व्यवस्था की गई है। अलग-अलग कामनाओं के आधार पर इनका पूजन विधान भी वर्णित किया गया है परंतु पार्थिव शिवलिंग पूजन का अपना अलग महत्व है। हाथ की लकीरें बदलती हैं शिवलिंग निर्माण में। इस कारण अनेक भक्त मिट्टी के शंकरजी स्वयं बनाते हैं। माना जाता है कि शिवलिंग बनाने में हाथ की दुर्भाग्य रेखायें सौभाग्य रेखा में बदलती हैं।

### ऐसे करें पूजन

ज्योतिषाचार्य पं.पीएल गौतमाचार्य ने ईएमएस को बताया कि इस व्रत में रात्रि जागरण व पूजन का बड़ा ही महत्व है, इसलिए सायंकाल स्नानादि से निवृत्त होकर वैदिक मंत्रों द्वारा प्रत्येक पहर में पूर्व या उत्तराभिमुख होकर रूद्रभिषेक करना चाहिए। इसके बाद सुगंधित पुष्प, गंध, चंदन, विल्व पत्र, धतूरा, धूपदीप, भांग, नैवेद्य द्वारा रात्रि के चारों पहर में पूजा करनी चाहिए। घर, शिवालयों में भी पहर में करते हुए ओम् नमः शिवाय का जप करना चाहिए।

### भूत-प्रेत, घोड़े-हाथी सब बनेंगे बाराती

इस अवसर पर परम्परानुसार शिव-पार्वती मंदिर भरतीपुर से सायंकाल भगवान भोलेनाथ की आकर्षक बारात निकाली जाएगी। बारात में भूत-प्रेत, घोड़े-हाथी और अन्य बाराती भी शामिल होंगे। भगवान की मनमोहक झांकियां बारात में प्रस्तुत की जाएंगी। श्रीशिव पार्वती प्राचीन सिद्ध मंदिर अखण्ड मानस महायज्ञ सेवा समिति के तत्वावधान में सायं 6 बजे भरतीपुर सोनकर (खटीक) समाज द्वारा शिव पार्वती शोभायात्रा (बारात) जुलूस शिव पार्वती मंदिर भरतीपुर से धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा में विभिन्न झांकिया आकर्षण का केन्द्र होंगी। शोभायात्रा भरतीपुर से ओमती, तुलराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, कोतवाली, मिलौनीगंज, हनुमानताल, भानलैया, धमापुर चौक, लकड़गंज, दर्शन चौक होते हुए शिव पार्वती मंदिर भरतीपुर पहुंचेगी जहां भगवान शिव-पार्वती का विवाह संपन्न होगा।

### जगह-जगह भंडारे आयोजित

महाशिवरात्रि पर्व पर जगह-जगह भंडारों के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। नगर के अति प्राचीन शिवालय स्वयं सिद्ध पीठ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, पिंपलेश्वर महादेव मंदिर, कचनार सिटी के बड़े शंकर जी, सिद्धेश्वर महादेव जिलहरीघाट, बड़े शिवालय गंजीपुरा और बड़े महावीर मंदिर, में स्थित शिवालयों में आज महाशिवरात्रि के मेले का आयोजन भी होगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचेंगे। गुप्तेश्वर में भगवान का अद्भुत श्रंगार किया जाएगा, वहीं बड़े शिवालय कचनार सिटी में 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने मेला भरेगा। बड़े महावीर फुहारे के पास शिवालय में बाबा अमरनाथ की झांकी भी सजाई जाएगी।

### शिव पंचायतन मंदिर में चारों पहर का अभिषेक आज

नर्मदा तट गौरीघाट स्थित हजारों वर्ष प्राचीन शिव पंचायतन मंदिर में 26 फरवरी बुधवार को शाम 7 बजे से चार पहर का अभिषेक होगा, जो सुबह तक चलेगा। महाअभिषेक पूजन प्रसिद्ध यज्ञाचार्य, भागवत कथा वाचक पंडित राधेश्याम शर्मा शास्त्री के निर्देशन में 11 विप्र पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा, मंदिर व्यवस्था के सदस्य संदीप जैन, अभिषेक तिवारी, अजीत श्रीवास्तव, अभिषेक उसरेठे, विजय यादव, ओंकार दुबे, विवेक शर्मा आदि ने समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### प्रमुख मंदिरों में उमड़ेगी भीड़

महाशिवरात्रि पर शहर के प्रमुख मंदिर शिव मंदिर कचार सिटी, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, रामेश्वरम् महादेव मंदिर साकेतधाम ग्वारीघाट मंदिर, गैबी नाथ मंदिर पिसनहारी मढ़िया, सर्वमंगला गौरीशंकर मंदिर मिल्क स्कीम, शाहनाला शिव मंदिर, सहित अन्य शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ेगी। महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत शिव मंदिर कचनार सिटी में आज से अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ हो गया है। सुबह भगवान शिव के रुद्राभिषेक के बाद राम दरबार का पूजन-अर्चन किया गया। इसके साथ ही साकेत धाम गौरीघाट एवं प्रज्ञाधाम कटंगी में भी शिवरात्रि महोत्सव के तहत विभिन्न अनुष्ठान हो रहे हैं। इसके साथ ही गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भी अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### प्रज्ञा धाम कटंगी में महाशिवरात्रि कुंभ महोत्सव

प्रज्ञा साई लोक कल्याण न्यास श्रीपारदेश्वर ज्योतिर्लिंग सेवा समिति कटंगी के तत्वावधान में 14वें पारदेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव की आराधना हेतु महाशिवरात्रि कुंभ मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें अष्टप्रहर रुद्राभिषेक एवं महा आरती का आयोजन 26 फरवरी को प्रातः से रात्रि तक किया जाएगा।प्रज्ञाधाम के प्रबंधक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि प्रज्ञापीठाधीश्वर साध्वी विभानंद गिरी के सानिध्य में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रातः 9:00 बजे से गोद भराई, 11:00 बजे अनुष्ठान एवं झांकियां, दोपहर 12:00 बजे से शाम तक फलाहारी भंडारा होगा। दोपहर 2:00 बजे से दुर्गा चौक बजरिया से मंगलमय शिव बारात विविध झांकियां के साथ निकाली जाएगी।

# वीयू का दीक्षांत समारोह 28 को

## 1 हजार 29 विद्यार्थियों को मिलेगी उपाधि



**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (वीयू) का दीक्षांत समारोह 28 फरवरी शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे से विश्वविद्यालय प्रांगण में कुलाधिपति राज्यपाल महामहिम डॉ.मंगूभाई पटेल के मुख्यआतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल, विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहेंगे। इस आशय की जानकरी वीयू के कुलगुरु प्रो.डॉ.मनदीप शर्मा ने यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि सातवें दीक्षांत समारोह में भाषण डॉ बी एन त्रिपाठी कुलगुरु शेरे कश्मीर एग्रीकल्चर एंड साइंस विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाएगा। इस सातवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 21- 22, 22-23 तथा 23- 24 के कुल 1029 छात्राओं को उपाधि प्रदान किया जाना है। जिसमें बी वी एस सी के 678 ,एम बी एस सी के 229, पी एच डी 34, बी एफ सी के 76, एम एफ एस सी के 12 , 12 स्वर्ण पदक,3 पीएचडी योग्यता प्रमाण पत्र शामिल है। साथ ही आर वी सी कोर में चयनित पूर्व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। वीयू के कुलगुरु मनदीप शर्मा दीक्षांत भाषण देंगे। इस अवसर पर कुल सचिव डॉक्टर एसएस तोमर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर सोना दुबे, बालक दास राजपूत आदि उपस्थित रहे।



# नगर निगम में हुई जनसुनवाई

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई की गई। इस दौरान भवन शाखा की 2, अतिक्रमण की 3, लोककर्म की 3, उद्यान की 1, स्वास्थ्य की 2, जल की 1, कुल 13 जनसमस्याएं प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं।

# महाशिवरात्रि एवं रमजान पर व्यवस्थाओं की मांग

## नेता प्रतिपक्ष ने निगमायुक्त को सौंपा पत्र

**जबलपुर।** महाशिवरात्रि और रमजान पर्व के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने निगमायुक्त को पत्र सौंपा, जिसमें मांग की गई है कि महाशिवरात्रि पर आज मंदिरों में पूजन अर्चन करने वालों की भीड़ रहेगी। इस महापर्व को दृष्टिगत रखते हुये शहर के शिव मंदिरों के आस-पास विशेष साफ-सफाई, चूने की लाईन, कीटनाशकों का छिड़काव, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था की जाए। इसी प्रकार आगामी 01 मार्च से मुस्लिम पर्व रमजान का महीना प्रारंभ होने वाला है लिहाजा मस्जिदों एवं दरगाहों के आस-पास विशेष साफ-सफाई, चूने की लाईन, कीटनाशक दवाओं को छिड़काव एवं पहुंच मार्ग तक प्रकाश की व्यवस्था की जाए।

### विशेष बैठक का स्मरण पत्र सौंपा


नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि कांग्रेस पार्षद दल द्वारा जबलपुर शहर के ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा करने नगर पालिक निगम अधिनियम के धारा 30 के तहत बैठक आहूत करने अध्यक्ष को प्रथम स्मरण पत्र दिया है । आगे यह भी कहा कि धारा 30 के बिन्दुओं पर यथा शीघ्र बैठक आहूत की जाये और विषयों पर सम्पूर्ण चर्चा कराई जाये।

# डीजे का शोर मचा रहा वाहन जब्त

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने शादी समारोह में बिना अनुमति के वाहन में डीजे सिस्टम तेज आवाज में ध्वनि विस्तारित करते चल रहे वाहन को डीजे सहित जब्त कर लिया हैं। डीजे ऑपरेटर और वाहन चालक को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कोलाहल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधारताल पुलिस थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि शनि मंदिर के सामने न्यू रामनगर अधारताल में गत रात लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड आर 3466 में लोड डीजे साउंड बॉक्स, फोकस लाईट वाहन चालक न्यू रामनगर संजीवनीनगर निवासी 34 वर्षीय गुलाम मोईनुद्दीन अंसारी और अमखेरा रोड बस्ती नम्बर 1 निवासी 32 वर्षीय डीजे ऑपरेटर नीरज कोष्टा एक शादी समारोह में बिना रुके तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे।

# त्याग, तपस्या से विकारों को जीता जाता है : मुनिश्री सम्भव सागरजी

**जबलपुर।** वर्णी गुरुकुल में मुनि श्री निर्यापक क्षमण के आशीर्वाद सानिध्य मे 1008 भगबान मुनि सुब्रत नाथ जी का मोक्ष कल्याणक निर्वाण महा मस्तिकाभिषेक के साथ समपन्न हुआ महाराज श्री ने मुनि सुब्रत के जीवन के सूत्र को त्याग तपस्या के द्वारा मोह माया विकारों को भस्म किया जाना संभव है । अन्यथा संसार परिभ्रमण बना रहेगा आचार्य श्री के चरणों की छतरी बनाने हेतु संस्था के अध्यक्ष महामंत्री राजकुमार लल्ला संजय कश्मीर अजित कुमार सिंगरौली उत्तम चंद्र शोभा जैन, की स्वीकृति प्राप्त हुई ! मस्तकाभिषेक शांतिधारा के पात्रों का चयन सत्येंद्र कुमार सिवनी, आयुष शैलेंद्र जैन श्री अजय प्राची जैन मदन आशा जैन निर्माण लाडू सौरव अभय चंद्रभान जैन संजय विद्यावाई जी ने समर्पित किया ब्र.जिनेश भैया जी, ब्र. महेश भैया ब्र.नरेश भैया जी द्वारा पूजन भक्ति संपन्न कराई एवं संगीतकार शुभम जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया आभार पारस जैन ने व्यक्त किया।आज आचार्य श्री विद्यासागर शिष्या 16 आर्यिकाओं का पिसनहारि तीर्थ क्षेत्र में आगमन हुआ! वर्णी गुरुकुल छात्रों द्वारा एवं वर्णी मार्केट के नवयुवकों द्वारा भव्य अगवानी हुई महिला मंडल द्वारा आरती घटयात्रा कलशों से शोभायात्रा संपन्न हुई ।



# जिला पंचायत सीईओ ने किया केंद्रीयकृत किचन शेड का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत कटंगी रोड माढ़ोताल में संचालित केंद्रीयकृत किचन शेड का जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा किचिन शेड के स्टाफ, स्टोर रूम एवं संबंधित अभिलेखों का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत की मध्याह्न भोजन की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में आये 116 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर दीपक सक्सेना को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 116 आवेदन दिये। जिसमें 80 नये आवेदन हैं तथा 36 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, लड़ाई झगड़ा, अवैध कब्जा हटाने, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी निकासी, नलजल योजना, संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि भुगतान करने, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इसके अलावा कलेक्टर श्री सक्सेना ने पुराने 25 आवेदनों की सुनवाई की। जिसमें संजीवनी नगर उद्यान में अतिक्रमण हटाने, नाली का पानी रोके जाने, अवैध निर्माण, सेवा निवृत्त उपरांत समयमान-वेतनमान, जब्ती सामग्री वापस दिलाने, पट्टे का नवीनीकरण, प्लाट पर अवैध कब्जा, सड़क पर अतिक्रमण, सीमांकन, खसरा की प्रति उपलब्ध कराने, नक्शा बटांकन, राजस्व प्रकरण की नकल प्रदाय करने आदि से संबंधित थे। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह आज कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बुधवार 26 फरवर को शहर में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह बुधवार की दोहपर 1 बजे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव में, दोपहर 1.30 बजे पुराना बस स्टेंड नवभारत प्रेस के सामने महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारा के कार्यक्रम में, शाम 4 बजे शास्त्री नगर सीताराम परिसर स्थित राम मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में एवं शाम 4.30 बजे अवनि विहार शास्त्री नगर में नर्मदेश्वर महादेव संग आदिशक्ति पार्वती जी की बारात में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री शाम 5.30 बजे युनिवर्सिटी रोड पचपेड़ी स्थित कांच का शिव मंदिर में आयोजित महाशिवरात्रि उत्सव, शाम 6 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर यादव मोहल्ला रामपुर में शिवजी की बारात, शाम 6.30 बजे खाटू श्याम मंदिर अहीर मोहल्ला गुरूद्वारा के पास गोरखपुर में भव्य शिव बारात, शाम 7.30 बजे भरतीपुर शिव मंदिर में शिव बारात में, रात 8.30 बजे सिविक सेंटर बंगलामुखी मंदिर के सामने शिवजी की बारात के स्वागत कार्यक्रम में तथा रात 9 बजे साकेतधाम ग्वारीघाट में श्री रामेश्वरम महादेव 21वें पाटोत्सव में शामिल होंगे।

# विधायक के आव्हान पर कार्यकर्ताओं ने किया परीक्षार्थियों का अभिनंदन


**जबलपुर।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा में विधायक डॉ अभिलाष पांडे के निर्देश पर मंगलवार से शुरू हुए 12 वी बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों को उत्तर मध्य विधानसभा के पांचों मंडल अंतर्गत आने वाले परीक्षा केंद्रों में जाकर परीक्षार्थियों का अभिनन्दन किया।विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूर्ण आत्मविश्वास, धैर्य और पूरी क्षमता के साथ इस परीक्षा रूपी महोत्सव में सहभागिता करें. परीक्षा को अपनी दिनचर्या का एक सहज हिस्सा मानकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आचार्य विद्यासागर मंडल में हितकारिणी विद्यालय दीक्षितपुरा, कुशाभाउ ठाकरे मंडल में गोविंदगंज शासकीय शाला, दीनदयाल मंडल में डी एन जैन विद्यालय,चंद्रशेखर आजाद मंडल में समदरिया विद्यालय, विवेकानंद मंडल एम एल बी कन्या शाला में तिलक लगाकर परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला, शानू दुबे,अमित जैन,स वप्निल श्रीवास्तव, सनी सोनकर आदि की उपस्थिति रही।




# राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आगमन 27 को

**जबलपुर।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल गुरूवार 27 फरवरी को दो दिवसीय प्रवास पर जबलपुर आ रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री पटेल का गुरूवार 27 फरवरी को भरौला, उमरिया से हेलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 3.15 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। राज्यपाल डुमना एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस पहुचेंगे। सर्किट हाउस में आपका समय आरक्षित रहेगा तथा वे रात्रि विश्राम भी सर्किट हाउस में ही करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल जबलपुर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार 28 फरवरी को सुबह 11.25 बजे सर्किट हाउस से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। आप सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे तथा इसके तुरंत बाद सर्किट हाउस के लिए रवाना होंगे। राज्यपाल दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस से डुमना एयरपोर्ट के लिए तथा दोपहर 1.55 बजे डुमना एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./0710/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमति राजेश कुमार कुशवाहा पिता/पति हेमचंद कुशवाहा निवासी 63 होली चौक सदर बजार, जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10 नं. ब. 505 ख.नं. 438/1 रकबा 1.0890 हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र/ फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 72 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/02/2025 को जारी।
जारी दिनांक-21/02/2025
पेशी दिनांक-07/03/2025
मुद्रा
अतिरिक्त तहसीलदार रांझी एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी, जबलपुर



# आगे खिसकी 'द डिप्लोमैट' की रिलीज डेट...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का दमदार ट्रेलर भी जारी किया गया था, जिसके बाद दर्शकों के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साह बढ़ गया, लेकिन अब उन्हें फिल्म की रिलीज के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि 'द डिप्लोमैट' अब तय समय पर रिलीज नहीं होगी। फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। अब यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं।

लाइफ Style



# सामंथा
## लव लाइफ को रखेंगी प्राइवेट

एजेंसी ▸▸| मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने तकरीबन एक साल के बाद फिल्म इंडस्ट्री में दोबारा कदम रखा है। वह मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही थीं। 'सिटाडेल' फिल्म की एक्ट्रेस ने फिल्म में लौटने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया है कि यह उनका पहला प्यार है।

सामंथा रुथ प्रभु ने एक इंटरव्यू में अपने आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि वह जल्द ही 'बंगाराम' फिल्म से बतौर फिल्म निर्माता डेब्यू करने वाली हैं। उन्होंने बताया है कि 'रक्त ब्रह्मांड' सीरीज को भी प्रोड्यूस करने वाली हैं। यह सीरीज अभी प्रोडक्शन फेज में है। सामंथा रुथ प्रभु ने बताया 'मुझे जल्द ही रक्त ब्रह्मांड को खत्म करके दूसरी फिल्मों का काम पूरा करना है, जो अगले महीने में रिलीज होने वाली हैं। एक या दो महीने में बहुत काम हैं जो खत्म करने हैं।' उन्होंने फिल्मों को लेकर अपने प्यार के बारे में बताया है। मुझे लगता है कि फिल्मों से मेरी दूरी अब खत्म हो चुकी। यह मेरा पहला प्यार है। सामांथा रुथ प्रभु को पिछली बार 'सिटाडेल: हनी बनी' में वरुण धवन के साथ देखा गया था। फिल्म का निर्देशन राज डीके ने किया था। सामंथा रुथ प्रभु ने इंटरव्यू में बताया है कि अपनी लव लाइफ को बहुत प्राइवेट रखेंगी। उन्होंने कहा कि 'सामांथा सिंगल हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं दोबारा अपनी लव लाइफ के बारे में किसी से बात करूंगी। ये मेरी जिंदगी का हिस्सा है, मैंने इसे बहुत ही निजी रखने के बारे में सोचा है। मैं इसके बारे में दोबारा बात नहीं करूंगी।'

हॉलीवुड मसाला



# अब भारत में धूम मचाने तैयार

**लॉस एंजिल्स।** 'द ब्रूटलिस्ट' अब भारत में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 28 फरवरी को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ब्रैडी कॉर्बेट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एड्रियन ब्रॉडी, फेलिसिटी जोन्स, गाइ पीयर्स, जो अल्विन, राफे कैसिडी, स्टेसी मार्टिन, इसाक डी बैंकोले और एलेसेंड्रो निवोला जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं। कहानी लास्जलो टोथ (एड्रियन ब्रॉडी) की है, जो एक दूरदर्शी वास्तुकार है, जो युद्ध के बाद के यूरोप से भाग जाता है और अपने जीवन, अपने काम और अपनी पत्नी एर्जबेट (फेलिसिटी जोन्स) के साथ अपने विवाह को फिर से बनाने के लिए अमेरिका आता है।



# ऑस्कर में परफॉर्म करेंगी एरियाना ग्रांडे

**लॉस एंजिल्स।** 97वें ऑस्कर अवॉर्ड में हॉलीवुड इंडस्ट्री के बड़े सितारे अपना परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं। विकेड फिल्म के चर्चित कलाकार एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो स्टेज पर अपना परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। वैराइटी के अनुसार, एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो के साथ लिसा की भी प्रस्तुति होने वाली है। लिसा को 'ब्लैकपिंक' ग्रुप पॉप के साथ 'द व्हाइट लोटस' में उनकी हालिया भूमिका के लिए जानी जाती हैं। वैराइटी की न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने लॉस एंजिल्स मास्टर चोरेल की विशेष उपस्थिति की भी घोषणा की गई है। ऑस्कर समारोह का आयोजन 2 मार्च 2025 को होगा। भारतीय समयानुसार ऑस्कर अवॉर्ड इस साल 3 मार्च 2025 को सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक प्रसारित होगा।



# हनी सिंह ने मेरा करा दिया कमबैक...

**नई दिल्ली।** हाल ही में सिंगर, रैपर हनी सिंह ने अपना एक नया गाना रिलीज किया है, इस गाने में एक्ट्रेस ईशा गुप्ता नजर आ रही हैं। हनी के गाने में ईशा के डांस की खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने भी इस गाने पर बात की। इसे अपने करियर के लिए काफी खास बताया। पैपराजी से बात करते हुए एक्ट्रेस ईशा ने हनी सिंह की तारीफ की है। वह मानती हैं कि हनी के गाने में तहलका मचाया हुआ है। अचानक एक पैपराजी ईशा को कहता है कि आपने तो हनी सिंह का कमबैक करवा दिया। इस पर ईशा कहती हैं कि अरे नहीं, ऐसा नहीं। बल्कि, हनी सिंह ने मेरा कमबैक करवाया। हनी सिंह और ईशा गुप्ता वाले जिस गाने की चर्चा इन दिनों सोशल मीडिया पर हो रही है, उसकी खास बात ये हैं इसमें एक भोजपुरी सिंगर को भी रैपर ने गाने का मौका दिया है।



# 37 साल बाद तलाक लेंगे गोविंदा-सुनीता

**नई दिल्ली।** गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने कथित तौर पर अलग होने का फैसला किया है। इन दोनों ने यह फैसला शादी के 37 साल बाद लिया है। गोविंदा और सुनीता आहूजा अक्सर एक साथ कई शोज में साथ नजर आते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बॉलीवुड का यह कपल बीते कुछ वक्त से एक-दूसरे से अलग रह रहा है। कथित तौर पर बताया जा रहा है कि गोविंदा और सुनीता आहूजा की अलग-अलग लाइफ स्टाइल ने उनके बीच दूरियां पैदा कर दी हैं। गोविंदा और सुनीता आहूजा पिछले कुछ समय से अलग रह रहा है। अभी तक, न तो गोविंदा और न ही सुनीता आहूजा ने तलाक की अफवाहों पर कोई आधिकारिक बयान दिया है। बॉलीवुड नाउ के मुताबिक, गोविंदा का एक मराठी एक्ट्रेस के साथ कथित संबंध तलाक का कारण बना है।

टीवी मसाला



# एआई के गलत इस्तेमाल से परेशान हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लेटेस्ट एपिसोड में शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने एआई पर बात की। अमिताभ ने 'केबीसी 16' के कंटेस्टेंट प्रियांशु से कहा, "मेरा अभी तक एआई के साथ जो परिचय हुआ है, वो गलत ही हुआ है। लोग मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर न जाने क्या-क्या बना देते हैं और लिपसिंक कर देते हैं। फिर आम जनता को लगता है कि ये असल में मैं हूं।' बिग बी यहीं नहीं रुके। उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया। बिग बी ने आगे कहा, एक बार, अफ्रीका से मेरे एक प्रशंसक ने मुझे एक तस्वीर भेजी। बता दूं, मैं उनसे आज तक कभी नहीं मिला। उन्होंने जो तस्वीर भेजी उस तस्वीर में मैं कहीं बैठकर कंप्यूटर पर टाइप कर रहा था। मैंने उससे पूछा कि तुम्हें यह तस्वीर कहां से मिली। उसने कहा कि वह मेरा गाना सुन रहा था और एआई की मदद से ये तस्वीर बना रहा था। वो तस्वीर बिल्कुल रियल लग रही थी। क्या यह संभव है? इस पर प्रियांशु कहते हैं, 'हां! आजकल डीपफेक की मदद से ये हो रहा है। प्रियांशु ने बिग बी को बताया कि वह आईआईटी में हैं। उन्होंने कहा, एक बार मैंने सोचा था कि डीपफेक का कोर्स करूं, लेकिन इसका सिलेबस देखने के बाद मैंने हाथ जोड़ लिए। बता दें, प्रियांशु 25 लाख रुपए के सवाल तक पहुंचे थे। हालांकि, उन्हें उस सवाल का जवाब नहीं पता था। ऐसे में उन्होंने क्विट कर दिया और 12,50,000 रुपए लेकर चले गए।

## फराह ने उड़ाया गौरव की बीमारी का मजाक

**नई दिल्ली।** अनुपमा शो के स्टार गौरव खन्ना इन दिनों शो सेलिब्रिटी मास्टर शेफ इंडिया में नजर आ रहे हैं जहां वह खूब कुकिंग भी करते हैं। शो में जज के तौर पर फराह खान नजर आती हैं। गौरव को कलर ब्लाइंडनेस की दिक्कत है और वह पहले एक इंटरव्यू में कई साल पहले बता चुके हैं। अब हाल ही में शो के दौरान फराह, गौरव को कुछ ऐसा बोल देती हैं कि सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है और उन्हें काफी इंसेसिटिव बता रहे हैं। दरअसल, हाल ही में एक एपिसोड के दौरान सभी सेलेब्स को फराह का फेमस रोस्ट चिकन बनाने को बोला जाता है। सभी को फराह का रोस्ट चिकन टेस्ट करने को कहा गया, लेकिन क्योंकि गौरव वेजिटेरियन हैं तो वह टेस्ट नहीं करते और दूसरों से फ्लेवर के बारे में पूछते हैं। इसके बाद वह डिश बना देते हैं, लेकिन प्रेजेंटेशन में उन्हें दिक्कत आती है।



# 'पठान' के सीक्वल में शाहरुख-दीपिका

तपन बक्सी ▸▸| मुंबई


हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी! 2023 में आई हाई-वोल्टेज स्पाई एक्शन एडवेंचर फिल्म 'पठान' से शाहरुख खान ने अपने कॅरियर में जबरदस्त वापसी की थी। इस फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अब उसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का सीक्वल लेकर आ रही है यशराज फिल्म्स। 'पठान 2' की स्क्रिप्ट लिखने का काम पूरा हो चुका है और फिलहाल डायलॉग्स को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सबसे बड़ी खबर यह है कि इस साल ही फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तारीख तय हो चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली इस फिल्म के मुख्य कलाकार इसके सीक्वल में भी बने रहेंगे। यानी हमें फिर से पठान के रूप में शाहरुख खान, रुबीना के रूप में दीपिका पादुकोण,और कर्नल सुनील लूथरा के किरदार में आशुतोष राणा नजर आएंगे। स्क्रिप्ट राइटर अब्बास टायरवाला ने बताया चूंकि 'पठान' की तरह 'पठान 2' में भी तालियों और सीटी बजाने लायक डायलॉग्स होंगे, इसलिए उन्हें और बेहतर बनाने का काम चल रहा है ताकि दर्शकों पर जबरदस्त असर पड़े। हिंदी सिनेमा के दर्शकों को याद होगा कि 2023 में रिलीज हुई शाहरुख और दीपिका की फिल्म "पठान" ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक नया इतिहास रचा था। इस समय शाहरुख खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी के तहत, सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में "किंग" फिल्म की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी अभिनय कर रही हैं। यह फिल्म 2026 के मध्य में रिलीज होने वाली है। यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स में पहले भी कैटरीना कैफ को जोया के रूप में टाइगर फ्रेंचाइज़ी में दोहराया गया था। इस सीरीज़ की एक था टाइगर , टाइगर जिंदा है और अन्य फिल्मों ने शानदार सफलता हासिल की।



# 'शिवाय' से लेकर 'ब्रह्मास्त्र' तक भगवान शिव को समर्पित हैं ये फिल्में

**नई दिल्ली। आज** (26 फरवरी) को देशभर में महाशिवरात्रि मनाई जा रही है। इस खास मौके पर हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भगवान शिव को समर्पित हैं।

**शिवाय** : शिवाय फिल्म में अजय देवगन ने एक माउंटेनियर का रोल निभाया था, जिसका नाम शिवाय होता है। फिल्म में उन्होंने भगवान शिव के चरित्र को दिखाने को कोशिश की थी। दिलचस्प बात ये है कि अजय देवगन ने अपनी सीने में भगवान शिव का टैटू भी बनवाया है।








**केदारनाथ** : सारा अली खान और सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म केदारनाथ को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। इस मूवी की कहानी पूरी तरह से केदारनाथ मंदिर के ईर्द गिर्द घूमती हैं, जहां पर भगवान शिव की मूर्ति स्थापित है।

**बाहुबली** : एसएस राजामौली की 'बाहुबली' का सीन एक सीन तो याद होगा, जिसमें प्रभास भारी-भरकम शिवलिंग को उठाकर अपने कंधे पर उठा लेते हैं और फिर उसे झरने के नीचे रख देते हैं। ये बाहुबली फिल्म का सबसे पॉपुलर सीन है।

**सैटेलाइट शंकर** : सूरज पंचोली की फिल्म सैटेलाइट शंकर भी काफी चर्चा में रही। ये मूवी भी भगवान शिव से कनेक्टेड है। इसकी कहानी भगवान शिव के बारे में बहुत कुछ बयां करती है।

**ब्रह्मास्त्र** : अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'ब्रह्मास्त्र' में रणबीर कपूर ने शिवा का किरदार निभाया था, जिसके कुछ खास शक्तियां हैं। इस फिल्म का लोगो साल 2019 में महाशिवरात्रि के मौके पर प्रयागराज के कुंभ मेले से लॉन्च किया गया था।

## जैसे शिव कथा अनंत है वैसे ही फिल्मों में शिव और शिव संबंधित गीत हैं अनंत

# महाशिवरात्रि : जय-जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...

*__मुंबई।__ हिन्दी सिने प्रेमियों को सबसे पहले याद आएगा गाना, 'जय जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...'। जैसे शिव कथा अनंत है वैसे ही फिल्मों में शिव और शिव संबंधित अनंत गीत हैं। शिवरात्रि मतलब भगवान शिव! जो एक साथ सृजनकर्ता और विध्वंसकर्ता दोनों हैं। शिव मतलब महादेव, मतलब त्रिनेत्र, त्रिलोकी, मतलब नृत्य, मतलब तांडव। तांडव मतलब सब नष्ट-भ्रष्ट कर देने को उद्धत। मतलब जो जीर्ण-शीर्ण को नष्ट कर नए के लिए स्थान बनाए और लास्य करे। शिव मतलब रहस्य! जिसे समझना आसान नहीं है, पर जिसकी आराधना की जाती है, पूजा की जाती है। जब भारत में बनी फिल्मों की बात आती है तो भला हम शिव को कैसे भूल सकते हैं? और जब शिव और उनसे जुड़ी बातों की चर्चा फिल्म में होती है, तो बनारस यानी काशी अनायास चली आती है। चाहे सत्यजित राय हों अथवा ऋतुपर्ण घोष, बनारस के आकर्षण से बच नहीं पाते हैं। लेकिन, जब सिने-गीतों में शिव और शिव से जुड़ी फिल्मों-गीतों की बात आती है, तो कान में सबसे पहले गूंजने लगता है, 'ओम शिवो अहम, शिवो अहम...' और आंख के सामने 2009 में बनी तमिल फिल्म 'नान कडावुल' (अहम ब्रह्मास्मि) का नायक आर्या और उसका शक्तिशाली अभिनय और नृत्य घूमने लगता है।*

### तमिल फिल्म 'नान कडावुल' और काशी

फिल्म के निर्देशक हैं, प्रसिद्ध बाला, उन्होंने इसे जगमोहन के तमिल उपन्यास 'एषामउलगम' (सातवीं दुनिया) पर आधारित किया है। जगमोहन ने ही 'नान कडावुल' के संवाद लिखे हैं। हिन्दी संवाद स्वरूप श्रीनिवास ने तैयार किए हैं। मगर दाद देनी होगी नायक और कोरियोग्राफर (जिसका नाम मुझे मिला नहीं) की। इस फिल्म में जब रुद्रन का पिता उसे काशी में छोड़ कर चला जाता है, तो वह अघोरी के रूप में बड़ा होता है। मगर जब परिवार उसे वापस लाता है तो उसके लिए सांसारिक जीवन में एडजस्ट होना कठिन होता है। पूरी फिल्म में 7 गाने हैं जिनका संगीत दक्षिण के प्रसिद्ध संगीतकार इलैईराजा ने दिया है। ओम शिवो अहम, शिवो अहम...' गीत विजय प्रकाश और वाली ने लिखा है। सिनेमाटोग्राफ़र हैं, आर्दर ए. विल्सन। विभिन्न 9 पुरस्कारों से सजी यह फिल्म देखनी बनती है।




### मलयालम की फिल्म सोलो

यदि शिव से जुड़ी फिल्म देखनी है तो मलयालम के प्रसिद्ध और खूबसूरत अभिनेता दुल्खर सुल्तान तथा निर्देशक बिजय नम्बियार की फिल्म 'सोलो'देखें। फिल्म एक एंथॉलॉजी है जो चार भिन्न लोगों की कहानी कहती है। चारों में नायक दुल्खर सलमान ही हैं। कहानी चार विभिन्न तत्वों: क्षिति, जल, पावक, समीर के इर्द-गिर्द घूमती है। स्क्रीनप्ले भी विजय नम्बियार का है तथा संवाद कार्तिक आर. अय्यर के हैं। और सिनेमाटोग्राफ़र हैं सेजल शाह, मधु नीलकंठन तथा गिरीश गंगाधरन।



### शोले फिल्म की यादें आज भी ताजा

शोले फिल्म के संवादों ने एक नया इतिहास कायम किया। इससे पहले फिल्म के संवाद के कैसेट शायद ही बिके, शायद ही खरीदे और बजाए जाते थे। एक-एक संवाद लोगों को जबानी याद हो गया था। अब जब संवादों की बात हो रही है तो भुलक्कड़, चुलबुली हेमामालिनी यानि बसंती का वो डॉयलॉग याद करें जब उसे मंदिर जाना था लेकिन डाकिए का चश्मा देने वह इमाम साहब के यहां चली आती है और थोड़ी बकबक करने के बाद उसे मंदिर की याद आती है। तांगेवाली पूजा की थाली लिए मंदिर पहुंचती है। वह मौसी के कहे पर सोमवार के सोमवार शिवजी के मंदिर में माथा टेकने पहुंचती है, ताकि ऐसा पति मिले कि दुनिया जले। मगर उसके नंदी (शिव की सवारी) को माथा टेकने से पहले धर्मेंद्र विशाल शिव मूर्ति के पीछे पहुंच कर शिवजी के रूप में कन्या को संबोधित कर बताता है कि उसके होने वाले पति का नाम वीरू है।




### शिव के इर्द-गिर्द हिन्दी सिनेमा

हिन्दी सिने प्रेमियों को सबसे पहले याद आएगा गाना, 'जय जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...'। शिव की बात हो और भांग न घुटे यह कैसे हो सकता है, सो यहां फिल्म 'आपकी कसम' में एक जमाने के सर्वप्रिय अभिनेता राजेश खन्ना और फिल्म की नायिका मुमताज ने भांग चढ़ा ली है। खूबसूरत हिमालय और उसकी वादी में फिल्माया गया यह गीत खूब चला और आज भी बराबर सुनाई देता है। 1974 में बनी यह फिल्म निर्देशक जे. ओम प्रकाश की पहली फिल्म थी। इसमें राजेश खन्ना, मुमताज के अलावा संजीव कुमार, रहमान, असरानी तथा ए. के. हंगलने भी काम किया है। संगीत आर. डी. बर्मन का है और उन्हें इस फिल्म केलिए फिल्मफेयर नामांकन मिला था। गीतकार आनंद बख्शी का रचा यह गीत उस साल बिनाका गीतमाला की वार्षिक सूची में दूसरे नंबर पर रहा।

# भारत से हार के बाद पाक टीम में भूचाल, कोच की होगी छुट्टी, सेलेक्टर्स भी नहीं बचेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पाकिस्तान की शर्मनाक विदाई के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा। भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार हार के बाद अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद और उनके सपोर्ट स्टाफ को हटाने की संभावना जताई जा रही। आकिब जावेद को 2024 के अंत में अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद व्हाइट और रेड बॉल दोनों फॉर्मेट की जिम्मेदारी संभाली थी। हालांकि, उनके कार्यकाल में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और रणनीतिक स्पष्टता की कमी नजर आई।

### चयन समिति पर भी गिरेगी गाज

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस पर मंथन कर रहे हैं कि क्या वर्तमान सेलेक्टर्स को बरकरार रखा जाए। टीम सेलेक्शन में मनमानी और लंबी सोच की कमी के लिए चयनकर्ताओं की आलोचना हो रही है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा,'बोर्ड को जबरदस्त आलोचना का सामना करना पड़ रहा और बदलाव अब अनिवार्य हो गए हैं। हमें स्थायी और दीर्घकालिक योजना की जरूरत है, न कि बार-बार परिवर्तन करने की।

### बड़े मैचों में खरी नहीं उतरी टीम

बाबर आज़म, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद रिज़वान जैसे सितारों से सजी पाकिस्तान टीम बड़े मैचों में उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। भारत के खिलाफ 6 विकेट की हार टीम के लिए बड़ा झटका थी। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन की हार ने उनके अभियान को पूरी तरह खत्म कर दिया।



### पूर्व क्रिकेटरों ने भी की जमकर आलोचना

पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम, शोएब अख्तर, वकार यूनुस ने टीम की रणनीति और प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टीम दबाव वाले मैचों में ढीली मानसिकता और गलत शॉट चयन के कारण पिछड़ रही। 'पाकिस्तान क्रिकेट खराब निर्णय लेने के चक्र में फंसा हुआ है। कोचिंग सेटअप को पूरी तरह बदलने की जरूरत है। हम अस्थायी समाधान के साथ आगे नहीं बढ़ सकते।'

### आकिब की जगह इनके नाम चल रहे आगे

आकिब जावेद की विदाई लगभग तय मानी जा रही और पीसीबी घरेलू कोच की ओर रुख कर सकता। विदेशी कोच को बनाए रखने में बोर्ड को हाल के सालों में दिक्कतें आई हैं, इसलिए इस बार स्थानीय उम्मीदवारों पर जोर दिया जा सकता। संभावित उम्मीदवारों में मिस्बाह-उल-हक, मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक का नाम सामने आ रहा है। पीसीबी भारतीय और इंग्लैंड की तर्ज पर टेस्ट और सीमित ओवरों के लिए अलग-अलग कोच रखने पर भी विचार कर रहा है।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : ब्रायडन कार्स बचे हुए टूर्नामेंट से हुए बाहर, रेहान अहमद को मिला मौका



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को अपने अगले मैच में 26 फरवरी को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम से भिड़ना है।इस अहम मैच से पहले इंग्लिश टीम के लिए बुरी खबर है। दरअसल, इंग्लिश तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

**रेहान अहमद को मिला मौका**

क्रिकइंफो के मुताबिक, कार्स बाएं पैर की चोट के कारण सोमवार को इंग्लैंड के ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हो पाए थे। दिलचस्प रूप से वह इसी चोट के कारण भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी 2 मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं थे। उनकी जगह पर रेहान अहमद को टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि इंग्लैंड को अपने आखिरी ग्रुप मैच में 1 मार्च को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना है ।

**इंग्लैंड को अपने पहले मैच में मिली थी शिकस्त**

इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पहले मैच में हार मिली थी। लाहौर में हुए मैच में इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के बड़े शतक की मदद से 351/8 का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में कंगारू टीम ने जोस इंग्लिस के शतक की बदौलत 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया।

---

## खबर संक्षेप




### युकी-पोपिरिन ने दुनिया की नंबर एक जोड़ी को हराया

**दुबई।** भारत के युकी भांबरी और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सी पोपिरिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल के राउंड 16 मैच में मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविक की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को हरा दिया। पहला सेट हारने के बाद भांबरी और पोपिरिन ने शानदार वापसी करते हुए एल साल्वाडोर और क्रोएशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी को 4-6, 7-6(1), 10-3 से हराया।

### रणजी ट्रॉफी : विदर्भ का केरल पर पलड़ा भारी

**नागपुर।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों के शानदार फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण पूर्व चैंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ बुधवार से नागपुर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है। केरल की टीम ने क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर को उसने केवल एक रन से हराया जबकि सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी में दो रन की मामूली बढ़त के आधार पर वह फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।



### पाक के लिए भारत की 'बी' टीम को हराना मुश्किल होगा: गावस्कर

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के एक दिन बाद भी पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना हो रही है और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि उनको दूसरी श्रेणी की भारतीय टीम को हराने में भी संघर्ष करना पड़ेगा। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंचने वाले भारत ने रविवार को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन पाकिस्तान को छह विकेट से हराते हुए अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा कायम रखा। गावस्कर ने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत की 'बी' टीम भी निश्चित रूप से पाकिस्तान को कड़ी टक्कर दे सकती है।



### मैथ्यू मोट दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कोच मैथ्यू मोट को मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स का सहायक कोच नियुक्त किया गया। 51 वर्षीय मोट भारत के पूर्व क्रिकेटर हेमंग बदानी के सहायक होंगे जिन्हें पिछले साल अक्टूबर में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। मोट क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव और गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल के साथ दिल्ली कैपिटल्स के सहयोगी स्टाफ में शामिल होंगे।

---

मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से होगा शुरू

# अपने पहले मैच हार चुकी अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच आज होगी कश्मकश जंग

एजेंसी ▶▶| लाहौर

इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 8वें मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का सामना इंग्लैंड क्रिकेट टीम से 26 फरवरी को लाहौर में होगा। ग्रुप-बी में मौजूद इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार मिली थी। ऐसे में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम रहने वाला है। इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला यह मैच 26 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### इंग्लैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ जीते हैं 2 वनडे

वनडे प्रारूप में अब तक दोनों टीमें कुल 3 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 2 में इंग्लैंड को जीत मिली और 1 मैच को अफगानिस्तान ने अपने नाम किया था। आखिरी बार ये दोनों टीमें वनडे विश्व कप 2023 में आपस में भिड़ी थी, उस मैच को अफगानिस्तान ने 69 रन से जीता था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वो विश्व कप का मुकाबला खेला गया था।




**अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी इंग्लिश टीम**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स चोट के कारण बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इंग्लैंड के गेंदबाज पिछले मैच में 352 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके थे। इंग्लिश टीम अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन चाहेगी।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

डकेट ने अपने पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 143 गेंदों पर 165 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी इस शतकीय पारी में 17 चौके और 3 छक्के लगाए थे। रूट ने भी पिछले मैच में अर्धशतक लगाकर अच्छी फॉर्म के संकेत दिए हैं। अफगानिस्तान के मध्यक्रम के बल्लेबाज रहमत शाह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 9 चौकों और 1 छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली थी।

### संभावित टीमें

**अफगानिस्तान एकादशः** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फजलहक फारूकी और नूर अहमद।

**इंग्लैंड एकादशः** फिलिप साल्ट, बेन डकेट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जो रूट, हैरी ब्रूक, जोस बटलर (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जोफ्रा आर्चर, रेहान अहमद, आदिल राशिद और मार्क वुड।

---

दोनों टीमों की बढ़ीं मुश्किलें

# बारिश की भेंट चढ़ा दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया मैच



एजेंसी ▶▶| लाहौर

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच रावलपिंडी में लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। अंपायर भारतीय समयनुसार 5 बजकर 40 मिनट पर बाहर आए और लगभग पांच मिनट तक ग्राउंडस्टाफ से बात की और उन्होंने फिर इसके बाद मैच रद्द कर दिया। दोनों टीमों को अब एक-एक अंक से संतोष करना पड़ेगा।

**दोनों ही टीमों की मुश्किलें बढ़ीं**

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका का यह मुकाबला रद्द होने से दोनों ही टीमों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऑस्ट्रेलिया का अंतिम ग्रुप मैच शुक्रवार 28 फरवरी को लाहौर में अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ है। वहीं दक्षिण अफ्रीका शनिवार को कराची में इंग्लैंड से खेलेगा। अब ये मैच तय करेंगे कि ग्रुप बी से कौन सेमीफ़ाइनल में पहुंचेगा। फैंस इन मुकाबलों का इंतजार बेसब्री के साथ कर रहे हैं।

### अफगानिस्तान और इंग्लैंड मैच पर भी खतरा

अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ़्रीका के खिलाफ़ अपने शुरुआती मैच हार गईं। अफगानिस्तान और इंग्लैंड मुकाबले पर भी सकंट के बाद हैं। अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच मैच न होने की मांग की जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि इंग्लैंड को अफ़गानिस्तान में तालिबान की कार्रवाइयों के जवाब में मैच का बहिष्कार करना चाहिए। लगातार हो रही बारिश और गीले मैदान के चलते इस मैच में टॉस भी संभव नहीं हो पाया।

---

# अगर कप्तानी का मौका मिला तो केकेआर की अगुआई करने तैयारः वेंकटेश अय्यर


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का कहना है कि अगर उन्हें आईपीएल 2025 में मौका मिला तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है।

गत चैंपियन केकेआर ने अभी तक अपने कप्तान की घोषणा नहीं की है। टीम इस सत्र के शुरुआती मैच में ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से भिड़ेगी। केकेआर ने पिछले सत्र मे श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था लेकिन उन्हें बड़ी नीलामी में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया और बाद में अपना कप्तान बना दिया।

### अब तक सभी मैच केकेआर के लिए खेले

बता दें कि वर्ष 2021 में केकेआर में शामिल हुए वेंकटेश को पिछले साल की नीलामी से पहले टीम ने छोड़ दिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ नीलामी में कड़ी टक्कर के बाद 23.75 करोड़ रुपये में वापस खरीद लिया गया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 51 आईपीएल मैच में 1,326 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने सभी आईपीएल मैच नाइट राइडर्स के लिए खेले हैं।




### कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है : अय्यर

वेंकटेश ने कहा, ''निश्चित रूप से, मैं तैयार हूं। मैंने हमेशा यह कहा है कि कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है। मैं नेतृत्व में विश्वास करता हूं। एक नेतृत्वकर्ता होने के नाते यह एक बड़ी भूमिका है।'' उन्होंने कहा, ''इस बारे में कोई अस्पष्टता नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगा। ऐसा नहीं करने का कोई कारण नहीं है।'' वेंकटेश ने कहा कि कप्तान को अच्छा आदर्श बनकर उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है।

### प्राग मास्टर्स जीतने के प्रबल दावेदार प्रज्ञानानंदा

एजेंसीः प्राग (चेक गणराज्य)। टाटा स्टील मास्टर्स में रोमांचक जीत के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा बुधवार से यहां शुरू होने वाले प्राग मास्टर्स में जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेंगे। टाटा स्टील मास्टर्स में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को कड़ी टक्कर दी थी और अब वह इस टूर्नामेंट में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेंगे।

### पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमले का खतरा

*दुबई। पाकिस्तान में इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमला होने का खतरा मंडराना शुरू हो गया है। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के दौरान पाकिस्तान में आतंकी हमला करने की योजना बना रहा है। विदेशियों को अगवा करने की भी योजना सामने आई है। हालांकि, अभी तक आतंकी हमले का कोई विश्वसनीय स्रोत या पुख्ता साजिश सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत की खुफिया एजेंसियों को भी अपने विदेशी समकक्षों से इस संबंध में जानकारी मिली है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने तो हमले की सूचना के बाद अलर्ट जारी कर दिया है। बता दें कि इस्लामिक स्टेट खुरासन प्रांत सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक क्षेत्रीय शाखा है जो दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है। इस संगठन ने पहले भी कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है।*

**पाकिस्तान में अभी खेले जाने हैं 7 मैच-** पाकिस्तान में अभी चैंपियंस ट्रॉफी के तहत एक सेमीफाइनल सहित कुल 7 मुकाबले खेले जाने हैं। इनमें 3 मैच रावलपिंडी, 3 लाहौर और एक कराची में खेला जाएगा। इन मैचों में बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें खेलेंगी। इस बीच आतंकी हमले की सूचना ने पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**निविदा सूचना(2nd Call)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2024-25/37/ पी.आर.ओ/591 दिनांक 25/02/2025 | Supply, Installation, Testing & Commissioning of Highmast at Agrasen Tiraha Jabalpur | 03 माह एवं 445756.00 | 2000.00 एवं 4458.00 | 12/03/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम, जबलपुर

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उपक्रम

जबलपुर अंचल कार्यालयः राईट टाउन,
जबलपुर फोनः 0761-2480065, 67, 68
शाखा - मण्डला

**स्वर्ण आभूषण की नीलामी**

नीचे उल्लिखित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में देयता का भुगतान करने में विफल रहे हैं। पंजीकृत डाक द्वारा उन्हें भेजे गए नोटिस बैंक को बिना वितरित किए वापस आ गए हैं। इसलिए उनसे अनुरोध है कि वे देयता और अन्य शुल्कों का भुगतान करें और 26/03/2025 को या उससे पहले गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को भुनाएँ, ऐसा न करने पर उक्त प्रतिभूतियों को बैंक द्वारा उधारकर्ता की कीमत पर बैंक परिसर में 27/03/2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे के बीच सार्वजनिक नीलामी में बेचा जाएगा या उसके बाद बैंक के पूर्ण विवेक पर बिना किसी और सूचना के किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर बेचा जाएगा। सोने के आभूषणों की खरीद में रुचि रखने वाले पक्ष नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| SN | उधारकर्ता का नाम और पता | खाता नंबर | शाखा का नाम | आभूषणों का विवरण (कुल वजन ग्राम में) | शुद्धता (कैरेट) | नीलामी की तिथि | कुल बकाया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुष्यन्त कुशवाह | 60504368929 | मंडला | चेन-1 नग (10.20 ग्राम) | 22 | 27-03-2025 | Rs 48000/- + ब्याज |

नीलामी की शर्तें-
1. सोने की गुणवत्ता और विशिष्टताओं के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं है। सोने की नीलामी "जैसा है, वैसा ही" स्थिति में की जा रही है, जिसका जोखिम उधारकर्ता और क्रेता दोनों को उठाना होगा।
2. नीलाम किए जाने वाले प्रस्तावित सोने का निरीक्षण 26/03/2025 को कार्यालय समय के दौरान संबंधित शाखाओं में शाखा प्रबंधक/प्रभारी अधिकारी की उपस्थिति में किया जा सकता है।
3. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. सफल बोलीदाता को अंतिम बोली राशि पर लागू दर के अनुसार जीएसटी देना होगा।
5. सार्वजनिक नीलामी में भाग लेने के इच्छुक पक्षों को बैंक ऑफ महाराष्ट्र की उपरोक्त शाखाओं में 26/03/2025 को दोपहर 03.00 बजे या उससे पहले 10000/- रुपये की वापसी योग्य जमा राशि जमा करनी चाहिए और रसीद प्राप्त करनी चाहिए।
6. सोने की सार्वजनिक नीलामी 27/03/2025 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे के बीच उपर्युक्त शाखाओं में होगी।

Date : 26/02/2025
Authorised Officer, Bank of Maharashtra

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला - रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक - 668/ ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 **निविदा सूचना** रीवा, दिनांक 24-02-2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनाक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_404840_1 24.02.2025 (FIRST CALL) 462/24.02.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक - 03 में काया-कल्प - 2.0 योजना के तहत दीनदयाल कालोनी में प्रभा पाण्डेय जी के घर के पास नाला ढकाई (कवर) व आर.सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य । | 03 माह रू. 11.68 लाख | रू. 2000.00 रू. 8760.00 | 26/03/2025 18:00 बजे तक |
| 2 | 2025_UAD_404841_1 24.02.2025 (FIRST CALL) 463/24.02.2025 | जोन क्रमांक - 01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-03 में काया-कल्प 2.0 योजना के तहत दुर्गा नगर पड़रा में मकोली कोरी जी के घर से बाबू जी के घर तक आर.सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य । | 03 माह रू. 18.50 लाख | रू. 2000.00 रू. 13875.00 | 26/03/2025 18:00 बजे तक |
| 3 | 2025_UAD_404842_1 24.02.2025 (FIRST CALL) 464/24.02.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक- 05 में काया-कल्प - 2.0 योजना के तहत असरफ सिद्दीकी जी के घर से रियाज अंसारी जी के घर तक एवं हमीदिया मस्जिद तक आर. सी. सी. नाली एवं सड़क निर्माण कार्य। | 04 माह रू. 31.50 लाख | रू. 5000.00 रू. 23625.00 | 26/03/2025 18:00 बजे तक |
| 4 | 2025_UAD_404843_1 24.02.2025 (FIRST CALL) 465/24.02.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-35. में काया-कल्प-2.0 योजना के तहत हबीब खान जी के घर से सोनी जी के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 06 माह रू. 68.24 लाख | रू. 10000.00 रू. 51180.00 | 26/03/2025 18:00 बजे तक |
| 5 | 2025_UAD_404844_1 24.02.2025 (FIRST CALL) 466/24.02.20251 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक - 36 में काया-कल्प-2.0 योजना के तहत पुरानी सिटी कोतवाली से वेधड़क जी के घर से सुखसदन तक सी.सी. नाली निर्माण एवं पेवर ब्लाक से सड़क चौड़ीकरण का कार्य। | 04 माह रू. 37.11 लाख | रू. 5000.00 रू. 27833.00 | 26/03/2025 18:00 बजे तक |
| 6 | 2025_UAD_404845_1 24.02.2025 (FIRST CALL) 467/24.02.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-38 में काया-कल्प-2.0 योजना के तहत संतोष सोनी जी के घर से सुरजीत राणा जी एवं अजीत गलाई जी के घर तक सीमेन्ट कंक्रीट सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 03 माह रू. 12.48 लाख | रू. 2000.00 रू. 9360.00 | 26/03/2025 18:00 बजे तक |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (जोन क्र. 01)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

▶ भटौली की 350 हेक्टेयर भूमि में होना है निर्माण

# इन्क्यूबेशन सिटी का मामला अधर में लटका...

## राजनैतिक इच्छाशक्ति का अभाव बन रहा है मुसीबत

संजय साहू

**जबलपुर।** जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023 में एक नई इन्क्यूबेशन सिटी (टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर) बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। इस प्रोजेक्ट से शहर एंव आसपास के हजारों लोगों को रोजगार मिल सकता था परंतु राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी के चलते प्रोजेक्ट आज भी अधर में लटका हुआ है। दरअसल भटौली की लगभग 332 हेक्टेयर भूमि में बनने टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक कलस्टर के लिए मई 2023 केंद्र सरकार से आए प्रतिनिधियों को स्मार्ट सिटी के अधिकारियों द्वारा प्रेजेंटेशन भी दिया था।

उल्लेखनीय है कि जबलपुर में केंद्र सरकार की 4-5 परियोजनाऐं ऐसी हैं कि यह अमल में आ जाएं तो सम्पूर्ण महाकौशल का भाग्य बदल सकती हैं। केंद्र सरकार द्वारा 200 करोड़ रूपये की लागत से रिछाइ इंडस्ट्रीयल एरिया में बनने वाला टेक्नोलॉजी सेंटर है, जिसमें उद्योग विभाग द्वारा 21 एकड़ जमीन भी आवंटित कर दी है। परंतु जबलपुर का दुर्भाग्य है कि यह प्रोजेक्ट अभी तक अधर में लटका हुआ है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से स्किल्ड मैन पावर की समस्या से जूझ रही इंडस्ट्रियों को बहुत लाभ मिलता एवं बेरोजगारों की रोजगार की समस्या दूर हो जाती। इसी प्रकार इन्क्यूबेशन सिटी का मामला भी अधर में लटका हुआ नजर आ रहा है। इस परियोजना की प्रस्तावित कुल लागत 3727.16 करोड़ रूपये है।




### रोजगार होते सृजित

बताया जाता है कि इन्क्यूबेशन सिटी योजना का उद्देश्य यह था कि इससे शहर ही नहीं बल्कि आसपास के जिले के बेरोजगारों भी लाभान्वित होते। इस योजना को 332 हेक्टेयर भूमि में बनना था, जिसमें 123 हेक्टेयर भूमि शासकीय है वहीं 209 हेक्टेयर भूमि निजी चिन्हित की गई थी। टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक कलस्टर में लगभग 10 हजार रोजगार सृजित होते जिसका लाभ भी स्थानीय लोगों को मिलता।

### 257 इकाइयां कर रही काम

गौरतलब है कि पूर्व से ही जबलपुर में टेक्सटाइल योजना में रेडीमेड गारमेंट और एम्ब्रायडरी की 257 इकाइयां काम कर रही हैं। इस योजना में लगभग 5 हजार श्रमिक कार्यरत हैं। जबलपुर का रेडीमेड उद्योग पूरे भारत में प्रसिद्ध हो चुका है। यहां से निर्मित होकर सलवार सूट, शर्ट, एवं अन्य रेडीमेड गारमेंट देश के कोने-कोने में जा रहे हैं। अगर इन्क्यूबेशन सिटी बन जाती तो आज हालात कुछ और होते एवं यहां का रेडीमेड वस्त्र पूरे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी निर्यात होने लगता।

### मई 2023 में दिया था प्रजेंटेशन- रवि राव

स्मार्ट सिटी के प्रशासनिक अधिकारी रवि राव ने बताया कि 15 वें वित्त आयोग के इन्क्यूबेशन ऑफ 8 न्यू सिटी (ग्रीन फील्ड सिटी) के तहत जबलपुर के भटौली में टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक कलस्टर का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया है, लगभग 1 हजार करोड़ रूपये का अनुदान केंद्र सरकार से आना है, वहीं परियोजना का बाकी का पैसा पीपीपी मॉडल के तहत जुटाया जाएगा। वर्ष 2023 में इसका प्रेजेंटेशन भी दिया गया था, केंद्र की यह पूरी योजना है, अब कहां तक कार्य पहुंचा ये सरकार ही बता पाएगी।

---


हिंदी के पर्चे के साथ परीक्षाएं शुरू, कल से 10वीं के एग्जाम

# कड़ी सुरक्षा के बीच 12वीं की परीक्षा का आगाज

हरिभूमि जबलपुर।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल कक्षा बारहवीं की परीक्षा 25 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ हुई, पहले दिन छात्र-छात्राओं ने हिंदी का पर्चा हल किया। पर्चा अपेक्षाकृत सरल होने से परीक्षार्थी टेंशन में नजर नहीं आये। अधिकांश परीक्षार्थियों ने परीक्षा समय से पूर्व हल कर दिया था। पहले दिन कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना। उड़नदस्तों ने लगातार परीक्षा केन्द्रों में दबिश दी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बीईओ (विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी) मोर्चा संभाले हुये हैं। परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया। कक्षा दसवीं की परीक्षा कल 27 फरवरी गुरुवार से प्रारंभ होगी।

जिला परीक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले में बनाये गये 103 परीक्षा केन्द्रों में लगभग कुल 19 हजार 295 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमे नियमित के रूप में 17 हजार 691 परीक्षार्थी तथा स्वाध्यायी के रूप में 1 हजार 604 परीक्षार्थी शामिल हुए। शासकीय परीक्षा केन्द्रों की संख्या 69 एवं अशासकीय परीक्षा केन्द्रों की संख्या 35 हैं । परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु 103 केन्द्राध्यक्ष एवं 103 सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं।



### 247 बच्चें रहे अनुपस्थित

जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। प्रश्नपत्र मे शहर के 211 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 247 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन एप के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।

### कोई नकल प्रकरण नहीं बना

परीक्षा के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो के परीक्षा केंद्र बेलखाडू एवं कन्या कटंगी का निरीक्षण किया गया, दोनों केंद्रों मे परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से चलती हुई पायी गयी। किसी भी केंद्र पर नक़ल प्रकरण नहीं बना।निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी भी साथ मे थे।

### उड़नदस्तों ने किया निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के नेतृत्व मे गठित दल के द्वारा शास मॉडल स्कूल, समदड़यि पब्लिक स्कूल ग्रीन सिटी, पीएम श्री शास उमावि बेलखाड़ू, सीएम राइज विद्यालय कन्या कटंगी, शा बालक उमावि कटंगी, पीएम श्री शास उमावि नुनसर का निरिक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल पंकज मिश्रा के दल के द्वारा सीएम राइज विद्यालय अधारताल एवं स्प्रिंग डे विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी रघुवीर सिंह मरावी के द्वारा जवाहर नगर विद्यालय, एम डी बंगाली एवं शा मॉडल स्कूल का निरिक्षण किया गया। एसडीएम कुण्डम के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय कुण्डम, शा कन्या विद्यालय कुण्डम का निरीक्षण किया गया। एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह के द्वारा सीएम राइज विद्यालय पाटन, ओंकार नामदेव विद्यालय पाटन एवं शा कन्या शाला पाटन का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के द्वितीय दल द्वारा शा कन्या शाला व्योहारबाग, शा उमावि पिपरिया उमरिया, शा उमावि पड़रिया, शा बालक कुण्डम, शा कन्या कुण्डम का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा विकासखंड स्तर पर सहायक संचालक शिक्षा बीईओ के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।

---

कल और परसों परिवर्तित मार्ग से चलायी जाएगी

# पमरे से चलने वाली 1 दर्जन ट्रेनें प्रभावित

महाकुंभ के दौरान चल रही स्पेशल ट्रेनों की वजह से ट्रेनों का शेड्यूल गड़बड़ा गया है। आज महाकुंभ मेले के समापन के बाद कल से यात्रियों की वापसी होगी। लिहाजा पश्चिम मध्य रेलवे से गुजरने वाली एक दर्जन ट्रेनें प्रभावित हुई हैं जिन्हें परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 12165 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस 27 एवं 28 फरवरी को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी। 12166 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 28 से 01 मार्च को अपने परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी। 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, काशी एक्सप्रेस 27 से 28 फरवरी को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी होकर गंतव्य को जाएगी। 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, काशी एक्सप्रेस 28 से 01 मार्च को अपने परिवर्तित मार्ग वाया बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी।



11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर, पवन एक्सप्रेस दिनाँक 27 से 28 फरवरी को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी।

11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस,पवन एक्सप्रेस दिनाँक 27 से 28 फरवरी को अपने परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी।

11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 27 से 28 फरवरी को अपने परिवर्तित मार्ग वाया बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-जौनपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी।

11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 28 से 1 मार्च को अपने परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना होकर गंतव्य को जाएगी।

18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस दिनाँक 27 फरवरी को अपने परिवर्तित मार्ग वाया सतना-ओहन-बाँदा-कानपुर सेंट्रल-गोरखपुर होकर गंतव्य को जाएगी।

11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनाँक 27 फरवरी को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी।

12294 प्रयागराज जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस दुरंतो एक्सप्रेस दिनाँक 01 मार्च को प्रयागराज से प्रारम्भ होकर अपने परिवर्तित मार्ग वाया भीमसेन-खैरार-ओहन-सतना होकर गंतव्य को जाएगी।

---

## हुक्का बार में पुलिस का छापा


**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस ने रामपुर चौक के पास फोरेस्ट कैफे में अवैध रुप से हुक्का पिलवा रहे एक कैफे संचालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कांच व स्टील का पट, पाईप, फ्रूट फ्लेवर, क्लाउड कुकर और नगद 500 रुपए जब्त किए है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि संजयनगर बड़पुरा अधारताल निवासी 35 वर्षीय कैफे संचालक पायलेट नामदेव गत रात रामपुर चौक के पास स्थित अपने फोरेस्ट कैफे में अवैध रुप से नाबालिग लड़कों को हुक्का पिलवा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी कैफे संचालक पायलट नामदेव को गिरफ्तार कर लिया, वहीं नाबालिग लड़कों को समझाईश देकर छोड़ दिया गया। आरोपी के पास हुक्का बार चलाने का लायसेंस नहीं था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक कांच और स्टील जैसी धातु का पट, रबड़ की पाईप, लोहे की पाईप, फ्रूट फ्लेवर से भरा हुआ एक सिलिकन की पाईप, मैजिक कोयला से भरा हुआ एक क्लाउड कुकर एवं हुक्का पिलवाने पर मिले नगद 500 रूपये जब्त करते हुए आरोपी कैफे संचालक के विरूद्ध धारा 271 भारतीय न्याय संहिता के तहत तथा 4, 21, 24 सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई हैं।

---

*याचिका में पटवारी सहित अन्य की भूमिका पर उठाए गए हैं सवाल*

# हाई कोर्ट ने खसरे व रकबे से छेड़छाड़ के आरोप पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने खसरे व रकबे से छेड़छाड़ के आरोप पर राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने मामले की अगली सुनवाई मार्च के पहले सप्ताह में नियत की है। प्रकरण में पटवारी की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं।



याचिकाकर्ता गोराबाजार निवासी अधिवक्ता विकास महावर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे व गुंचा रसूल ने पक्ष रखा। उन्होने तर्क दिए कि मौजा कजरवारा तहसील रांझी में स्थित भूमि खसरा नंबर-37 रकबा 0.1210 हेक्टेयर जमीन के भूस्वामी नंदकिशोर महावर व याचिकाकर्ता के पिता हेमराज महावर है। यह भूमि उनकी पैतृक संपत्ति है। विगत 82 वर्षों से निर्विवादित रही है। वे उस पर शांतिपूर्ण रूप से काबिज रहे हैं। वर्ष 2019 में उक्त प्लाट से लगी जमीन पर प्लाटिंग की गई। याचिका में आरोप है कि याचिकाकर्ता की जमीन से लगी जमीन का एक प्लाट सदर निवासी विक्रम अमर ने खरीदा और फिर आवेदक की 270 वर्ग फिट भूमि हड़पने के उद्देश्य से रातों-रात उस पर कब्जा कर शेड लगाया गया। सीमांकन विवाद के दौरान याचिकाकर्ता के खसरे और रकबे में पटवारी द्वारा छेड़छाड़ की गई, ताकि इस फर्जी प्रविष्टि का अवैध इस्तेमाल अनावेदक विक्रम अमर एवं अन्य द्वारा जिला सिविल कोर्ट जबलपुर में याचिकाकर्ता से संबंधित भूमि को विवादग्रस्त किया जा सके। इस संबंध में संबंधितों को की गई शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने पर याचिका दायर की गई।

---

## तोड़फोड़ करने पर आठ-आठ माह का कारावास

**जबलपुर।** जिला अदालत ने तोड़फोड़ करने के आरोपित बरेला निवासी सरदार कुलवंत सिंह व सरदार अनमोल सिंह को दोषसिद्ध करार दिया। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मनमोहन सिंह कौरव की अदालत ने आरोपितों को आठ-आठ माह के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कल्पना मुवेल ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि भगवानदास नामक व्यक्ति ने बरेला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। बताया था कि आरोपितों ने उसकी भूमि की तार फेंसिंग व खंबे उखाड़ दिए थे। इस वजह से 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ था। मना करने पर गाली-गलौच शुरू कर दी थी। जान से मारने की धमकी तक दी गई।

---

कोर्ट ने जुर्माना भी लगाया

# मंगलसूत्र छीनने वाले को पांच साल की सजा

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायालय ने महिला का मंगलसूत्र छीनकर भागने के आरोपित गोहलपुर निवासी विक्की उर्फ विकास राजपूत को लूट का दोषी ठहराया। कोर्ट ने इसे पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी संगीता सिंह परिहार ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि 7 अप्रैल, 2022 को शिकायतकर्ता महिला त्रिमूर्ति नगर दर्शन करने गई थी। वहां से वापस लौटते समय आरोपित स्कूटी पर आया और गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर भाग गया। शिकायतकर्ता ने उसका चेहरा देख लिया था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था।



---

नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाडा मामले में हाईकोर्ट का निर्देश

# अपात्र नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने वाले अधिकारियों की सूची पेश करो

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामले में अपात्र नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने वाले अधिकारियों की सूची पेश करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी तथा जस्टिस ए के पालीवाल की डिवीजन बेंच ने सरकार को निर्देश दिए कि वर्ष 2018 से उन अधिकारियों की सूची प्रस्तुत की जाए, जिनके कार्यकाल में अपात्र संस्थाओं को मान्यता दी गई। ताकि दोषी अधिकारियों पर व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी तय की जा सके। कोर्ट ने अगली सुनवाई 6 मार्च को नियत की है।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की तरफ से दायर याचिका में प्रदेश में फर्जी नर्सिंग कॉलेज संचालित किये जाने को चुनौती दी गयी है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पूर्व में पुलिस आयुक्त भोपाल तथा साइबर सेल प्रभारी को आदेशित किया था कि एमपीएनआरसी कार्यालय से 13 से 19 दिसम्बर के बीच की



सीसीटीवी फुटेज को पुनः प्राप्त करने सभी संभावित प्रयास करें। तत्कालीन रजिस्ट्रार के फोन लोकेशन की भी जानकारी प्राप्त करें,जिससे कार्यालय में भौतिक उपस्थित सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच करें,जिससे यह स्पष्ट हो सके की अपराधियों ने क्या-क्या चुराया है।

पिछली सुनवाई के दौरान साइबर सेल भोपाल की तरफ से जानकारी पेश की गई थी कि डिलिट फुटेज की रिक्वरी के लिए केन्द्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला बरखेड़ा, भोपाल को पत्र लिखा गया है। इसके अलावा क्षेत्र में स्थित बैंक के लगे कैमरों की सीसीटीव्ही फुटेज मांगी गई है।

सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान साइबर क्राइम भोपाल की तरफ से बताया गया कि केन्द्रीय प्रयोगशाला के निदेशक ने सूचित किया है कि विचाराधीन जांच पूरी होने की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती। बेंच ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी निदेशक का उक्त जवाब उनकी उदासीन एवं लापरवाही पूर्ण प्रतिक्रिया को दर्शाता है। इस प्रकार का दृष्टिकोण अत्यंत घृणित है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) भोपाल द्वारा प्रस्तुत सामग्री पर निदेशक प्रयोगशाला ध्यान देते हुए कार्यवाही पूर्ण कर अगली सुनवाई के पूर्व रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं करने पर उन्हें उन्हें अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना होगा। सरकार को निर्देशित किया कि वर्ष 2018 से निदेशक चिकित्सा शिक्षा, रजिस्ट्रार एमपीएनआरसी, आईएनसी और एमपीएमएसयू के पदाधिकारियों और परिषद के उन सदस्यों के नाम की चार्ट सूची पेष करें जो मान्यता की प्रक्रिया शामिल थे। जिससे दोषी अधिकारियों पर व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी तय की जा सके,जिन्होंने अनुपयुक्त नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी थी। जिन्हे सीबीआई की रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने अयोग्य घोषित कर दिया था। इसके अलावा बेंच ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाये कि अधिकारी बिना समय बर्बाद किए न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में परीक्षा का परिणाम घोषित करें। ऐसा नहीं करने पर न्यायालय के निर्देश का उल्लंघन करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि पूर्व रजिस्ट्रार अनीता चंद को निलंबित कर दिया गया है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आलोक बागरेजा ने पैरवी की।

---

## लाइनमैन की करंट से मौत पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** जिले के टिटलानी गांव में 11 केवी विद्युत लाइन की मरम्मत करते समय एक 42 वर्षीय ठेका मजदूर लाइन मैन की गत दिन करंट लगने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। विद्युत लाइन की मरम्मत करने के लिए खंभे पर चढ़ने पर बिजली सुधारने के दौरान अचानक बिजली चालू हो जाने से मजदूर लाइन मैन की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी की एकलपीठ जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, म.प्र. पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लि. के सीएमडी से मामले की जांच कराकर, मृतक के उत्तराधिकारियों को कंपनी/शासन की योजना अनुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि तथा दुर्घटना के समय अपेक्षित सुरक्षा उपायों/उपकरणों की व्यवस्था में की गई उपेक्षा के लिये उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही के संबंध में प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240